ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

रणदीप हुडा ने गर्लफ्रेंड लिन से ... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 01 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-45 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर अब सुनवाई सात को

**मेदिनीनगर।** बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पलामू में प्रस्तावित कार्यक्रम के मामले में सात दिसंबर को फिर सुनवाई होगी। कार्यक्रम को अनुमति देने संबधित याचिका पर गुरूवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने हनुमंत कथा आयोजन समिति के सचिव दीनानाथ प्रसाद को संशोधन पिटीशन दाखिल करने की अनुमति दे दी। जिस पर सुनवाई सात दिसंबर को होगा। मालूम हो कि पूर्व में मेदिनीनगर में 10 से 12 दिसंबर तक बाबा बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम को खनवा में कराने की अनुमति सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने दी थी। जिसे बाद में डीसी ने रद्द कर दिया है। कार्यक्रम की अनुमति मिलने में हो रहे विलंब के बाद समिति ने न्यायालय की शरण ली है। इस प्रस्तावित कार्यक्रम की मुख्य संयोजक मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरूणा शंकर हैं।

### राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आज

**रांची।** झारखंड राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजभवन से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम एक दिसम्बर को नागालैंड राज्य स्थापना दिवस पर होगा। इसके तहत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। इस दौरान कुछ विशिष्ट लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम में झारखंड में रह रहे नागालैंड के लोगों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है। राजभवन नागालैंड के ऐसे लोगों की तलाश में है, जो झारखंड में रहते हुए इसके विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे जो भी लोग राजभवन में एक दिसम्बर को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं, वे राजभवन के विशेष कार्य पदाधिकारी रोहित सिंह से संपर्क कर सकते हैं।

### संसदीय कार्य मंत्री ने शीतकालीन सत्र से पहले 2 दिसंबर को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे संसद पुस्तकालय भवन, नई दिल्ली में होगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर को शुरू होगा और सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं के अधीन, सत्र 22 दिसंबर को समाप्त हो सकता है। 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी। गौरतलब है कि सामान्य तौर पर सर्वदलीय बैठक सत्र शुरू होने से एक दिन पहले ही बुलाने का चलन रहा है लेकिन इस बार तीन दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना होने के कारण इस बार बैठक दो दिसंबर को बुलाई गई है।

### एम्स से मिली छुट्टी, आज विमान से वापस आयेंगे मजदूर



**रांची।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल से सुरक्षित निकाले गए सभी 41 मजदूर सुरक्षित हैं। गुरुवार को 41 मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद झारखंड और ओडिशा के श्रमिकों को छुट्टी दे दी गई है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुक्रवार को टनल से बाहर आए झारखंड के 15 मजदूर और उनसे मिलने गए 12 परिजनों को इंडिगो एयरलाइंस से वापस लाया जाएगा। मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जैप आईटी सीईओ भुवनेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के दो पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है । वे आज उत्तराखंड से दिल्ली पहुंचेंगे और कल दिल्ली से रांची लेकर आएंगे। निदेशानुसार 1 दिसंबर को इंडिगो की फ्लाइट से सभी व्यक्तियों को शाम 8 बजे रांची लाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री गढ़वा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल, करोड़ों की योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन

# गरीबों के लिए काम कर रही सरकार : हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को जिले के मेराल प्रखंड की दुलदुलवा पंचायत के पेशका हाई स्कूल के मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों, प्रमाणपत्र एवं नियुक्ति पत्र का वितरण करने के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, व कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख आदि उपस्थित रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर आगमन होने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपायुक्त शेखर जमुआर ने मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों का उक्त शिविर में आगमन पर आभार प्रकट किया।

इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम गढ़वा के विभिन्न प्रखंडों में ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी प्रखंडों में पंचायत वार आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिविर व कार्यक्रम में आए सभी लोगों के लिए एक-एक फलदार पौधा प्रदान किया गया है, जिसे सभी लोग जरूर लगाएं। यह परिवार के लिए एक रोजगार उत्पन्न करने का कार्य करेगा। इससे लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। उन्होंने पौधरोपण की ओर विशेष ध्यान देने हेतु लोगों से अपील की। साथ ही बताया कि शहरों में शहरी टाइप की योजना, जबकि ग्रामीण इलाकों में ग्रामीण टाइप की योजनाएं सरकार संचालित कर रही है, जिससे योग्य लाभुक लाभान्वित होकर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं। उन्होंने रोजगार सृजन हेतु योजनाओं के तहत बेरोजगार युवकों से आवेदन कर लाभान्वित होने की अपील की। उन्होंने आमजनों से कहा कि अपने-अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाने लिखाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार द्वारा कई तरह की लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे किसी भी बच्चे की पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हों, परंतु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हों, उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे लोगों के लिए सरकार आर्थिक रूप से मदद कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता कर रही है। गरीब विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार ने कई सारी योजनाएं लाई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसी कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, जो लोगों को आर्थिक रूप से सबल बनाने का कार्य कर रही हैं। सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम वर्ष 2021 से लगातार चलाया जा रहा है। लोगों के रोजगार शेष पृष्ठ 11 पर



### सरकार की मंशा है कि अगले तीन वर्षों में सभी जरूरतमंदों के पास पक्का मकान हो : मिथिलेश

वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के इस तीसरे चरण में योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकारी योजनाओं के लाभ सुगमता से मिल सके, इसलिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि सभी वंचितों, पीड़ितों को इस शिविर के माध्यम से उनके हक अधिकार एवं विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों में सबसे ज्यादा आवेदन अबुआ आवास के प्राप्त हो रहे हैं। सरकार की मंशा है कि अगले तीन वर्षों में सभी के पास पक्का मकान हो। उन्होंने सभी आम नागरिकों से आयोजित शिविर में आकर योजनाओं की जानकारी लेने एवं लाभान्वित होने की अपील की।

### यह गरीब गुरबों की सरकार है : बादल पत्रलेख

वहीं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री ने कोविड काल में भी विकास कार्यों को गति देने का कार्य किया है। राज्य में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को झेलते हुए भी विकास के कार्य सतत तौर पर चल रहे हैं। यह गरीब गुरबों की सरकार है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा कर लाभान्वित करने का है।

### 218 करोड़, 86 लाख, 26 हजार का शिलान्यास, उद्घाटन व परिसंपत्तियों का किया गया वितरण



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कुल 18 लोगों के बीच नियुक्ति पत्रों, स्वीकृति पत्रों एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया। 676 लाभुकों के बीच 7 करोड़, 49 लाख, 63 हजार, 745 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। 1 अरब, 11 करोड़, 39 लाख, 73 हजार 562 रुपये के कुल 109 विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया, जबकि 1146 निर्माण कार्यों के लिये कुल 99 करोड़, 96 लाख, 89 हजार, रुपये का उद्घाटन किया गया। कुल 218 करोड़, 86 लाख, 26 हजार, 307 रुपये का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्तियों कर वितरण किया गया।

### योग्य व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही सरकार : भोक्ता

वहीं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि प्रखंड से लेकर पंचायत तक योग्य व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु सरकार आपके द्वारा जैसे कार्यक्रम एक महाअभियान के रूप में चलाया जा रहा है। जिन्हें पक्के आवास का लाभ अभी तक नहीं मिल सका है, उनके लिए अबुआ आवास योजना की शुरुआत की गई है। रोजगार के क्षेत्र में भी काफी सुधार किया गया है। प्राइवेट सेक्टर में भी नौकरियों में नियोजन नीति अधिनियम लाकर स्थानियों को 75 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

## रांची एयरपोर्ट पर अमित शाह का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

# हजारीबाग हुए रवाना, बीएसएफ के स्थापना दिवस में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर सहित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। रांची एयरपोर्ट से ही वे हेलिकॉप्टर से हजारीबाग के मेरु कैंप के लिए रवाना हो गए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** केंद्रीय गृहमंत्री के रांची पहुंचने को लेकर एयरपोर्ट में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी हटिया राजा कुमार मित्रा, एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद कुमार सहित अन्य अधिकारी उनकी सुरक्षा में मुस्तैद रहे। एयरपोर्ट शेष पृष्ठ 11 पर

# महज संयोग नहीं दो माह में तीसरी बार सीएम का पलामू आगमन

- भाजपा के गढ़ में सेंधमारी की कवायद में झामुमो
- कार्यकर्ताओं के साथ आम जनमानस से भी सीधे जुड़ रहे मुख्यमंत्री

**अखिलेश चौबे**



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दो माह के अंतराल में 30 सितंबर को तीसरी बार पलामू आना महज संयोग नहीं हो सकता। राजद के किले से भाजपा का गढ़ बने पलामू प्रमंडल में सेंधमारी में झामुमो गंभीरता पूर्वक कवायद कर रही है। इसके तहत पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष व सूबे के मुखिया कार्यकर्ताओं के साथ आम जनमानस से भी सीधे जुड़ रहे हैं। अविभाजित बिहार में भी सरकार गठन में पलामू प्रमंडल की अहम भूमिका रही है। तब यहां राजद का डंका बजता था तथा बिहार में सरकार भी बनती थी। विभाजन के बाद राजद के उतरोत्तर कमजोर होने के साथ भाजपा ने यहां मजबूती से पांव जमाने शुरू कर दिये। वर्ष 2014 में भाजपा ने यहां से मजबूत प्रदर्शन कर प्रदेश में सरकार बनाई थी। किंतु वर्ष 2019 में पकड़ आंशिक ढीली हुई व झारखंड की सत्ता उसके हाथ से निकल गई। हालांकि अभी भी प्रमंडल की 9 सीटों में से 5 पर बीजेपी के विधायक हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकसभा सीट पर भी नजर

वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में जेएमएम को पलामू संसदीय सीट पर जीत की गंध मिल चुकी है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि कांग्रेस इस सीट पर जहां 1984 के बाद कभी भी मुख्य लड़ाई में नहीं आ सकी। वहीं लंबे अरसे तक राजद को भी हार ही मिलती रही है। ऐसे में झामुमो पलामू संसदीय सीट पर खुद को आईएनडीआईए गठबंधन के सबसे मजबूत दावेदार के तौर पर देख रहा है।

# मेरी हालत पर भी तरस खाइये सरकार...

- चोरहट आदिम जनजाति वृद्ध की सीएम से गुहार
- आधार ऑपरेटर की गलती की सजा भुगत रहा भोला, नहीं मिलती सरकारी पेंशन
- बीमार काया से चलने फिरने में असमर्थ पर अब तक किसी को नहीं आई है तरस

**संजय कुमार पांडेय**



**मेदिनीनगर।** जिले के रामगढ़ प्रखंड के चोरहट गांव निवासी स्व. ज्ञानी परहिया के वृद्ध पुत्र भोला परहिया ने अपनी बदहाली की व्यथा बताते हुए सूबे के मुख्यमंत्री से वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने की गुहार लगाई है। उसने बताया है कि अब तक ग्राम सभा से लेकर जनता दरबार एवं पिछली बार के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान तक पेंशन की गुहार लगाते थक चुके हैं। लेकिन आज तक किसी ने भी उनकी हालत पर तरस नहीं खाया। भोला ने बताया कि उनके आधार कार्ड में लिखी उम्र का हवाला देकर उन्हें वृद्धावस्था पेंशन के लाभ से वंचित रखा गया है। आधार कार्ड के अनुसार उनकी उम्र 55-56साल होती है। भोला ने बताया की उनकी वास्तविक उम्र 58-59साल है, लेकिन आधार कार्ड में उनकी उम्र गलत चढ़ा दिया गया है। भोला के अनुसार बीमारी से उनकी काया इस लायक नहीं है कि वह कहीं किसी अधिकारी के पास जा सके। उनके इस हालत को देखकर भी पदाधिकारी उनका पेंशन नहीं बना रहे हैं। गौरतलब हो कि चोरहट में आदिम जनजाति परिवारों की संख्या अच्छी खासी है, लेकिन अधिकांश बदहाल हैं। रोजगार का स्थानीय स्तर पर साधन नहीं होने के कारण परिवार के युवा पुरुष व महिलायें मजदूरी करने जिले व राज्य से बाहर जाते हैं। घर में रहने वाले वृद्ध सरकारी अनाज के भरोसे अपनी जिंदगी काटते हैं। इनके शेष पृष्ठ 11 पर

# नारी, युवा, गरीब और किसान मेरे लिए सबसे बड़ी जाति : पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** विपक्ष के जाति जनगणना पर पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब विकसित भारत के चार अमृत स्तंभ हैं। कहा कि मेरे लिए ये चारों ही बड़ी 'जातियां' हैं। इनके उत्थान से ही भारत विकसित होगा। कहा, मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां लोगों की दूसरों से अपेक्षाएं खत्म होती हैं। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। उन्होंने प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एम्स, देवघर में ऐतिहासिक 10,000वें जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया। इसके अलावा मोदी ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने का कार्यक्रम भी लॉन्च किया। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण के दौरान महिला एसएचजी को 15000 ड्रोन प्रदान करने और जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने, इन दोनों पहलों की घोषणा की। यह कार्यक्रम इन वादों को पूरा करने का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने झारखंड के देवघर, ओडिशा के रायगढ़ा, आंध्र प्रदेश के प्रकाशम, अरुणाचल प्रदेश के नामसाई और जम्मू-कश्मीर के अरनिया के लाभार्थियों से बातचीत की।

**15 दिनों में भारत संकल्प यात्रा ने गति पकड़ ली है :** प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को आज 15 दिन पूरे हो रहे हैं और अब इसने गति पकड़ ली है। लोगों के स्नेह और भागीदारी को देखते हुए वीबीएसवाई वैन का नाम 'विकास रथ' से बदलकर 'मोदी की गारंटी वाहन' कर दिया गया। प्रधान मंत्री ने सरकार में उनके विश्वास के लिए नागरिकों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी की गारंटी गाड़ी' अब तक 12,000 से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है, जहां लगभग 30 लाख नागरिक इससे जुड़ चुके हैं। कहा, एक समय था जब सरकार ने नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज कर दिया था, जब एक बड़ी आबादी घरों, शौचालयों, बिजली, गैस कनेक्शन, बीमा या बैंक खातों जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थी। विकसित भारत का संकल्प मोदी या किसी सरकार का नहीं है, यह सभी को विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और लाभ को उन शेष पृष्ठ 11 पर

### रिश्वत जैसी भ्रष्ट प्रथाओं की व्यापकता पर डाला प्रकाश

प्रधानमंत्री ने रिश्वत जैसी भ्रष्ट प्रथाओं की व्यापकता पर प्रकाश डाला। मोदी ने तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने रेखांकित किया कि यह वर्तमान सरकार है, जिसने खराब शासन को सुशासन में बदल दिया है और संतृप्ति हासिल करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने युवाओं से मेरा भारत स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करने और मेरा भारत अभियान में शामिल होने का भी आग्रह किया।

**10,000वें जन औषधि केंद्र का देवघर में ऑनलाइन लोकार्पण किया**

**10 से बढ़ाकर 25 हजार जन औषधि केंद्र करने का कार्यक्रम लॉन्च**

**12,000 गांवों तक पहुंच चुकी है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी**

**30 लाख नागरिक अब तक इस मुहिम से जुड़ चुके हैं**

**3 वर्ष में 15000 ड्रोन महिला एसएचजी को मिलेंगे पीएम महिला किसान ड्रोन केंद्र का भी शुभारंभ**

# चुनावी रेवड़ी की जीत और हार दोनों के हैं गहरे मायने



**सुनील बादल**

**रांची।** चुनावी राज्यों में नेताओं के भाषणों में विपक्षी दलों पर निशाना साधने वाले पारंपरिक बयानों में वादों की भरमार होती है और आजकल मतदाताओं को रिझाने के लिए वारंटी नहीं गारंटी का चलन है। कुछ वर्षों से 'मुफ्त कल्याणकारी योजनाओं के वादे' या 'चुनावी रेवड़ी' का चलन तेजी पर है। अब सवाल यह है कि क्या कल्याणकारी योजनाओं से राजनीतिक लाभ समय के साथ कम हो जाते हैं? टैक्स के रूप में जनता की गाढ़ी कमाई से चलने वाली ये मुफ्त बिजली और मुफ्त बस यात्रा से वोट बटोरने की प्रवृति बढ़ी और जनता इसे अपना आधिकार समझकर मोल भाव शुरू कर देगी तब क्या होगा?

तेलंगाना की 119 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे अहम हो सकते हैं। 2018 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में भारत राष्ट्र समिति प्रमुख के चंद्रशेखर राव की उम्मीदें टिकी थीं लाभार्थियों पर और उन्हें जमकर वोट मिले और वह राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। यह उनका दूसरा कार्यकाल है। वोट के लिए लुभावनी योजनाएं नई बात नहीं हैं, लेकिन तेलंगाना के परिप्रेक्ष्य में इन योजनाओं का दायरा काफी बड़ा है। यहां समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं हैं। किसान, नवविवाहित जोड़े, विदेश जाते दलित और अल्पसंख्यक छात्र तक का पैकेज है और केंद्र की पीएम सम्मान निधि योजना भी तेलंगाना की प्रमुख योजना 'रायथु बंधु' पर आधारित बताई जाती है।

तेलंगाना में 30 नवंबर को चुनाव हुए और इससे पहले के चंद्रशेखर राव का चुनावी अभियान भी इन योजनाओं के इर्द-गिर्द घूम रहा है। वह इसका ज़िक्र करते हुए कहते हैं कि अगर उनकी जगह कांग्रेस सत्ता में आई तो इन योजनाओं को बंद कर देगी। 9 साल से तेलंगाना की कुर्सी पर काबिज केसीआर सत्ता विरोधी लहर के बीच वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। वह अगर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनते हैं, तो ऐसा करने वाले दक्षिण भारत के इकलौते नेता होंगे। इस बात पर काफी बहस हो चुकी है कि ऐसी योजनाओं को कल्याणकारी कहना चाहिए या फिर मुफ्त की रेवड़ी? किसानों को मुफ्त बिजली चुनावी सौगात है या देश का कृषि उत्पादन बढ़ाने का साधन? गरीबों को बेटी की शादी के लिए आर्थिक मदद क्या चुनावी पैंतरा है या जरूरी मदद? क्या इन योजनाओं के चुनावी फायदे कांग्रेस का पैंतरा भी मुफ्त की योजनाओं पर टिका हुआ है। पार्टी मुफ्त योजनाओं की आदी जनता की भूख बढ़ाना चाहती है। उसने वादा किया है कि सत्ता में आने पर वह रायथु बंधु की रकम को प्रति एकड़ 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये और बुजुर्गों की मासिक पेंशन दो हजार से बढ़ाकर चार हजार रुपये कर देगी।

वोटर क्या सोचकर वोट करेंगे यह तो नतीजे बताएंगे, लेकिन केसीआर अगर भारी मतों से विजयी होते हैं तो लोकलुभावन योजनाओं पर उनकी निर्भरता को और बल मिलेगा। वहीं हार से अन्य राज्यों को भी यह संदेश जाएगा कि लोकलुभावन योजनाओं से वोट खरीदने के भी अपने दायरे हैं। कोई भी दल यह उम्मीद नहीं कर सकता कि मुफ्त की योजनाओं के चलते कोई परिवार पीढ़ी दर पीढ़ी उन्हें ही वोट करता जाए।

श्रीलंका में आर्थिक संकट के तुरंत बाद जून 2022 में भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बुलेटिन जारी किया। इसमें 'फ्रीबीज' को 'मुफ्त में दिए जाने वाले एक सार्वजनिक कल्याण उपाय' के तौर पर परिभाषित किया गया था। बुलेटिन में शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का वितरण

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अंचलाधिकारी यामुन रविदास, आकांक्षी प्रखंड कोआर्डिनेटर प्रणव सिंह, मुखिया फुलकुमारी देवी, जिप सदस्य मंजू देवी, पंसस शैलेन्द्र सिंह उर्फ शिलू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाए गए। जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सीओ ने ऑन द स्पॉट 15 लाभुकों को पेंशन के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्टिफिकेट दिया। कार्यक्रम में सोना सोबरन योजना से धोती-साड़ी व कंबल वितरण, बिरसा सिंचाई योजना के तहत कूप निर्माण का स्वीकृति पत्र, विद्यार्थियों को सायकिल हेतु राशि, स्कूल बैग, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जेएसएलपीएस से प्रदत्त सामुदायिक निवेश निधि योजना के तहत दो आजीविका सखी मंडल को 25-25 हजार रुपये का चेक, दस महिलाओं को विभिन्न पौधा सहित कई परिसंपत्तियां वितरित की गयी। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अनिल सिंह, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, बीपीओ धर्मेन्द्र कुमार, नाजिर सह एमओ ब्रजेश कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश शामिल थे।

### जिला पार्षद ने फोरलेन निर्माण की गुणवत्ता पर उठाये सवाल

**नावा बाजार।** भोगू से शंखा तक हो रहे एनएच-75 फोरलेन निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जिला पार्ष विजय रविदास ने डीसी से इसकी जांच कराये जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माता कंपनी द्वारा गिट्टी-मोरम आदि में गुणवत्ता का बिल्कुल ही ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे सड़क शीघ्र ही क्षतिग्रस्त हो जाएगी। इस संबंध में ग्रामीणों की शिकायत की भी अनवरत अनदेखी की जा रही है। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### सदर विधायक आलोक चौरसिया ने की पहल

# रजडेरवा एग्रीकल्चर स्मार्ट चयनित विकास कार्य में आयेगी तेजी

**एग्रीकल्चर स्मार्ट ग्राम में करोड़ों रूपये का फंड देकर गांव को विकासशील बनाया जायेगा : प्रतिनिधि**



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मेदिनीनगर विधायक आलोक कुमार चौरसिया द्वारा एग्रीकल्चर स्मार्ट ग्राम के रूप में रजडेरवा को चयनित किया गया है। एग्रीकल्चर स्मार्ट ग्राम में करोड़ों रूपये का फंड देकर गांव को विकासशील बनाया जाएगा। गुरुवार को ग्राम सभा कर कमेटी का चयन किया गया। जिसमें 9 सदस्यी कमेटी के साथ एक सीआरपी भी चयनित किया गया। इसका चयन बीटीएम प्रियंका कुमारी व एटीएम वरूण कुमार यादव की उपस्थिति में किया गया। इस ग्राम सभा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा मौजूद थे। उन्होंने बताया कि इस गांव के 18 वर्ष से ऊपर वाले लोगों को घर-घर जाकर सर्वे कर उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसानों को कृषि यंत्र, सोलर पंप द्वारा सभी खेतों में पानी, कोल्ड स्टोरेज, निशुल्क बीज, मत्स्य पालन के लिए तालाब, बकरी,गाय, सूअर व अन्य सभी सुविधाएं मिलेगी। इसके लिए सुधीर कुमार को सीआरपी तथा पुष्पा देवी, उर्मिला देवी,सोनम कुमार,रुबी कुमारी, कुसुम देवी, अनिता देवी, नागेंद्र कुमार, रोहित कुमार ठाकुर, रितेश कुमार सदस्य बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि तरह-तरह की योजनाएं धरातल पर उतारकर इस गांव में चहुंमुखी विकास किया जाएगा ताकि लोगों को हर सुख सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। इस मौके पर पंसस जुबेर खान, उप मुखिया सुखसागर सिंह मौजूद थे। ग्रामीणों ने विधायक श्री चौरसिया के प्रति आभार जताया है।

### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# विश्वसिया ने देवरी कला को पेनाल्टी शूट में 3-2 से दी मात



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को बहुत ही शानदार मुकाबला देखने को मिला। यह मैच पिछले वर्ष क्वार्टर फाइनल खेलने वाली टीम देवरी कला बनाम विश्वसिया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किए। निर्धारित समय में दोनों टीमें एक-एक गोल की बराबरी पर रहीं। उसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट से किया गया। जिसमें विश्वसिया ने देवरी कला को 3-2 से मात दी। मैच से पूर्व क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से एक बार फिर आह्वान किया कि क्षेत्रीय प्रतिभा को बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय युवाओं को अधिकाधिक अवसर प्रदान करें। मैच के दौरान क्लब के सचिव मनोज शर्मा, निर्णायक सुदय सिंह, सगीर अहमद, एसएम अकरम, तकी रिजवी, अशोक कुमार सिंह, भानू सिंह, प्रह्लाद ठाकुर, वीर बहादुर सिंह, अनीश कुमार मौजूद रहे। टूनार्मेंट में शुक्रवार का मैच सुपहा (झरगड़ा) बनाम जपला के बीच खेला जाएगा।

### विधायक ने तोरणद्वार का ऑन लाइन किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के दरूआ बेनी पंचायत में जपला-पथरा मुख्य सड़क स्थित मानखाप में भूतपूर्व सरपंच युगेश्वर प्रसाद सिंह के बेनीखुर्द गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में तोरणद्वार निर्माण का स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने आनलाइन शिलान्यास किया। विधायक मद से हो रहे निर्माण में ढाई लाख रुपए की लागत आने की संभावना है। इस मौके पर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भूतपूर्व सरपंच के नाम से तोरणद्वार का निर्माण कार्य होने से लोगों को क्षेत्र के लिए बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इस द्वार के माध्यम से पूर्व सरपंच की साफ छवि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। मौके पर एनसीपी के बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, विनय पासवान, धर्मराज सिंह (पूर्व मुखिया), अभिषेक सिंह उर्फ हरी (अनुमंडलीय युवा अध्यक्ष, एनसीपी) द्वारा शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेंद्र सिंह, राजीव सिंह, राकेश सिंह, शेखर सिंह, पंकज सिंह,राजू सिंह, छोटू सिंह, अजय विश्वकर्मा मौजूद थे।

### बोहीता में लगा आपकी योजना-आपकी सरकार का शिविर

# ग्रामीणों के दरवाजे पर पहुंच रही सरकार, दे रही उपहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बोहीता पंचायत सचिवालय में मुखिया कलावती देवी की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन प्रमुख रीमा देवी,जिप सदस्य सुधा कुमारी , उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव,सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास, आपूर्ति विभाग, कृषि, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आयुष्मान भारत कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, राजस्व , शिक्षा विभाग समेत कुल 22 स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में राजस्व 20, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना 8, अबुआ आवास 257, पशुधन 8, आधार 9, कल्याण 10 एवं राशन कार्ड संबंधित187आवेदन जमा किये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर 76 लोगों ने अपना ईलाज करवाया। इस मौके पर मुखिया कलावती देवी ने कहा कि यह कार्यक्रम से लोगों को काफी सहुलियत हो रही है। सरकार घर के दरवाजे तक पहुंचकर ग्रामीणों का कार्य कर रही हैं। जरूरत के हिसाब से सरकार द्वारा दिए जा रहे सुविधा का लाभ उठाएं। इस मौके पर बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, रोशन पाठक, एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कृषि सह कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र बैठा, रजनीकांत, अदनाम, इरशाद अंसारी उपस्थित थे।

### एक ही स्थल पर ग्रामीणों की सभी समस्याओं का समाधान

हुसैनाबाद। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत गुरुवार को हुसैनाबाद प्रखंड के बड़ेपुर में शिविर लगाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रौशन कुमार,मुखिया सुषमा देवी,पंसस राजवंश यादव आदि ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं से आम जनों को उनके घर में ही लाभान्वित करना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड प्रशासन द्वारा इस तरह का शिविर सभी पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। मौके पर मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, प्रखंड के बड़ा बाबू मोहम्मद शमीम, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार,पंचायत सेवक वशिष्ठ कुमार तिवारी, शमीम, प्रखंड कोआर्डिनेटर राजू रंजन, विमलेश पासवान मौजूद थे।

### 80 पार कर चुके मतदाता सम्मानित

**सतबरवा।** प्रखंड के पोंची गांव में जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति कीस्कू ने रांची से वापसी के दौरान गुरुवार को 80 साल से ऊपर मतदाताओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मंटू मिस्त्री 104 वर्ष को घर पर जाकर कंबल, शॉल एवं बुके प्रदान किया। वही दो अन्य मतदाताओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही कैंप में सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने भी 80 साल से ऊपर के मतदाताओं को कंबल, शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया।

### पंचायत सचिव की मनमानी से पंजरी में विकास कार्य अवरूद्ध

**नावा बाजार।** विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी कला पंचायत के नवनियुक्त पंचायत सचिव की लापरवाही से ग्राम पंचायत में तमाम विकास कार्य अवरूद्ध पड़े हैं। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव को एक तो कार्य की जानकारी नहीं है। दूसरे कार्य निष्पादित करने में वे रूचि भी नहीं ले रही हैं। इससे तमाम जनोपयोगी कार्य लंबित पड़े हैं। आलम यह है कि मनरेगा मजदूरों को भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसके विरोध में पंजरी कला पंचायत सचिवालय में कार्यकारिणी की बैठक में भी जमकर हंगामा हुआ। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, लातेहार**

**अति महत्वपूर्ण सूचना**

लातेहार जिला में जिला नियोजनालय, लातेहार (District Employment Exchange, Latehar) में निबंधित अभ्यर्थियों को स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अपलोड करने के संबंध में

विदित है कि झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 अधिसूचित है, जिस के प्रावधानों के अनुसार राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र के कम्पनी/प्रतिश्ठानों/संस्थान में नियमानुसार विभिन्न पदों पर कार्यरत मानव बल का 75 प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन करना है।

**उक्त अधिसूचना एवं नियमावली के अनुसार इस का लाभ वैसे अभ्यर्थियों को दी जायगी जो विभाग के अधिकृत वेबसाईट** https://rojgar.jharkhand.gov.in **पर निबंधित हैं** एवं उन अभ्यर्थियों के द्वारा उक्त पोर्टल पर ऑनलाईन या जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित हो कर स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अपलोड करना सुनिश्चित करें। स्थानीय निवास प्रमाण पत्र (अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी / उपायुक्त) स्तर से निर्गत हो।

अतः https://rojgar.jharkhand.gov.in पर/जिला नियोजनालय, लातेहार में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थी अपना स्थानीय निवास प्रमाण पत्र रोजगार पोर्टल पर स्वयं लॉगिन कर अथवा जिला नियोजन कार्यालय में उपस्थित हो कर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के अनुसार झारखण्ड राज्य के स्थानीय उम्मीदवार 75 प्रतिशत अधिनियम का लाभ से वंचित हो सकते हैं।

वैसे अभ्यर्थी जो अपना निबंधन ऑनलाईन https://rojgar.jharkhand.gov.in पर करेंगे वैसे अभ्यर्थी स्थानीय निवास प्रमाण पत्र अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR312364 (Labour Employment and Traning)23-24*D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**
**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**
**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/11/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 07.12.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 08.12.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 08.12.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of the Old Circuit House, Palamu in Occasion of Honorable CM Visit, on Dated 01.12.2023, Daltonganj. | 2113600.00 | 42500.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Pathway, Brick Stairs and Dismantling of Old Building in Police Line Stadium, Palamu on Occasion of Honorable CM Visit at Daltonganj. | 1182700.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 3. | E/R of Bathroom and Sanitary Works in Pandit Deendayal Upadhyay Smriti Bhawan (Auditorium), Palamu in Occasion of Honorable CM Visit, on Dated-01.12.2023, Daltonganj. | 511000.00 | 10500.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 4. | E/R of Jungle Clearance and Tree, Pots Painint in Circuit House Campus, Palamu at Occasion of Honorable CM Visit, On Dated 31.10.2023, Daltonganj. | 242000.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 5. | E/R of Painting Work of New Circuit House Building, Palamu at Occasion of Honorable CM Visit, on Dated 31.10.2023, Daltonganj. | 245700.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 6. | E/R of Inner and Outer Painting Work of Old Circuit House Building, Palamu at occasion of Honorable CM Visit, on Dated 31.10.2023 Daltonganj. | 247500.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 7. | E/R of Sanitary and Miscellaneous Work in Old & New Circuit House Building, Palamu on Occasion of Honorable CM Visit Dated 31.10.2023 Daltonganj. | 248900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 8. | E/R of Painting Work of D.C, Palamu Residence at Daltonganj. | 244500.00 | 5000.00 | 500.00 | 07 Days |
| 9. | Renovation Of Safe House Building at Chiyanki Airport On The Occasion Of Honorable Chief Minister, Jharkhand, Visit at Daltonganj Dist:- Palamu. | 1599500.00 | 32000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 10. | Laying Of Paver Block From PWD road to Nimachak Chauk in Nimachak village ,Panki Panchayat, under Block Panki ,Palamu. | 2493100.00 | 50000.00 | 5000.00 | 01 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक हैः–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 312346 Building(23-24)D

# शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखण्ड के सतौवा पंचायत सचिवालय में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर जहां ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया गया। वहीं उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की सामूहिक गोदभराई भी की गई। शिविर में बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा की योजनाओं का लाभ सभी जरुरतमंदों को मिले इसके लिए गांव-गांव में शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, प्रमुख शोभा देवी सीओ दीपक मिश्रा, एमओ सखीचन्द दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह जीपीएस कामेश्वर महतो, सीडीपीओ कुमारी अनिता, वेटनरी डाक्टर आदि उपस्थित थीं। कैम्प में प्रखण्ड स्तर के विभिन्न विभागों के 18 स्टाल लगाया गये। जिसमें 500 सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्राओं के बीच डेमो चेक तथा बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया।

**DISTRICT TOURISM OFFICE LATEHAR JHARKHAND**
Very urgent tender
**Tender Reference No.-**
**DISTRICT TOURISM NODAL OFFICER**
**LATEHAR /DECORATIVE STREET LIGHTING/2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Rate Contract of Electrical Equipment Associated with Street Lighting In different Areas of, LATEHAR Districts. |
| 2. | EMD | 3,00,000 EMD should be submitted in the shape of Demand Draft or BG or FDR issued by any nationalized Bank in favor of District Tourism Nodal Officer, LATEHAR payable at Latehar. |
| 3. | Tender Fees | Rs.10, 000/-(Ten Thousand only )INR Non-Refundable ,DD in favor of District Commissioner . Latehar) |
| 4. | Date of Publication of Bid on New paper | 29-11-2023 |
| 5. | Duration of the Contract | 05 Year |
| 6. | Last date & time for Rate Contract submission, original copies of Tender Fee and EMD(offline) | 07-12-2023 at 11:30 am |
| 7. | Date of opening of Technical Bid | 07-12-2023 at 3:00 pm |
| 8. | Name &Address of office Inviting tender | Distirct Tourism Nodal officer, latehar |
| 9. | Place of Opening of Tender | Chamber of DDC-CUM Member-Secretary,DMFT |
| 10. | Bid Validity | 1 Year |

नोट :– निविदा के शर्ते एवं विस्तृत जानकारी जिले के www.latehar.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 312295 District(23-24)D

**जिला कृषि कार्यालय, चतरा**

**वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित TRFA योजनान्तर्गत कृषि यंत्र वितरण हेतु सूचना**

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित TRFA Pulse & Oil Seed योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित कृषि यंत्र वितरण किया जाना है।

**TRFA Pulse**

| क्रसं | कृषि यंत्र का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | कृषि यंत्रों की संख्या (SC/ST हेतु) | कृषि यंत्रों की संख्या (सामान्य वर्ग हेतु) | कुल कृषि यंत्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Manual Sprayer | Rs. 50% or Rs. 750/- per unit for (SC/ST, small & marginal farmers / women farmers) Rs. 40% or Rs. 600/- per unit for other farmers | 150 | 100 | 250 |
| 2 | Power Knap Sack Spraye Sprayer | Rs. 50% or Rs. 3100/- per unit for (SC/ST, small & marginal farmers / women farmers) Rs. 40% or Rs. 2500/- per unit for other farmers | 75 | 50 | 150 |
| 3 | Rotavator Tractor driven above 35-BHP, 5- feet.) | Rs. 42000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.34000/-or 40% for Gen | 15 | 10 | 25 |
| 4 | Sprinkler Sets | Rs. 21901 /- per ha 50% or cost whichever is less | 100 | | 100 |
| 5 | Water carrying Pipes (HDPE Pipe) | 50% of the cost limited to Rs.50/- per meter for HDPE pipes with maximum ceiling of Rs. 15000/- per farmer beneficiary .Water Carving Pipe. | 73 | | 73 |
| 6 | (d) Mini Dal Mill | Rs.95000/- per unit or 50% of cost whichever is less. | 17 | 12 | 29 |
| | **TRFA Oil Seed** | | | | |
| 1 | Manual Sprayer | Rs. 50% or Rs. 750/- per unit for (SC/ST, small & marginal farmers / women farmers) Rs. 40% or Rs. 600/- per unit for other farmers | 10 | 5 | 15 |
| 2 | Power Knap Sack Spraye Sprayer | Rs. 50% or Rs. 3100/- per unit for (SC/ST, small & marginal farmers / women farmers) Rs. 40% or Rs. 2500/- per unit for other farmers | 10 | 5 | 15 |
| 3 | Rotavator Tractor driven above 35-BHP, 5- feet.) | Rs. 42000/-/or 50% for SC/ST/Small &Marginal farmer, Women / Rs.34000/-or 40% for Gen | 2 | 1 | 3 |
| 4 | Sprinkler Sets | The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be Rs.21901/-per ha. depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | 15 | | 15 |
| 5 | Water carrying Pipes (HDPE Pipe) | 50% of the cost limited to Rs.50/- per meter for HDPE pipes with maximum ceiling of Rs. 15000/- per farmer beneficiary .Water Carving Pipe. | 5 | | 5 |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैंक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा कृषि यंत्र अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 20.12.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

**"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"**

**नोट–** विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR312339 (Agriculture)23-24*D

## गागर में सागर

### अनियमित तापमान के दौर में नवजातों को लेकर रहें सजग : डॉ. संजय



**मेदिनीनगर।** निरंतर घट-बढ़ रहे तापमान के कारण नवजातों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शहर के प्रख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डा. संजय तिवारी ने अनियमित मौसम के दौर में शिशुओं को होने वाली परेशानी को लेकर अभिभावकों को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्वाधिक परेशानी नवजातों को होती है। यदि किसी कारण वश शिशु दूध पीना बंद कर दे। अथवा कम कर दे। सांस की तकलीफ बढ़ जाये। सांस लेने में घरघराहट की आवाज आये। हाथ व पैर के नाखूनों पर काला धब्बा पड़ने लगे तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें। बचाव के उपायों को लेकर डा. तिवारी ने कहा कि ऐसे मौसम में शिशुओं को ठंड से बचाने की जरूरत है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में जहां तक संभव व शिशु को ले जाने से बचे। एक वर्ष तक के बच्चे को नियमित अंतराल में पानी अवश्य पिलाये। उन्होंने कहा कि सावधानी बरतकर शिशुओं को घातक निमोनिया से सहज ही बचाया जा सकता है।

### पलामू की समस्याओं पर पूर्व मंत्री सुधा ने की चर्चा

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने झारखंड दौरे पर आये बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी एवं झारखंड जदयू के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो से मुलाकात कर पलामू की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पदाधिकारी द्वय ने संगठनात्मक मजबूती के लिए शीघ्र पलामू आने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, चिंटू मेहता व अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार रवि मौजूद थे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी



**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार की शाम घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी हो गई है। थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की बढ़ती वारदातों से नागरिकों की नींद उड़ गई है। स्टेशन रोड निवासी गणेश प्रसाद के पुत्र रामू कुमार ने बताया कि वे अपनी स्प्लेंडर बाइक अपने घर के बाहर खड़ा कर अंदर चले गये। शाम 7. 30 बजे जब वे घर से बाहर निकले तो बाइक गायब थी। आसपास खोजबीन के बाद भी बाइका का कहीं पता नहीं चला। बाइक मालिक ने हैदरनगर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन दिया है। चर्चा है कि थाना क्षेत्र में बिना लाइसेंस के चल रहे कबाड़ी के दुकान पर धड़ल्ले से चोरी के वाहनों को खपाया जा रहा है। लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने की मांग की है।

### इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर वाहनों की चेकिंग,12 बाइक जब्त

**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुरुवार को हरिहरगंज थाना के समीप एनएच-98 स्थित इंटर-स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहनों की कागजातों के अलावे ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग, डिक्की व हेलमेट आदि की सघन जांच की गयी। जांच का नेतृत्व कर रहे एसआई रंजीत कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट के आरोप में 12 बाइकों को जब्त कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने एनएच से गुजरने वाले बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा के मद्देनजर हर हाल में हेलमेट लगाने के साथ ही सभी आवश्यक कागजात लेकर ही चलने का निर्देश दिया।


### मंदिर निर्माण को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के दलपतपुर गांव स्थित देवी मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन हेतु गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा साकेत बिहारी दास उर्फ फलाहारी बाबा के नेतृत्व में निकाली गयी। बता दें कि दलपतपुर गांव स्थित पंचायत सचिवालय के प्रांगण में प्रस्तावित मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन के लिए गांव का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा देवगन धाम डैम पहुंची। जहां जल को संकल्प के साथ कलश में भरकर भूमि पूजन स्थल लाया गया। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन कर्ताओं ने बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का आयोजन आगामी 9 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक किया जाएगा। जिसमें रामलीला व प्रवचन का कार्यक्रम भी होगा। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया शिवनंदन यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, उप प्रमुख पति उपेंद्र यादव, उपाध्यक्ष युगेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, उप कोषाध्यक्ष सुनील यादव, सचिव कैलाश यादव, उप सचिव अनिल यादव, संचालक शिवलाल, सूचना मंत्री अखिलेश, सदस्य सत्येंद्र, सचिन, सुरेश प्रसाद, सुदामा, मिथिलेश, योगेंद्र, धनंजय, प्रमोद, विक्रम मौजूद थे।

---

गोशाला की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराकर प्रारंभ हो कार्य

## वृंदावन की तर्ज पर मेदिनीनगर में भी हो दिव्य गोशाला का निर्माण: गौरवानंद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गिरीडीह से पधारे स्वामी गौरवानंद जी ने व्यासपीठ से गोशाला की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर वृंदावन की तर्ज पर दिव्य गोशाला निर्माण हेतु यज्ञ समिति एवं सभी सनातनियों का आह्वान किया है। महाराज गौरवानंद गोशाला मैदान बारालोटा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवत कथा में उपस्थित सनातनियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वृंदावन में गौमाता की सेवा एवं रक्षा हेतु दिव्य गोशाला संचालित है। ठीक उसी प्रकार पलामू की धरती पर भी एक दिव्य गोशाला बने। जिससे गोरक्षा के लिए संकल्पित सनातनी गौ माता की सेवा कर सकें। उन्होंने पलामू से जाने से पूर्व लोगों से आग्रह किया है कि गोशाला की जमीन का अधिग्रहण निजी हित के लिए करना सर्वथा अनुचित है। गोमाता के चारागाह हेतु आरक्षित जमीन पर लोग कब्जा ना करें। संत भाव का भूखा होता है धन का नहीं। मुझे व्यक्तिगत धन की आवश्यकता नहीं है, लेकिन मैं पलामू के लोगों के लिए जाते-जाते एक ऐसा काम करने की इच्छा रखता हूं जिससे पलामू के लोग मुझे सदैव याद रखें। गोशाला निर्माण से आने वाली पीढ़ी भी लाभान्वित होगी।

### गरीब कल्याण अन्न योजना के विस्तार का स्वागत

**मेदिनीनगर।** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना का पांच वर्ष तक विस्तार करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से शुरू इस योजना ने गांव के गरीब, किसान, मजदूरों को बड़ी राहत दी है। मोदी सरकार अपने पहले दिन से अंत्योदय के लिए संकल्पित है। सरकार द्वारा लगातार गरीब कल्याण की योजनाएं लागू की जा रही हैं। कोरोना काल में यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हुई थी। अभी भी गरीब अपने पैर पर खड़े नहीं हो पाये हैं। अन्न योजना का लाभ देश के 81 करोड़ राशन कार्ड धारकों को मिल रहा है। यही कारण है कि देश के गरीब-बेरोजगार मजबूती से केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं।

---

104 वर्षीय मतदाता मंटू मिस्त्री को पुष्प गुच्छ व कंबल देकर सम्मानित किया

## समावेशी सप्ताह के दौरान सतबरवा पहुंची उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 के तहत आयोजित समावेशी सप्ताह के दौरान गुरुवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू पांकी विधानसभा क्षेत्र के सतबरवा प्रखंड पहुंची। उन्होंने सतबरवा में मतदाता सूची में पंजीकृत 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने एवं सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकृत मतदाता 104 वर्षीय मंटू मिस्त्री को पुष्प गुच्छ एवं कंबल देकर सम्मानित किया। उन्होंने मंटू मिस्त्री द्वारा लोकतंत्र में निभाई गई हिस्सेदारी व उनके पूर्व के मतदान अनुभव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बता दें कि निर्वाचन विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2024 के तहत संपूर्ण पलामू जिले में समावेशी सप्ताह आयोजित कर बुजुर्ग नागरिकों के मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत किन्हीं कारणवश मतदाता सूची से नाम कट जाने वाले बुजुर्गों को सहजता पूर्वक पंजीकरण किया जा रहा है।

#### जिले में बुजुर्ग नागरिकों के लिए लगाया जा रहा है विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप



---

डीसी-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, दिये निर्देश

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे सीएम

#### योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के साथ सीएम करेंगे परिसंपत्तियों का वितरण

#### सुरक्षा के कड़े प्रबंध, पुलिस जवानों के साथ मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सारी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। पुलिस जवानों के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। इस कार्यक्रम में सीएम श्री सोरेन कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाया जाएगा। जिसका सीएम अवलोकन करेंगे। उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचकर कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। स्टेडियम में लगाये जा रहे टेंट,साफ-सफाई,कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं आमजनों के बैठने की व्यवस्था,विधि-व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मजिस्ट्रेट को जॉइंट ब्रीफिंग भी दिया। साथ ही मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये।

## आंगनबाड़ियों का रांची में प्रदर्शन 4 दिसंबर को : जेपी पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी सह आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वादा खिलाफी के खिलाफ 4 दिसंबर को रांची में आंगनबाड़ियों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। चार दिसंबर सुबह 10 बजे से रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सेविकाओं की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार ने जो भी आश्वासन दिया था। उसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। सभी जिलों के समाज कल्याण पदाधिकारी व प्रखंडों के सीडीपीओ द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों का दोहन जारी है। भारत सरकार द्वारा अक्तूबर माह में ही 5742.37 लाख रु का बजट राज्य सरकार को आवंटित कर दिया गया है। इसके बाद भी प्रदेश सरकार आंगनवाड़ी कर्मचारियों को समय से वेतन, मानदेय, पोषाहार की राशि, मकान भाड़ा आदि का भुगतान नहीं कर रही है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार आंगनबाड़ियों को राज्य कर्मी का दर्जा नहीं देना चाहती है। इससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सेविकाओं में रोष व्याप्त है।

### सौंदर्य प्रकृति को ताजगी से लबरेज रखता है: अविनाश

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय कि कोशिश है बच्चों को बहुमुखी प्रतिभा के धनी बना कर राष्ट्र लायक अभिभावक को सौंपूं। इसी सोच के साथ बच्चों के बीच मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किए। प्रतिभागी प्रथम द्वितीय तृतीय विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किए। बच्चों शिक्षकों को संबोधित करते हमने कहा आदमी हो या जीव जंतु वनस्पति हो या प्रकृति सब सौंदर्य के पुजारी है। आदमी के जिंदगी सौंदर्य के बिना शुष्क है इसीलिए सरस एवं तरोताजा बनाए रखने के लिए सौंदर्य अनिवार्य है रंगोली में दसवीं के जागृति,रोहिणी,जूही,नंदिनी प्रथम, जीया पल्लवी प्रज्ञा अंशु द्वितीय,आयुषी राधा प्रिय मुस्कान तृतीय स्थान लाई। मेहंदी में शिफात पूजा हरुणा ने बाजी मारी। सबों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

---

सदस्यों ने गोलाकार चक्र में भागकर बचाई जान

## पीटीआर: वन्य जीवों की गणना कर रही टीम पर मधुमक्खियों का हमला



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों की गणना करने वाली टीम पर मधुमक्खियों ने धावा बोल दिया। तीन सदस्यीय टीम का नेतृत्व कर रहे वनरक्षी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जब वे टीम के साथ फुटहा जंगल में पहुंचे तो असावधानी वश ट्रेकर गंगेश्वर सिंह के हाथ में रखी टांगी मधुमक्खियों के एक छाते से टकरा गई। उससे मधुमक्खियां भड़क गईं तथा उनके झुंड ने टीम पर चारों तरफ से हमला कर दिया। उनका हमला इतना अचानक हुआ कि उनलोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घबराकर वे सभी भागने लगे। इसके लिए उन्होंने मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए घरेलू नुस्खे का सहारा लिया। उन्हें पता था कि यदि मधुमक्खियां हमला करें तो सीधे कभी नहीं भागें। क्योंकि सीधे भागने से वे तेज प्रहार करती है। इसलिए एक अन्य ट्रेकर विजय उरांव के साथ वे अलग-अलग तरीके से गोल-गोल घूम कर भागने लगे। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया की पूरी सावधानी बरतने के बाद भी कभी- कभार ऐसी अप्रिय घटना घट जाती है। हालांकि भविष्य में टीम के सदस्यों को पूरी सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।

---

दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

## सूबे के सीएम पहुंचे पलामू, चियांकी हवाई अड्डे पर डीसी- एसपी ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार की शाम पलामू पहुंचे। वे शुक्रवार को स्थानीय पुलिस स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल तथा श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी पलामू पहुंचे हैं। बुधवार की रात सीएम श्री सोरेन स्थानीय सर्किट हाउस में विश्राम करेंगे। सीएम का चियांकी हवाई अड्डा पर उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री को पलामू जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से उपरोक्त मंत्रियों का भी स्वागत किया गया। विदित हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1 दिसंबर को पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आमजनों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साथ ही परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में पलामू जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारी की गई है।



### मुख्यमंत्री से मिले सरकारी कर्मी, पुरानी पेंशन के लिए जताया आभार

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार की शाम जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी कर्मियों ने मुलाकात कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए आभार जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री से एनपीएस में जमा राशि वापस करने की दिशा में पहल करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग से ही हम अपने कार्यों को सही दिशा दे पा रहे हैं। अगर सरकार आपके लिए कार्य कर रही है तो आपका भी दायित्व बनता है कि आप उन लोगों के लिए काम करें। जिन्हें इनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि अभी राज्य में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है। सभी पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इतने वृहत पैमाने पर आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम की सफलता में आपका अहम योगदान होगा। मौके पर मंत्री बादल व मिथिलेश कुमार ठाकुर भी मौजूद थे।

---

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एमकेडीएवी के 25 छात्रों का चयन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एसआईपी अबेकस अर्थमैटिक्स जीनियस प्रतियोगिता-2023 में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के 25 छात्रों का चयन राज्य स्तर पर किया गया है। जिला स्तर पर दो चरणों में संपन्न इस परीक्षा में विद्यालय के प्रथम से पंचम कक्षा तक के छात्रों ने प्रतिभाग किया था। राज्य स्तर की प्रतियोगिता गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रांची में 10 दिसंबर को आयोजित होगी। गुरुवार को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डा. जीएन खान ने चयनित आर्यन राज, उजमा जावेद, गुलशन कुमार, शिवलाल, अर्णवराज समेत सभी छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता,शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के छोटे-बड़े सभी छात्र अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अपने माता-पिता एवं पलामू का मान बढ़ा रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक छात्रों को विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें इस हेतु पूर्ण मनोयोग से तैयार कराते हैं। मनोज कुमार मेहता एलसीएल सेंटर इंचार्ज एसआईपी ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। मंच का संचालन प्रतिमा वर्मा ने किया। आयोजन में हरमीत कौर, नंदनी शरण सहाय, प्रीति कुमारी एवं अनुश्री चक्रवर्ती ने सहयोग प्रदान किया।

---

**आयोजन**

श्री तुलसी मानस मंदिर में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन

## भवसागर से पार करेगा, राम नाम उद्धार करेगा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य समाज चौक स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर में आयोजित 71 वें श्रीराम चरित मानस नवाहपारायण पाठ के समापन पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक मनीष भिवानिया ने आगंतुक कवियों को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत पापोल से पधारे कवि विद्यानंद सरस्वती द्वारा श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों के पाठ से हुई। हरिवंश प्रभात ने अपनी कविता के माध्यम से श्रीराम चरित मानस का बखान किया। हरिहरगंज से पधारी कवयित्री किरण राज ने भवसागर से पार करेगा, राम नाम उद्धार करेगा की मनोरम प्रस्तुति की। परशुराम तिवारी ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कैसे सैनिक बॉर्डर पर रहते हैं की ओजपूर्ण प्रस्तुति की। रेणुका पांडे,अनुज पाठक, रवि शंकर पांडे आदि ने अपनी रचनाओं से राम नाम का बखान किया। विनीता श्रीवास्तव ने कविता पाठ से भारत की धार्मिक व सांस्कृतिक विशेषताओं का जिक्र किया। कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर भारत सिंह, सचिन शिवनाथ अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बलिराम शर्मा, सत्यकेतु संजय,सत्येंद्र चौबे सुमन, मनीष कुमार मिश्रा, प्रेम प्रकाश दुबे, रामनरेश सिंह, विजय कुमार ठाकुर, राम प्रवेश पंडित, विजय शंकर मिश्रा, ओमप्रकाश दुबे, रंभा गुप्ता, लवकुश मेहता, अमरेश मेहता, बसंत जायसवाल, सुरेश उदयपुरिया आदि मौजूद रहे।



## गागर में सागर

### जिला परिषद बोर्ड की बैठक में जिपस रंजनी कुमारी ने प्रशासन को घेरा



**भवनाथपुर।** जिला परिषद सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में आयोजित जिला परिषद बोर्ड की बैठक में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने जिला प्रशासन पर सरकार के आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए जिले से संबंधित कई समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग झारखंड सरकार की ओर से अनुपालन हेतु जारी पत्र के विपरीत कार्य किया जा रहा है। इस पर जिला परिषद ने सभी विभागों से पूछा है कि सरकार की योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन में किन-किन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए एवं शीलापट्ट पर किन-किन बिंदुओं को अंकित करना चाहिए। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जिला परिषद बोर्ड की बैठक में आवाज उठाने के बाद भी सिविल सर्जन द्वारा भवनाथपुर, श्री बंशीधर नगर, मझिआंव एवं गढ़वा सदर में उपलब्ध डिजिटल एक्सरे मशीन को अभी तक चालू नहीं कराया गया है। उक्त मशीन का यथाशीघ्र शुभारंभ कराने, भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की पदास्थापना एवं प्रतिनियुक्ति करने, जिले के सभी स्वास्थ्य उप केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अलग-अलग निगरानी के लिए स्वास्थ्य समिति का पुनर्गठन करा कर स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार कराने, जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम शहरी क्षेत्र में 14 वें वित्त आयोग से स्वास्थ्य कर्मियों को चयनित कर यथाशीघ्र पदास्थापना करने की आवाज बैठक में प्रमुखता से उठाई। भवनाथपुर में मजदूरों के पलायन को देखते हुए मनरेगा से सड़क निर्माण, तालाब निर्माण, बांध निर्माण एवं किसानों की भूमि समतलीकरण इत्यादि योजनाएं यथाशीघ्र चालू करने तथा मनरेगा की लंबित मजदूरी एवं सामग्री की राशि यथाशीघ्र भुगतान करने एवं नल जल योजना में भारी अनियमितता और विभाग द्वारा फर्जी निकासी पर रोक लगाते हुए जिला स्तरीय टीम गठित कर जांच करते हुए हर घर को पानी पहुंचाने की मांग की गई। जिले में पशुधन योजना के अनुमोदन के लिए तिथि निर्धारित कराकर किसानों को यथाशीघ्र अनुदान राशि दिलाने इत्यादि मांगें रखी हैं। जिला परिषद बोर्ड की बैठक में सभी जिला परिषद सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि जिला परिषद बैठक की बोर्ड में उठाए गए मुद्दों का विभाग द्वारा अनुपालन नहीं किया जाता है। उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा के द्वारा सभी प्रस्तावों को सभी विभाग द्वारा ससमय अनुपालन करने का आवाश्वासन दिया गया है।

### बीडीओ ने विद्यालय व मतदान केंद्र का किया निरीक्षण, सफाई का दिया निर्देश



**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने गुरुवार को मध्य विद्यालय पाचाडुमर स्थिति मतदान केंद्र संख्या 55, 56 का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने बीएलओ चंदा देवी से अब तक के हुए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बीएलओ को छुटे हुए मतदाताओं का शत-प्रतिशत नाम जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ एप के माध्यम से योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, आधार सीडिंग करने के लिए प्रपत्र 6 ई भरने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए प्रपत्र 7 भरने का निर्देश दिया। इसके पश्चात बीडीओ ने मध्य विद्यालय पाचाडुमर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में बने शौचालय का साफाई करने और विद्यालय अवधि में हमेशा शौचालय खुला रखने को कहा। बीडीओ ने शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने और बच्चों को मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान बीएलओ राजवंती देवी अनुपस्थित थी। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, शिक्षक जितेन्द्र पांडे, शुशिल पाठक, प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रदुमन प्रसाद आदि मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार : मुख्यमंत्री ने परिसंपत्ति, प्रमाणपत्र एवं नियुक्ति पत्र का किया वितरण








**गढ़वा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड की दुलदुलवा पंचायत के पेशका हाई स्कूल के मैदान में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मौके पर उन्होंने जहां लाभुकों के बीच परिसंपत्ति, प्रमाणपत्र एवं नियुक्ति पत्र का वितरण किया, वहीं करोड़ों रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख के अलावा उपायुक्त आदि मंच पर मौजूदर रहे।

### व्यावसायिक संघ का गठन, अविलंब चोरों को गिरफ्तार करने की मांग

# चिनिया में चोरी की घटनाओं से व्यवसायियों में भय का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** प्रखंड मुख्यालय में पिछले पांच वर्षों से हो रही लगातार चोरी की घटनाओं से आक्रोशित सैकड़ों व्यवसायियों ने बुधवार की देर शाम बस स्टैंड में एक बैठक की, जिसकी अध्यक्षता सीएसपी संचालक प्रिंस कुमार ने की।

बैठक में व्यावसायिक संघ का गठन किया गया, जिसमें सर्वसहमति से अजीत प्रसाद उर्फ पप्पू, को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष मोहम्मद जावेद मंसूरी, कोषाध्यक्ष विकास कुमार केसरी, उपकोषाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भीम, सचिव प्रिंस कुमार, उपसचिव नीतीश कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री सुरेंद्र प्रसाद, मीडिया प्रभारी हेमंत कुमार चंद्रवंशी को बनाया गया। इस मौके पर संगठन मंत्री सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि चिनिया में बीते 5 वर्षों से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से यहां के व्यवसायियों में भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस प्रशासन अभी तक चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हुआ है। अज्ञात चोर अभी तक सैकड़ों घरों में घुसकर छोटी-मोटी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं और लोग अज्ञानतावश थाने में सनहा तक दर्ज नहीं कराते हैं। बीते दिनों छठ महापर्व के दिन चिनिया बस स्टैंड स्थित जावेद मंसूरी की किराना दुकान में लगभग 2 लाख रुपये की हुई चोरी से हम लोग हतप्रभ हैं। चोरों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि कभी भी किसी भी समय चोरी की घटना को अंजाम देते रहे हैं। जावेद मंसूरी की किराना दुकान से चोरी की घटना को लगभग 10 दिन होने चला है, लेकिन अभी तक पुलिस की गिरफ्त में चोर नहीं आया है। अगर अविलंब चोरों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो हम लोग बाध्य होकर आंदोलन करेंगे। मौके पर कृष्ण प्रसाद साह, जयकुमार प्रसाद, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, विश्वास प्रसाद, दीपक प्रसाद, संजय सोनी, चंदन प्रसाद, गणेश प्रसाद, राजू मंसूरी, अयोध्या प्रसाद, धर्मेंद्र गुप्ता, पप्पू गुप्ता, सुनील शाह, ईजमामूल उल हक, अमरदीप प्रसाद, भीम प्रसाद, मनु प्रसाद, राजेश प्रसाद, संजय प्रसाद अनिल प्रसाद आदि मौजूद थे।

# गरीब परिवारों के राशन की कालाबाजारी, लाभुकों की नहीं हो रही कहीं सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** राज्य सरकार गरीबों को भर पेट भोजन देने के लिए उन्हें राशनकार्ड योजना से जोड़ने के लिए उनके घर तक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन उनके ही मातहत जविप्र दूकानदार गरीबों का राशन लूटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मामला प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत के घाघरा में संचालित ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह का है। इस जविप्र डीलर हृदया पासवान द्वारा गांव के गरीब तबके के परिवारों को पिछले दो से तीन माह का राशन नहीं देकर कालाबाजारी कर दी गई है। डीलर द्वारा राशन नहीं दिये जाने की फरियाद लेकर बीडीओ सह एमओ के पास गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे बुजुर्ग महिला, पुरुष लाभुक बैठकर बीडीओ का घंटों इंतजार करते रहे।

लाभुक मंजु देवी, मीना देवी, बसंती देवी, देवंती देवी, लालती देवी आदि ने बताया कि ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर हृदया पासवान द्वारा हमलोगों से मशीन में अंगूठा लगवाकर और पर्ची निकाल लेने के बाद भी पिछले अक्टूबर और नवंबर दो माह का राशन नहीं दिया गया है, जबकि एक अन्य लाभुक सुखाड़ी पासवान ने बताया कि डीलर द्वारा मुझे पिछले तीन माह का राशन नहीं दिया गया है। लाभुकों ने कहा कि जब हमलोग डीलर से राशन की मांग करते हैं, तो अगले महीने राशन देने की बात कहता है। इस बार जब हमलोग नवंबर माह का राशन मांगे तो कहता है कि राशन खत्म हो गया है, जाओ यहां से दिसंबर में राशन ले जाना और डीलर ने हमलोगों को जविप्र दुकान से डांट फटकार कर भगा दिया। वहीं ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर हृदया पासवान ने बताया कि नवंबर माह का राशन खत्म हो गया है, जिसके चलते कुछ लोगों को राशन नहीं मिल सका है, उन्हें दिसंबर में मिल जायेगा। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने बताया कि अगर इस प्रकार का मामला सत्य पाया जाता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने नगर उंटारी के नए थाना भवन का किया उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने गढ़वा आगमन पर गुरुवार को नगर उंटारी के नवनिर्मित थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस मौके पर थाना भवन को फूल माला से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। उद्घाटन के बाद थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने पूजा कर नये थाना भवन में कार्य प्रारंभ किया। मौके पर पुअनि कुणाल किशोर एसआई श्रीकांत पांडेय, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, पूर्व प्रखंड प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, आप नेता मंटू पांडेय, भाजपा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, कुशदंड पंचायत के मुखिया रेखा देवी सहित गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## दो पहिया वाहन पर सवार होकर 80 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित करने पहुंचे बीडीओ

### प्रखंड विकास पदाधिकारी की कार्यप्रणाली की मुखिया सहित ग्रामीणों ने की प्रशंसा



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** बीडीओ राहुल कुमार सानू के लिए वाहन एक बड़ी समस्या बनकर रह गई है। वाहन के अभाव में क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ सरकार के निर्देश के आलोक में कई तरह के कार्यों को करने में उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार को बीडीओ की यह समस्या उस समय सार्वजनिक हुई जब राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दो पहिया वाहन पर सवार होकर वे 80 वर्ष से ऊपर वाले मतदाताओं को सम्मानित करने प्रखंड के लवाही पंचायत पहुंच गए। मतदाताओं को सम्मानित करने पंचायत सचिवालय पहुंचे बीडीओ को देख मुखिया बच्चा लाल गुप्ता के साथ-साथ सैकड़ों ग्रामीण आश्चर्यचकित हो गए। सभी लोग बीडीओ के क्रियाकलाप की प्रशंसा का पुल बांधने से पीछे नहीं हटे। मुखिया ने कहा कि काश! इस तरह के पदाधिकारी की पोस्टिंग इससे पूर्व हमारे ब्लॉक में हुई होती तो अब तक कितने गरीब और निरीह परिवार के साथ-साथ बुजुर्गों का भी कल्याण हो गया होता। उन्होंने कहा कि आज सिर्फ बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम था। इस लिहाज से वे दोपहिया वाहन पर सवार होकर हमारी पंचायत पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि प्रखंड का कोई भी बीडीओ आज तक ऐसा नहीं हुआ दो पहिया वाहन पर सवार होकर हम लोगों के बीच आया हो। इस दौरान बीडीओ ने 80 वर्ष से ऊपर के उम्र वाले रामावतार यादव, लक्ष्मण यादव, नंदकिशोर यादव, मोति साह, चुली प्रजापति आदि बुजुर्ग मतदाताओं को गुलदस्ता भेंट कर, माला पहनाकर सम्मानित किया। बीडीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया गया है। कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं की अहम भूमिका है खासकर, 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं की। वहीं बीडीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सीओ साहब की ड्यूटी लगी है। अपने वाहन को लेकर वे वहां पर चले गए।

**प्रदर्शन** संवेदक प्रतिनिधि व ग्रामीणों के बीच नोकझोंक, पुलिस ने कई के फोन छीने, कई को थाना लाया गया

# घटिया सड़क निर्माण कार्य का विरोध दूसरे दिन भी रहा जारी



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर दूसरे दिन गुरुवार को भी ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। गुरुवार की अहले सुबह डंडई के देवी धाम टोला में सड़क का निर्माण करने पहुंचे संवेदक के प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। मामला इतना बढ़ गया कि कार्य स्थल पर पुलिस को भी आना पड़ा।

संवेदक की जानकारी पर स्थल पहुंची पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य का विरोध कर रहे कई लोगों के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिये, कई लोगों को पकड़ कर थाना तक भी ले जाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया सड़क निर्माण कार्य का कल से ही हम सभी ग्रामीण विरोध कर रहे हैं, लेकिन संवेदक के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। यहां तक कि कार्य की गुणवत्ता में सुधार न कर हम लोगों को उनके द्वारा पुलिस से पकड़वाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कल की तरह आज भी बिन रोलिंग और भूमि पर बिना छरी दिए ही ढलाई कार्य शुरू किया जा रहा था। इसका हमने विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर संवेदक ने पुलिस को बुला लिया। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक द्वारा जिस तरह से पीसीसी सड़क की ढलाई की जा रही है उसका कोई ठिकाना ही नहीं है कि वह कब तक चलेगा। प्राक्कलन के विपरीत पीसीसी ढलाई कार्य होने का नतीजा है कि पवन कुमार की दुकान के पास 50 फीट से भी अधिक की दूरी में पूरी तरह सड़क फट गई है। यही अंजाम देवी धाम टोला में भी पीसीसी सड़क का होगा। समाचार लिखे जाने तक स्थल पर पहुंचे थाना के जेएसआई संतोष कुमार द्वारा पीसीसी सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई थी।

मालूम हो कि घटिया सड़क निर्माण कार्य का डंडई के देवी धाम टोला के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से बुधवार को भी हो हंगामा कर विरोध प्रदर्शन करने का काम किया था। साथ ही कंक्रीट सामग्री को अपने-अपने हाथों में लेकर उनके द्वारा उक्त स्थल पर बवाल काटने का काम किया गया था। स्थल पर पहुंचे जेएसआई संतोष कुमार ने कहा कि संवेदक के प्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक होने की जानकारी मिली थी। उसी के आलोक में हम सभी उक्त स्थल पहुंचे हैं।

## सम्राट जरासंध के जयंती कार्यक्रम को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में चंद्रवंशी समाज की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता कोयल चंद्रवंशी ने की। मंच का संचालन शंकर प्रिय ने किया। सर्वप्रथम भवनाथपुर, केतार प्रखंड के चंद्रवंशी समाज के उत्थान हेतु पूर्व में प्रयासरत स्व. बेलास राम, सुखदेव राम, सरजू राम, बिरझन वर्मा सहित सभी 44 चंद्रवंशी अभिभावक गण की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 10 दिसंबर को गढ़वा टाउन हॉल के मैदान में होने जा रहे प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5226 वीं जयंती सह चंद्रवंशी परिवार मिलन समारोह को सफल बनाना है। उक्त कार्यक्रम में भवनाथपुर, खरौंधी, केतार से भी चंद्रवंशी समाज के लोग पहुंचेंगे। बैठक में चंद्रदीप राम चंद्रवंशी, सुरेश कुमार चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, मनोज कुमार चंद्रवंशी, बुचुल राम चंद्रवंशी, रमेश कुमार चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, कुंज बिहारी राम चंद्रवंशी, डोमन राम चंद्रवंशी, शंकर प्रिय राम चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार।** जिले के तरवाडीह पंचायत अंतर्गत कोने गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना योगदान देने की शपथ दिलायी गयी। लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में कई लाभुकों ने योजना का लाभ लेने के बाद अपने जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के बारे बताया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाया गया। इसमें लोगों के बीच निःशुल्क दवाइयों का वितरण व लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। प्रखंड प्रमुख ने 2 लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। वहीं कृषि विभाग ने ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़-नाटक के माध्यम से भी लोगों को डायन प्रथा के प्रति जागरूक किया गया।

### पशु लदा कंटेनर टकराया खड़े ट्रक से

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के एनएच 39 पर स्थित उदयपुर के पास एक अनियंत्रित कंटेनर खड़े ट्रक से जा टकराया, जिसमें कुछ पशुओं की मौत की भी सूचना है। यह घटना गुरुवार अहले सुबह की है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि घटना के बाद से कंटेनर का चालक फरार है। कंटेनर में पशु लदा है और यह लातेहार से रांची की ओर जा रहा था। तभी उदयपुरा के पास पिछले लगभग एक सप्ताह से खराब पड़े खड़े ट्रक में टकरा गया, जिसमें तीन से चार पशुओं की मौत हो गई है। लातेहार पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सीआरपीएफ कैंप में सामग्री का वितरण

**लातेहार।** सीआरपीएफ कैंप कुमंडी में सीआरपीएफ 214 बटालियन के सी कंपनी के द्वारा गुरुवार को गांव देहात के जरूरतमंद लोगों के बीच सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सिंटेक्स मच्छरदानी लाइट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, सहायक कमांडेंट पहलाद रजक ने जरूरतमंद लोगों के बीच सामग्री का वितरण किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में गांव देहात के महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक कृष्णा मोची को अंग वस्त्र सहित अन्य उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी गयी। उपस्थित अतिथियों व शिक्षकों ने मोची की सराहना करते हुए कहा कि अच्छे शिक्षक के रूप में कार्य करने की प्रसंसा भी की। मौके पर शिक्षक, बच्चे मौजूद थे।

### मुखिया ने की कार्यकारणी की बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में कार्यकरणी की बैठक हुई। वार्ड सदस्यों ने पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुवे सर्वसम्मति से नली, पीसीसी पथ, चबूतरा, कूप मरम्मती कराने सहित कार्यों को करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, उपमुखिया मंजू देवी, इंद्रजीत उर्फ, कैलाश दांगी, अमिर दांगी, रामदेव यादव, ममता देवी, कविता देवी, सुषमा देवी आदि उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त लिपिक को दी गई विदाई

**प्रतापपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय सभाकक्ष में गुरुवार को समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त लिपिक विजय कुमार सिन्हा को भावपूर्ण विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार दुबे ने की। संचालन प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय प्रतापपुर के प्राचार्य सर्वेश कुमार सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सिन्हा को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर विदाई दी। वक्ताओं ने उनके मृदु स्वभाव व इस विद्यालय में उनके चार वर्षों के कार्यकाल की प्रशंसा की। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समरेंद्र कुमार पासवान समेत अन्य ने संबोधित किया।

### विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला आयोजित

**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व विशिष्ट अतिथि झारखंड मंत्रालय में कार्यरत ओम प्रकाश सिंह आदि ने संयुक्त रुप से किया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया। बच्चों ने चंद्रयान-3, इसरो रोबोट, ग्रीन सिटी, हाइड्रोइलेक्ट्रिक उत्पादन, आदित्य एल 1, सोलर एनर्जी सहित अन्य मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों के द्वारा समोसा, चाय, चाऊमीन सहित अन्य स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर विद्यालय के निर्देशक प्रवीण प्रकाश ने कहा कि 2014 से विद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक विद्यालय के परीक्षा फल में उत्तरोतर विकास होता गया है। विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य कम शुल्क मे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना है।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के पांचवें दिन डाहा पहुंचे उपायुक्त अबु इमरान

# आमजनों को पौधा, लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र व चेक का वितरण



नवीन मेल संवाददाता। चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के डाहा पंचायत, चतरा के सिकीद, इटखोरी के इटखोरी, सिमरिया के कसारी, टंडवा के नावाडीह उर्फ तेलियाडीह, प्रतापपुर के हुमाजांग में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान हंटरगंज के डाहा पंचायत में आयोजित आपके द्वार कार्यक्रम का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर, कल्याण मंच से उन्होने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया।

वहीं असहाय व गरीब लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया और कार्यक्रम में आये आमजनों को पौधा देकर उनका स्वागत किया। वहीं जेएसएलपीएस की महिलाओं के बीच चेक व लाभुकों के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सभी आमजनों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पंचायत में होने वाले कार्यक्रम में पहुंच सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार पांचवें दिन चतरा प्रखंड के सिकिद के कार्यक्रम में प्राप्त 909 आवेदनों में 362 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया, हंटरगंज के डाहा में आए 1378 आवेदनों में 1348 का निष्पादन किया गया, इटखोरी में आए 550 आवेदनों में 347 का, सिमरिया के कसारी में आए 1376 आवेदनों में 361 का, टंडवा के नावाडीह उर्फ तेलियादिह में आए 1181 आवेदनों में 440 का व प्रतापपुर के हुमाजांग में आए 930 आवेदनों में 606 का निष्पादन किया गया। शुक्रवार को कुंदा प्रखंड के सिकीदाग पंचायत, हंटरगंज के गेरूआ, नगर परिषद क्षेत्र चतरा में मध्य विद्यालय दिभा 4 व 5 वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

## हुमाजांग पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 400 अबुआ आवास का निबंधन

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड के हुमाजांग पंचायत में गुरुवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 400 अबुआ आवास योजना के लाभुकों का निबंधन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अजय कुमार दास, मुखिया सावित्री देवी, कांग्रेस जिला युवाध्यक्ष मोती पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष किशोर यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष खेदु यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रकीबुल इमाम, सिदकी मुखिया सुरेश राम, कांग्रेस नेता अशोक वर्मा, बीपीएम नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम स्थल पर कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। मौके पर उपस्थित बीडीओ व प्रतिनिधियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर जरूरतमंद लोगों को सुगमता पूर्वक सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधितों को दिया। ग्रामीणों द्वारा विभिन्न स्टालों पर 500 आवेदन समर्पित किए गए। जिन में से कुछ का त्वरित निष्पादन भी किया गया। वहीं सबसे ज्यादा 400 आवेदन अबुआ आवास के थे। जिसका निबंधन किया गया। इस अवसर पर तीन हजार फलदार पौधे का भी वितरण किया गया।



# 'अवैध संबंध' से जन्मे नवजात शिशु को फेंका

## रोती हुई मिली बच्ची, ग्रामीणों ने दो महिला व एक पुरुष को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड स्थित ग्रिनगोला से ग्रामीणों ने एक नवजात शिशु रोता हुआ पाया। शिशु को देखने के लिए धीरे-धीरे भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान ग्रामीणों ने नवजात शिशु को फेंकने के आरोप में दो महिलाओं एवं एक पुरुष को पकड़ा। पूछताछ करते हुए घटना की सूचना थाना को दी गई। इसके बार एएसआई द्वारिका नाथ पांडे महिला पुलिस कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सख्ती से पूछताछ की। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाईक से दूरभाष से वार्ता कर जच्चा बच्चा एवं साथ में रह रहे एक महिला व एक पुरुष को अपने वाहन से बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।



घटना के संबंध में नवजात शिशु को फेंकने में शामिल मंगरू उरांव ने बताया कि मैं हेरहंज प्रखंड के ग्राम पंचायत कशमार के रहने वाला हूं। मैं अपने पत्नी सुजिता देवी और कशमार के बसरिया टोला स्थित खैराटांड निवासी स्व. कामेश्वर उरांव की पत्नी सुनिता मसोमात के साथ हजारीबाग के इचाक ग्राम के क्रेशर में पत्थर फोड़ने का कार्य करते हैं। इसी बीच सुनिता के साथ मेरा संबंध रहा, जिससे सुनिता गर्भवती हो गई। उसने बीती रात बारियातु बस स्टैंड के समीप यात्री शेड में मेरी पत्नी ने प्रसव कराया। प्रसव के पश्चात हम तीनों ने योजना बनाकर नवजात बच्ची को फेंक दिया था। नवजात बच्ची को देखने आये लोगों में से दर्जनों महिला-पुरुषों ने पालन पोषण करने का इच्छा जताई। नवजात शिशु के संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बड़ाईक से बात करने पर बताया कि नवजात को स्वास्थ्य जांच कर लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## विनोद यादव की पहल ने बचाई महिला की जान

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक के पास अज्ञात मोटरसाइकिल ने एक महिला को पीछे से धक्का मार दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला वहीं पर तड़पती रही, मदद के लिए चिल्लाती रही मगर कोई आगे नहीं आया। वहीं टीएलवी के विनोद यादव को इसकी जानकारी मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला को अपने निजी वाहन से लातेहार सदर हॉस्पिटल लाया। प्राथमिक उपचार के बाद फिलहाल महिला ठीक है। विनोद यादव ने कहा कि महिला को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा थी फिर भी किसी ने मदद करने की बात नहीं सोची। लोग महिला का फोटो लेकर वहां से चले गए। संवेदनहीनता है। लोगों को अगर कोई भी व्यक्ति किसी दुर्घटना के बाद तड़प रहा हो तो उसकी मदद के लिए आगे आना चाहिए, जिससे संबंधित व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। वहीं महिला के परिजनों ने विनोद यादव को तहे दिल धन्यवाद किया। साथ ही अस्पताल के लोगों ने भी विनोद यादव के प्रयास की प्रशंसा की।

# ग्रामीणों ने कोल ब्लॉक कंपनी को जमीन नहीं देने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के बनहरदी पंचायत के ग्राम रेंची में गुरुवार को ग्राम प्रधान बिगु उरांव की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन शुशील उरांव ने किया। सभा में रेंची, रजवार, डड़यांग के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कंपनी को कोयला खदान खोलने के लिए जमीन नहीं देने का निर्णय लिया।

बताते चलें कि सरकार ने टीवीएनएल पावर प्लांट के लिए रजवार कोल ब्लॉक आवंटित किया है। ग्रामीणों के अनुसार कंपनी अपने कुछ स्थानीय कर्मचारियों के माध्यम से जमीन तथा पेड़ पौधे का सर्वे करवा कर सरकार को स्थिति से अवगत करा दिया है। ग्रामीणों को जब से इस बात की जानकारी मिली है तभी से समय-समय पर बैठकें आयोजित करते आ रहे हैं। सभा को बिनेशर उरांव ग्राम प्रधान रजबार, बाबूलाल उरांव डड़यांग के साथ संतोष भगत बनहरदी, कृष्णा यादव डड़यांग, रिना देवी रेंची, सोनिसया कुमारी रेंची और अन्य ने संबोधित किया। मौके पर बीरेंद्र उरांव, नरेश उरांव, चंद्रदेव उरांव मौजूद थे।

# 'विशेष दिव्यांगता जांच शिविर 2 को, अधिक से अधिक उठाएं लाभ'

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड कार्यालय परिसर में 2 दिसंबर को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रखंड के दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड दिव्यांगता जांच के बाद तुरंत बनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने बताया कि प्रखंड के कई दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र नहीं बनने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। दिव्यांगता से मिलने वाली लाभ से वंचित रह जाते हैं। झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को इसका लाभ मिले इसको देखते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि शिविर में शामिल लातेहार की चिकित्सा टीम द्वारा दिव्यंगता जांच करने के बाद दिव्यंगता प्रमाणपत्र यानी यूडीआईडी कार्ड निर्गत कर दिया जाएगा। बीडीओ ने प्रखंड के दोनों जिला परिषद सदस्यों, सभी मुखिया, सभी पंचायत समिति सदस्यों, सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी-अपनी पंचायत के दिव्यांगजनों को सूचना दें जिससे इसका लाभ उठा सकें।



## मोहन बागान व कोलकाता इलेवन के बीच मैच की तैयारी अंतिम चरण में

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मोहन बागान और कोलकाता इलेवन फुटबॉल टीम के बीच आयोजित होने वाले एक दिवसीय सद्भावना मैच की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू मैच से पूर्व तैयारी को लेकर पिछले दिनों चतरा आए हुए थे। उन्होंने जवाहर नगर स्टेडियम का निरीक्षण भी किया। इस संबंध में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि हाजी साबिर हुसैन ने बताया कि मैच को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। मैच कोलकाता इलेवन और मोहन बागान के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान सुब्रत भट्टाचार्य कोऑर्डिनेड कर रहे हैं। आगे बताया कि अगले नौ दिसंबर को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में दोपहर दो बजे से मैच शुरू होगा। उन्होंने जिलेवासियों से बड़ी संख्या में स्टेडियम में पहुंचकर मैच का आनंद उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आम तौर पर चतरा में ऐसे आयोजन नहीं होते हैं। लेकिन इस बार यह भव्य आयोजन हो रहा है। राज्यसभा सांसद श्री साहू मैच देखने के लिए राज्य के कई मंत्रियों और अधिकारियों को भी आमंत्रित किया है।

# 80 प्लस वोटर किए गए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** प्रखंड अंतर्गत बालूमाथ एवं झाबर पंचायत में 80 वर्ष से ज्यादा दर्जनों मतदाताओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कंबल देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीडीओ बालूमाथ पंचायत अंतर्गत बड़का बालूमाथ में घर-घर जाकर कई पुराने वोटरों को कंबल देकर सम्मानित करते नजर आए। इस दौरान बीडीओ के साथ-साथ आंगनबाड़ी प्रवेक्षिका कामिनी कुमारी एवं सेविका सुलेखा कुमारी भी साथ रहीं। पुराने मतदाताओ में सम्मानित होने वालों में से समुद्री देवी आदि शामिल हैं।





### बीएलो ने मतदाताओं को किया सम्मानित

**बारियातु।** लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के सभी बीएलो द्वारा मतदान केंद्रों पर कैंप कर 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को सम्मानित किया गया। बीडीओ ने मतदान केंद्र संख्या 68, व 69 पर 97 वर्षीय जगदेव महतो व 87 वर्षीय सनीचरी देवी को फुल व कंबल देकर सम्मानित किया। सुपरवाइजर प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## पहल: निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वरिष्ठ मतदाता सम्मान अभियान चलाया गया

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वयोवृद्ध वोटर को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरुवार को वरिष्ठ मतदाता सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने हंटरगंज प्रखंड के नावाडीह पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 7 में 80 प्लस आयु वर्ग के वयोवृद्ध मतदाताओं से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकरी ली और उन्हे सम्मानित किया। साथ ही मतदान के महत्व को बताया। उन्होने उपस्थित आम जनों से भी अपील किया कि अगर मतदाता सूची में आपका नाम छुटा है तो वे अपने क्षेत्र के बीएलओ व मतदान केन्द्र पर जाकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराएं। इस दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हंटरगंज, क्षेत्र के बीएलओ एवं सुपरावाईजर समेत संबंधित उपस्थित थे। ज्ञात हो कि कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सह डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा व सिमरिया, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ, बीएलओ, सुपरावाईजर अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर उन्हे सम्मानित किया।

### बीडीओ ने वरिष्ठ मतदाताओं को किया सम्मानित

**मयूरहंड(चतरा)।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। चुनावों में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मयूरहंड प्रखंड में मतदान के प्रति जागरूक के लिए मयूरहंड निवासी वयोवृद्ध श्रीप्रसाद सिंह 103 और समर महतो 95 वर्ष को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बताया गया की दोनों वरिष्ट मतदाता सभी चुनाओं में लगातार मतदान करते रहे हैं। ऐसे में युवाओं को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रेरणाश्रोत के रूप में सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, बीपीआरओ सतीश मिश्रा व बीएलओ आदि उपस्थित थे।



# गुरुद्वारा पहुंचे उपायुक्त ने दी प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** जिले के हंटरगंज प्रखंड के डुमरी कला में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सिखों के प्रथम गुरु नानक देव जी का 554वां पावन प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। गुरुवार को उिपायुक्त अबु इमरान ने हंटरगंज प्रखंड भ्रमण के क्रम में डुमरी कला स्थित गुरुद्वारा पहुंच सिख समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान गुरूद्वारा में गुरू सिंघ सभा के सदस्यों द्वारा उपायुक्त से आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। जिसमें सामुदायिक भवन, भूमि की उपलब्धता शामिल है। उपायुक्त ने मौके पर उपस्थित बीडीओ व अंचल अधिकार को निर्देशित किया कि सरकारी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाय। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं सभी सिख समाज की ओर से उपायुक्त को सम्मानित किया। उपायुक्त ने श्री गुरु नानक देव जी के 554वां पावन प्रकाश पर्व उत्सव पर प्रकाश डाला।

## गागर में सागर

### ललित मुंडा को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम कुडू प्रखंड के बड़कीचांपी पंचायत स्थित कुंदगढ़ा स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़कीचांपी निवासी ललित मुंडा को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि 30 डिसमिल में सब्जी की खेती कर रहे हैं, जिसके लिए खेत में सिंचाई के लिए पानी की बहुत समस्या होती है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या खत्म हो जाएगी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर ललित मुंडा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम किया गया सीधा प्रसारण



**लोहरदगा।** केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने और छूटे हुए योग्य लाभुकों को जोड़ने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अनुसूचित जनजाति आबादी वाले 70 जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर गुरुवार को लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड के गजनी, हनहट, सढ़ाबे, गुड़ी, कैरो पंचायत, किस्को प्रखंड के परहेपाट पंचायत, भंडरा प्रखंड, कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत, सेन्हा प्रखंड के डांडू पंचायत समेत सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाभुकों के साथ बातचीत के कार्यक्रम की वेबकास्टिंग की गई। इसमें ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को देखा व सुना।

### भगवान सच्ची लगन व भाव के भूखे होते हैं : आचार्य प्रभुदास महाराज




**कुडू।** भगवान की पूजा व आराधना पूरे भक्ति भाव से करनी चाहिए। भगवान मनुष्य के भाव व भावना को देखते है। मन में सच्ची लगन व भाव हो तो भगवान उनकी हर कामना पूरा करते हैं। भगवान ने भाव के कारण विदुरानी के यहां छिलके का भोग लगाया। उक्त बातें कुडू के बिड़ला शिव मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को वृंदावन से आये व्यास प्रभुदास महाराज ने कहीं। उन्होंने महाभरत का प्रसंग, जिसमें द्रोपदी की पुकार पर भगवान वस्त्र के रूप में अवतार लिए, सुनाते हुए कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, असुर, अधम, अभिमानी बढ़ते हैं, भगवान विविध रूपों में अवतार लेकर विधर्मियों का नाश कर धर्म की स्थापना करते हैं। सुखदेव आगमन व विदुर चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान भाव के भूखे हैं।

### लाखिया उरांव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम कैरो प्रखंड के सढ़ाबे पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सढ़ाबे निवासी लाखिया उरांव को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ मिला। उन्होंने बताया कि अपने खेत में सिंचाई के लिए दूसरों के कुएं से पानी लेना पड़ता था, जिसके कारण कई बार दिक्कत होती थी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के अंतर्गत अब सिंचाई कूप मिल गया है तो इसके निर्माण के बाद सिंचाई की समस्या खत्म हो जाएगी। सिंचाई से उत्पादन बढ़ेगा तो आर्थिक समस्या दूर होगी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर लाखिया उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

### वार्ड 7 में हुआ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



**लोहरदगा।** नगर पालिका क्षेत्र के मैना बगीचा वार्ड 7 लोहरदगा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत शिविर/ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित कुल 205 आवेदन प्राप्त हुए तथा 80 जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उक्त शिविर में लेखा पदाधिकारी, सभी नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### कृषि के साथ घरेलू उत्पाद व्यवसाय में भी हाथ आजमा रही हैं महिलाएं

# महिलाएं सखी मंडल व एफपीओ से जुड़कर हो रही हैं आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार योजनाएं चलाई जा रही हैं। वहीं अब जिले की महिलाएं सखी मंडल और एफपीओ से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र में अब सखी मंडल की महिलाएं कृषि के क्षेत्र के साथ-साथ घरेलू उत्पाद व्यवसाय में भी हाथ आजमा रही हैं और अपनी आय को बढ़ा रही हैं। प्रदान और नाबार्ड के द्वारा एफपीओ सेनेम निरेम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का निर्माण कर 800 महिला किसान को जोड़ा गया है ताकि उनके उत्पादन को बड़े बाजार तक पहुंचाने का कार्य किया जा सके।



कंपनी द्वारा उद्यमी महिलाओं को जोड़कर उन्हें व्यवसाय के क्षेत्र में व्यायशायिक शिक्षा के साथ खाद्य-बीज और उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने में मदद करती है, जिससे महिलाओं को घर बैठे उत्पाद का मूल्य मिल जाता है। कुडू प्रखंड क्षेत्र में अब महिलाएं पारंपरिक खेती के साथ साथ स्ट्रॉबेरी, हल्दी, मधुरस, आचार, मड़वा आटा के उत्पादन के साथ पेपर प्लेट का निर्माण कर अच्छी आमदनी कर रही है। जिले की एमलिन कंडुलना स्ट्रॉबेरी की खेती करती हैं, तो प्रमिला देवी हल्दी की खेती कर रही हैं। वहीं अब एफपीओ सेनेम नीरेम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से महिलाओं के उत्पाद ग्राहकों को एक ही जगह देखने को मिल रहे हैं, जिसमे स्ट्रॉबेरी, घरेलू उत्पाद हल्दी, मधुरश, मड़वा आटा, आचार, पेपर प्लेट शामिल हैं। प्रदान के लिए महिला उत्थान कार्यों से महिलाएं भी खुश हैं और लगातार एफपीओ से जुड़कर अपने उत्पादन को बड़े बाजारों तक पहुंचा रही हैं। अबतक जिले की 800 महिला किसान एफपीओ से जुड़कर आत्मनिर्भर बन अपनी आय को बढ़ा रही हैं। प्रदान संस्था के टीसी फहद खान, एक्सक्यूटिव विकास मिश्रा और काआर्डिनेटर सूरज प्रकाश मंडल एफपीओ को आगे बढ़ने में जुटे हुए हैं और लगातार महिला किसानों की आय बढ़ाने के लिए एफपीओ से जोड़ रहे हैं। प्रदान के सूरज प्रकाश मंडल ने बताया कि एपीओ बनाकर लगातार सखी मंडल की दीदियों को सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है, जिससे महिलाएं सशक्त बन जाएं और उनकी आय बढ़ सके।

# पीएम की लाभार्थियों से वर्चुअल बातचीत का पंचायतों में प्रसारण

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड की सभी नौ पंचायतों में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से बातचीत का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर ड्रोन दीदी कार्यक्रम की भी शुरुआत की। इस पहल के तहत महिला स्व-सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे, ताकि इस प्रौद्योगिकी का उपयोग कृषि क्षेत्र में किया जा सके। अगले तीन वर्षों में महिला स्व-सहायता समूहों को कुल 15 हजार ड्रोन प्रदान किये जाएंगे। महिलाओं को ड्रोन की उड़ान और इसके उपयोग से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एम्स देवघर में 10 हजारवां जन-औषधि केंद्र समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने देश में जन-औषधि केंद्रों की संख्या 10 हजार से बढाकर 25 हजार किए जाने के कार्यक्रम की भी शुरुआत की। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना प्रधानमंत्री का विजन है और विकसित भारत संकल्प यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। बीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम देश के 70 जिलों में किया जा रहा है, जिसमें लोहरदगा जिला का नाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में एलईडी वाहन के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया जाएगा। कार्यक्रम में सभी विभाग के स्टाल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। केंद्र सरकार की योजनाएं केसीसी ऋण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजना सहित बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि भंडरा प्रखंड के भीठा व बड़ागाई पंचायत में सात दिसंबर, आकाशी व उदरंगी पंचायत में आठ दिसंबर, मसमानो व भंडरा पंचायत में नौ दिसंबर, भौंरो व गडरपो पंचायत में दस दिसंबर तथा जमगाई पंचायत में 11 दिसंबर को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों के क्वीज प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

# सांसदों की रेल मंडलस्तरीय बैठक में यात्रियों की सुविधा पर चर्चा

### लोहरदगा स्टेशन का नाम स्वतंत्रता सेनानी शहीद गणपतराय के नाम किया जाय : सांसद समीर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से रेलमंडल स्तरीय सांसदों की रेलवे अधिकारियों के साथ संपन्न हुई बैठक में राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कुछ प्रमुख ट्रेनों को लोहरदगा होकर परिचालित करने की बात उठाई। सांसद ने श्रीराम जन्मभूमि और रामलला (अयोध्या) से कनेक्टिविटी का मामला उठाया। इसी अनुरूप उन्होंने रांची से जयपुर, रांची से बनारस (वाया लोहरदगा) रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या होते हुए लखनऊ (गोमती नगर) तक ट्रेन का परिचालन करने के साथ ही दक्षिण भारत की ओर मुख्यतः सीएमसी वेलोर हॉस्पिटल इलाज कराने जाने वाले यात्रियों की सुविधा लिए ट्रेन के परिचालन को जरूरी बताया। झारखंड की राजधानी रांची को हजारीबाग एवं अन्य जगहों से रेल नेटवर्क से जोड़ने के सुझाव पर रेलवे अधिकारियों ने यह विश्वास दिलाया कि इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी। चर्चा के दौरान यह भी बताया गया कि रांची की मांग पर हटिया से कोचुवेली केरल और हटिया से अहमदाबाद नॉन एसी स्लीपर और जनरल डिब्बा के साथ चलने वाली ट्रेन को मंजूरी मिल गई है, जिसे जल्द चलाया जायेगा। सांसद ने कहा कि आजादी के इस अमृत वर्ष में स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद पांडे गणपतराय के नाम पर लोहरदगा स्टेशन का नाम रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य अत्यंत प्रशंसनीय होगा।

### किस्को में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत किस्को प्रखंड के देवरिया पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत स्टॉल लगाकर बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। विशेष कर अबुआ आवास योजना, बिरधा पेंशन विधवा पेंशन, पशुधन, बीज वितरण, कंबल वितरण, धोती साड़ी वितरण, का लाभ ग्रामीणों को मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, प्रमुख सुचित्रा भगत प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण उरांव उप प्रमुख गीता देवी विश सूत्रीअध्यक्ष शामुल अंसारी, देवरिया पंचायत के मुखिया कामिल टोपनो, उप मुखिया आशीष कुमार, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा।

# जांच शिविर में 120 लोगों का निःशुल्क नेत्र जांच व रक्त परीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा के सेवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण विभाग झारखंड सरकार की ओर से वितपोषित विकाश भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल, बसारडीह लोहरदगा में निःशुल्क नेत्र जांच एवं रक्त परीक्षण सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 लोगों का निःशुल्क नेत्र जांच एवं रक्त परीक्षण किया गया। साथ ही सभी को आई ड्रॉप एवं आवश्यक औषधियां दी गईं एवं सभी मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक मनोज दास ने कहा कि झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची एवं सेवा विभाग और विकाश भारती का संयुक्त प्रयास इस शिविर के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे लोहरदगा लातेहार एवं रांची तीनों जिलों के ग्रामीण जनजातीय एवं सुदुर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। इस आयोजन में कल्याण अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एस के सिन्हा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अजीत अग्रवाल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ आस्था सिन्हा, आरएमओ डॉ पीपी सिन्हा, डॉ चंदन कुमार एवं झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, कल्याण अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, लाइजनिंग मैनेजर राजीव रंजन, जिला कार्यवाह सचिन किसलय, जिला प्रचारक, दीपक कुमार, मिथुन तमेड़ा, मुकेश साहु, बौद्धिक प्रमुख, देवेंद्र मंडल, फारुख अंसारी, अरुण राम, जमुना साहु, जीएनएम अनिता केरकेट, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, फार्मासिस्ट वरुण सिंह, ननकी देवी, सीता देवी, दिलेश लोहरा, चंद्रकिशोर टाना भगत, एएनएम यशिका तिग्गा, प्रेमिका कुजूर आदि का सराहनीय योगदान रहा। आगामी 2 दिसंबर को कल्याण अस्पताल बासरडीह में पथरी, प्रोस्टेट, कैंसर एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र मोहन शुक्ला, हड्डी जोड़ नस रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक मधुर, एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, जेनरल सर्जन डॉ नेहा ज्योति मधुर के द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श जांच एवं औषधियों का वितरण किया जाएगा।

# उप विकास आयुक्त ने जिले वासियों से की दो दिवसीय पुस्तक मेले में भाग लेने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** गुमला जिले में शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वार एक महत्वपूर्ण गतिविधि सिकछा कर भेंट का शुभारंभ किया गया था। इसी के क्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से आगामी आठ व नौ दिसंबर को झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में किया जाएगा। मेले में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय विभिन्न भाषाओं के प्रसिद्ध लेखकों व प्रकाशकों को आमंत्रित किया जाएगा।

गुरुवार को पुस्तक मेला को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार पुस्तक मेले के माध्यम से सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस तथा आदर्श विद्यालयों में संचालित पुस्तकालयो के लिए पुस्तकों का क्रय भी किया जाएगा। पुस्तक मेला में प्रवेश शुल्क निः शुल्क होगा। उन्होंने बताया की इस पुस्तक मेले में कई नामचीन प्रकाशक - प्रभात प्रकाशन, अवनी प्रकाशन, राजकमल प्रकाशक,टीएमएच, लोहिया, ऑरेंज,अश्विनी आदि जैसे प्रकाशक शामिल होंगे।पुस्तक मेला में 30 से अधिक प्रकाशकों द्वारा स्टॉल्स लगाए जाएंगे। जिसमें महापुरषों की जीवनी, अंग्रेजी, हिंदी एवं स्थानीय भाषाओं के साहित्यिक तथा पाठ्य क्रम की किताबों के अलावा हजारों की संख्या में किताबे देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि गुमला जिले के पुस्तक प्रेमियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है, वे अपनी पसंदीदा किताबों को खरीद एवं पढ़ सकेंगे। थीम आधारित इस पुस्तक मेला में कई स्कॉलर्स को भी आमंत्रित किया जाएगा। इनमें स्तंभकार पुष्पेंद्र पंत, वरुण ग्रोवर, पार्वती तिर्की, जसिंता केरकेट्टा, रविंद्र कुमार,छुटनी महतो, शकुंतला मिश्रा, झारखंड के लाइब्रेरी मैन संजय कच्छप,अक्षय बहिबाला,चंद्रहास चौधरी, राजकुमार,अनुज लुगुन, महादेव टोप्पो जैसे साहित्यकार, स्तंभकार, समाजसेवी ,कलाकार आदि शामिल हैं। इसके अलावा पुस्तक मेले में सभी स्कॉलर्स के बीच थीम आधारित एक पैनल डिस्कशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी आमंत्रित अतिथियों द्वारा अपने विचारों को साझा किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि लोगों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा बुक रीडिंग की हैबिट बढ़ाने के उद्देश्य से पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका एक मात्र उद्देश्य पुस्तक पढ़ने का प्रचलन को पुनर्वजीवित करना है।इस दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले वासियों से इस 2 दिवसीय पुस्तक मेले में भाग लेने की अपील की।

### जिले की चार पंचायतों में हुआ आपके द्वार कार्यक्रम

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले के चार प्रखंडों की चार पंचायतों में किया गया। गुरुवार को यह कार्यक्रम सदर प्रखंड की हेसल पंचायत, कुडू प्रखंड की बड़कीचांपी पंचायत, किस्को प्रखंड की देवदरिया पंचायत और सेन्हा प्रखंड की तोड़ार पंचायत में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, आयुष्मान कार्ड, कंबल वितरण योजना से लाभान्वित किया गया। सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं के आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में नुक्कड़-नाटक कला दल के कलाकारों ने डायन प्रथा उन्मूलन, बेटी की शिक्षा समेत अन्य जागरूकता के कार्यक्रम किये। कार्यक्रम में बड़कीचांपी पंचायत में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश कुमार साव, अंचल अधिकारी प्रवीण सिंह, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

### साइकिल-बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत से 9 घायल

**भंडरा / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरा लोहरदगा मुख्य सड़क मार्ग पर मसमानो मोड़ के समीप साइकिल बाइक की आमने सामने भिड़त से दो परिवार के 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क दुर्घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भैसमुंदो गाव निवासी फूलचंद महतो अपनी पत्नी व एक बच्ची के साथ अपने साइकिल मे भंडरा आ रहा था। इसी बीच किस्को निवासी फूलचंद उरांव अपनी पत्नी व चार बच्चों के साथ अपनी बाइक से लोहरदगा की ओर जा रहे थे । मसमानो मॉड के समीप फूलचंद की बाइक साइकिल सवार फूलचंद को ठोकर मार दी । दुर्घटना मे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गये । दुर्घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे समाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद आलम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि इस घटना में फूलचंद महतो एव फूलचंद उरांव को सिर एवं हाथ में गंभीर चोट लगी है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता खुर्शीद आलम व स्थानीय ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से रफ्तार में सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की गति सीमा पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन से मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर इन वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में और भी दुर्घटना हो सकती है।

**उपलब्धि** प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिशु मंदिर लोहरदगा को ओवरऑल द्वितीय स्थान

# सर्वश्रेष्ठ धाविका बनी दिव्या उरांव

**नवीन मेल संवाददाता।** लोहरदगा विद्या विकास समिति की ओर से आयोजित 34 वें प्रांतीय खेलकूद समारोह 28 नवंबर से 30 नवंबर तक बाघमारा में संपन्न हुआ, जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रांत में लोहरदगा जिला का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में बच्चों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिव्या उरांव 100 मीटर फर्राटा दौड़ में प्रथम स्थान, 200 मीटर में अमृता तिर्की ने द्वितीय स्थान एवं 400 मीटर में तृषा जयसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में आरुषि पन्ना ने प्रथम स्थान, लंबी कूद में दिव्या उरांव ने द्वितीय स्थान तथा एथलेटिक्स में ऊंची कूद में कमलेश उरांव ने तृतीय स्थान तथा समूह खेल खो-खो में टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी तथा क्षेत्रीय खेल प्रमुख सुरेश मंडल द्वारा विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सभी सदस्य विभाग प्रमुख, प्रांत संचालक, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, मनोहर दास अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे तथा यहां के स्थानीय लोगों ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी है। इसी कड़ी में प्रबंध समिति के लोगों ने नवीन सत्र में नामांकन का शुभारंभ करने की घोषणा की। नवीन सत्र में नामांकन प्रारंभ है।



# बीएस कॉलेज में राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार समेत तीन सदस्यीय टीम पहुंची

### कॉलेज की कक्षाओं में लगे स्मार्ट बोर्ड व अत्याधुनिक लेंग्वेज लैब की सराहना की

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बलदेव साहू कॉलेज में बुधवार को राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार डॉ इ.बालागुरु सामी, राजभवन से विश्वविद्यालयों के ओएसडी डॉ संजीव राय तथा रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा आये। सभी ने कॉलेज के विधि व्यवस्था का जायजा लिया। कॉलेज के सभी लैबो, पुस्तकालय, कॉलेज स्थित स्टेडियम और शूटिंग रेंज का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज की कक्षाओं में लगे स्मार्ट बोर्ड तथा अत्याधुनिक लेंग्वेज लैब की सराहना की। अंत में वे शिक्षक सदन में सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें संबोधित करते हुए डॉ बालगुरु ने कहा कि शिक्षक देश के वास्तविक निमार्ता होते हैं। आपके अंदर एक करेज होना चाहिए जिससे आप विद्यार्थियों के कौशल को विकसित कर उनका सर्वांगीण विकास कर सकें। हमें भारत को शैक्षिक और सैद्धांतिक रूप से मजबूत करना होगा। इसके लिए प्रत्येक विद्यार्थियों में मजबूत इच्छाशक्ति, साहस और सदचरित्रता को भरना होगा। उन्होंने कॉलेज में जल्द ही कंप्यूटर साइंस के कोर्स शुरू करने हो कहा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस के पी गुप्ता, वरीय व्याख्याता डॉ शशि कुमार गुप्ता, प्रो नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ अजीत गुप्ता, प्रो मनीष मिश्रा, डॉ, रोशन खलको, प्रो. सारोन सुरीन, प्रो.अर्जुन लकड़ा, प्रो.वासुदेव हसा, प्रो.संजय रविदास, डॉ अजय वर्मा, डॉ निखिल कुमार, प्रो अमर,प्रो अंजन, डॉ बुटन महली, डॉ अजय शाहदेव, प्रो. मुकेश यादव सहित कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।



# सेबी ने लगाया 9 संस्थानों व लोगों पर दो साल का प्रतिबंध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजार में कारोबार करने पर 9 लोगों और संस्थानों पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। इन लोगों को निवेशकों से जुटाए गए 8 करोड़ रुपये तीन महीने में वापस करने को कहा है। इसके साथ ही 45 दिनों में 18 लाख रुपये जुमार्ना भी भरने का आदेश दिया है। बुधवार को जारी आदेश में सेबी ने यह जानकारी दी। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें योगेश कुकडिया, राजेश, नितिन राज, सिग्नल2नाइज, कैपिटल पार्टनर्स, इन्वेस्टो इन्वेस्टमेंट, एसएस इन्फो सेल्स, सीटी वेब और अन्य हैं। अप्रैल से अक्तूबर के बीच कोयला आधारित ऊर्जा उत्पादन 8.8% बढ़कर 686.7 अरब यूनिट्स (बीयू) पर पहुंच गया है। एक साल पहले यह 630.7 बीयू था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह बढ़त तापमान में अभूतपूर्व वृद्धि, देश के उत्तरी क्षेत्र में मानसून में देरी और कोविड के बाद पूर्ण वाणिज्यिक गतिविधियों की बहाली के कारण हुई है। वैश्विक ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने कहा है कि 2052 तक अमेरिका और चीन जैसी अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़कर भारत सबसे बड़ी इकनॉमी बनेगा। उस समय हमारी अर्थव्यवस्था 45 लाख करोड़ डॉलर की होगी। 2027 तक जापान को पीछे छोड़ कर तीसरे स्थान पर भारत होगा।

## Office of The Chief Engineer-cum-Executive Director
Programme Management Unit
Drinking Water & Sanitation Department
Doranda Bazar Water Tower Campus,
Doranda, Ranchi-834002
Fax/Phone:0651-2480166 Email:swsm.jharkhand@gmail.com

**Tender Cancellation Notice 1st Call – PR No- 311242**

**Name of Work-** REQUEST PROPOSAL FOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. of State/District water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi,Hazaribagh /Chatra/Ramgarh/Koderma/Latehar /Garhwa/Medininagar/Lohardagga/Simdega/Gumla/Sub Divisional Lab-Panki, Sub Divisional Lab-Nagar Utaari, Sub Divisional Lab Patratu, Sub Divisional Lab- Ormanjhi, Sub Divisional Lab- Barwaadih) is hereby cancelled due to some unavoidable circumstances. New date will be issued in due course of time.

(Sunil Kumar)
Executive Engineer-WQ

PR312307 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## कार्यालय- जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

**-:संशोधित सूचना:-**

**PR. NO.-310323**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबन्धन नवीकरण एवं नव निबंधन हेतु संवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित का अंतिम तिथि 04.11.2023 तक किया गया था।

पुनः आंशिक संशोधन करते हुए अंतिम तिथि 09.12.2023 तक किया जाता है। शेष नियम शर्त यथावत रहेंगे।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 312301 District(23-24)#D

## कार्यालय : जिला परिषद,चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**– शुद्धि पत्र –**

इस कार्यालय के पत्रांक 1894/जि0प0, दिनांक 06.11.2023 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना सं0–40/23–24 (PR No. 310821 District(23-24)#D) में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि : **04.12.2023** से **05.12.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
2. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : **06.12.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **06.12.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
6. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,चतरा

PR 312308 District(23-24).D

## कार्यालय,कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा पुनः सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में अवस्थित 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0– 01 एवं 02 जिसका प्रति गोदाम का क्षेत्रफल कुल 14160 (चौदह हजार एक सौ साठ) वर्गफीट है, का आवंटन किया जाना है, जिसमें पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त दोनो गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृशि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त दोनो गोदाम का आवंटन पर विचार किया जा सकेगा। गोदाम जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में आवंटन किया जाएगा।

अतः इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृशि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 10.12.2023 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज पलामू

PR 312298 District(23-24)D

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।
*Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के स्टेशनरी/मुद्रण/टेन्ट सामग्री/बक्सा/ट्रंक क्रय व मरम्मति के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म हेतु निविदा डालने की अंतिम तिथि–15.12.2023 को 12:00 बजे अपराहन निर्धारित है। निविदा उसी दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा द्वारा गठित क्रय समिति के समक्ष अपराहन 01:00 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता को स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को यथोपेक्षित सामग्रियों के नमूने के साथ रहना अनिवार्य होगा।

सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट www.chatra.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 312321 (Election) 23-24 (D)

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत बड़ा तालाब सैरात की बन्दोवस्ती जनवरी 2024 से दिसम्बर 2026 के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 11.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं हो सकेगी। वह डाक दिनांक 12.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैरात की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्रमांक | सैरात का नाम | सरकारी डाक राशि | जमानत राशि (सरकारी डाक राशि का 35%) |
|---|---|---|---|
| 1. | बड़ा तालाब, थाना रोड़ | 6,12,000.00 प्रति वर्ष | 2,14,200.00 |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR312335 (District)23-24*D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम्, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय गढ़वा

**रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand.gov.in)/नियोजनालय में निबंधित झारखण्ड राज्य के स्थानीय अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना**

झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के आलोक में राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु गढ़वा जिला के क्षेत्राधीन युवक/युवतियां रोजगार पोर्टल rojgar.jharkhand.gov.in में निबंधित होना अनिवार्य है। राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों की पहचान हेतु पोर्टल में सभी निबंधित युवक/युवतियों को स्थानीय प्रमाण पत्र (Residential Certificate- Issued By CO, SDO & DC) अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

अतः झारखण्ड रोजगार पोर्टल पर/नियोजनालय में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थि झारखण्ड राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि स्थानीय प्रमाण पत्र रोजगार पोर्टल (rojgar.jharkhand. gov.in) में लॉगइन कर स्वयं अथवा नियोजन कार्यालय में उपस्थित हो कर अपलोड करवा लें अन्यथा उन्हे झारखण्ड राज्य का स्थानीय उम्मीदवार नही माना जाएगा एवं वे राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों के निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 312325 Labour Employment and Traning (23-24)_D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक– 09.12.2023 (शनिवार),स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा
"आम सूचना"
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 09.12.2023 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) 09 अक्टूबर, 2023 से संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

| | |
|---|---|
| 1. सुलहनीय आपराधिक मामले। | 2. श्रम संबंधी विवाद। |
| 3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)। | 4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद। |
| 5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद। | 6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद) |
| 7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद। | 8. अपील संबंधी मामले। |
| 9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले। | 10. वन अधिनियम संबंधी मामले। |
| 11. मद्य निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)। | 12. BSNL से संबंधित मामले। |
| 13. अन्य सुलहनीय मामले। | |

श्री दीपक कुमार पाण्डेय, आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,गढ़वा
श्री शेखर जमुआर, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार,गढ़वा
श्री राजेश शरण सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 312322 District(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-19 वर्ष 2023–24**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
3. परिमाण–विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.2023 को 5:00 बजे अपराह तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.12.2023 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 09.12.2023 को 4:00 बजे अपराह्न से। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
6. परिमाण–विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी –

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण–विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of 200 mm X 165 mm X 240.0 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well, Installation of 15000 Liters Capacity Water Storage Tank with 1.5 HP Electric Submersible Motor Pump set with Starter and 05 KVA Stabilizer in Judge Colony of Chatra District "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023-24 under (Untied Fund) | | | | | |
| A. | Location – Judge Colony, Chatra | UNTD/JDGCLNY/CTR-01 | 9,55,261/- | 20,000/- | 1250/- | 30 Days |

(क) निविदा के नियम एवं शर्त के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 312304 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## जिला कृषि कार्यालय, चतरा

**वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित TRFA योजनान्तर्गत INM/IPM वितरण हेतु सूचना**

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित TRFA Pulse & Oil Seed योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित INM/IPM वितरण किया जाना है।

| क्रं सं | उपादान का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | रकवा (हे0 में) |
|---|---|---|---|
| **TRFA Pulse** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | Micro- nutrients | Rs. 500/- per ha | 2195 |
| 2 | Gypsum | Rs. 750/- per ha | 1465 |
| 3 | Lime | Rs. 1000/- per ha | 1390 |
| 4 | Bio Fertilizers | Rs. 300/- per ha | 1245 |
| 5 | Distribution of PP Chemicals /Bio Agent | Rs. 500/- per ha | 1120 |
| **TRFA Oil Seed** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | Micro- nutrients | Rs. 500/- per ha | 155 |
| 2 | Gypsum | Rs. 750/- per ha | 125 |
| 3 | Lime | Rs. 750/- ha | 80 |
| 4 | Bio Fertilizers | Rs. 500/- per ha | 65 |
| 5 | Bio Pesticides | Rs. 500/- per ha | 115 |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैंक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा INM/IPM अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 20.12.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

**"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"**

**नोट–** विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 312342 Agriculture (23-24)_D

## झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समाहरणालय भवन, दूसरीमंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

**झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज में शिक्षिकाओं के चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. विभागीय आदेश संख्या QU/40/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में जिला में संचालित **झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज** में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्त्ताधारी **महिला अभ्यर्थियों** से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 16.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| क्र. | पदनाम | रिक्ति | रोस्टर UR | BC-I | BC-II | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **कक्षा 06 से कक्षा 08** | | | | | | | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) भाषा (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– गणित | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– सा0 विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– शारीरिक शिक्षा | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | **कुल** | **5** | **5** | **0** | **0** | **0** | **0** | **5** |
| | **कक्षा 09 से कक्षा 12** | | | | | | | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) भाषा (हिन्दी एवं अंग्रजी) प्रति विद्यालय 02 पद | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– विज्ञान (फिजिक्स+ गणित) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– विज्ञान (केमेस्ट्री+ बायलोजी) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला)– अर्थशास्त्र | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | **कुल** | **6** | **5** | **0** | **0** | **0** | **1** | **6** |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र अपने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिले के जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा अभियान (SSA) में अनिवार्य रूप से दिनांक 16.12.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. **शैक्षणिक अहर्ता**:–किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1 से 10 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में, न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यार्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी। 2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता**:–क्र.सं. 06 से 10 हेतु अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. तथा क्र.सं. 01 से 04 हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। शारीरिक षिक्षिका के लिए Bachelor in Physical Education/ Degree in Physical education अनिवार्य होगा। 3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा**:–राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा **(TET)** में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। शारीरिक शिक्षिका एवं कक्षा 09 से 12 हेतुTET अनिवार्य नहीं है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रति माह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय हागी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | सामाजिक विज्ञान शिक्षिका | | |
| 5 | शिक्षिका–षारीरिक शिक्षा | | |

**चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्ते निम्नवत हैं–**

1. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। पुरूष अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेतर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा।
3. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।
4. **आयुसीमा :–**

I. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 तथा अधिकत्तम उम्र 35 वर्ष होगी परंतु उच्चतम उम्र में कार्मिक, प्राशासनिक एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या–29 दिनांक 04.01.2021 झारखंड सरकार के आलोक में निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (UR/EWS/BC-1/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward Classes (Annexure-I/ Backward Classes Annexure-II) | 37 |
| 4 | SC/ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench Mark Disability (PWBD) | A Relaxation of 10 years in their Respective category. |

(II) अनुभवी महिला Ex- Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
(III) उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.06.2023 के आधार पर की जायेगी।

5. कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत पूर्णकालिक/अंशकालिक शिक्षिकाओं को राज्य कार्यकारिणी समिति की 52वीं एवं 64वीं बैठक में पारित निर्णय के आलोक में इन कर्मियों के एक वर्ष के कार्यकाल के विरूद्ध 01 अंक के आधार पर कुल कार्यकाल की गणना कर परीक्षा में प्राप्त अंक में अतिरिक्त अंक जोड़े जाने पर सहमति प्रदान की गई है साथ ही निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में न्यूनतम शैक्षणिक में 05 प्रतिशत की सीमा तक छुट, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले को दी जा सकती है।
6. **आवेदन** :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 16.12.2023 के संध्या 05 :00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा (SSA) के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकर किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते, अहर्त्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारि वेबसाईट वेबसाईड www.latehar.nic.in पर उपलब्ध हैं। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे। उपरोक्त जानकारी संबंधित जिलों के NIC के अधिकारिक वेबसाईट पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।
8. **आवेदन के साथ संलग्न किए जानेवाले अनुलग्नक :–**

(I) 23x10 से.मी. का स्वःपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
(II) सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वः अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।
(III) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखंड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति।
(IV) झारखंड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति।

9. झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का इस हेतु निर्णय अंतिम माना जाएगा।
11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समीति, लातेहार को सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा। अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाब देह होंगे।
13. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकर नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान,लातेहार

PR 312379 Human Resource Developement(23-24).D

वक़्त और रिश्ते दोनों की अहमियत इंसान को तब समझ आती है जब वे हाथ से निकल जाते हैं।
- अज्ञात



# भू- माफिया की दबंगई

*झारखंड* में भू-माफिया की समानांतर सरकार चल रही है। दबदबा का आलम यह है कि रातों रात किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लिया जा रहा है। इसमें सरकारी जमीन के अलावे तालाब पोखर इत्यादि शामिल हैं। अतिक्रमणकारी पहले रणनीति के तहत अमुक जमीन पर धार्मिक झंडा लगा देते हैं। धर्म की ओट में फिर शुरू हो जाता है इनका नंगा नाच। ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इससे समाज में एक गलत संदेश जा रहा है। यह सब प्रशासन के नाक के नीचे होता है। राज्य के पलामू जिले के नावाटोली तालाब पर एक बड़े हिस्से पर दबंगों ने मकान बना लिया है। आवाज उठने पर अधिकारी नोटिस भेज कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर उसे ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। यह सब प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा है। सार्वजनिक जमीन पर कब्जे को लेकर हाई कोर्ट सख्त है। बावजूद यह खेल चारो तरफ चल रहा है। सरकारी जमीन को छोड़ दें, अस्पताल, सरकारी स्कूल और नदी पर भी बदस्तूर अतिक्रमण जारी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने अतिक्रमण करने वाले भू-माफिया के विरूद्ध कार्यवाही के लिए एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया है। ऐसे में झारखंड सरकार भी यूपी की तर्ज पर कड़े कानून बनाये। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयावह होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। राजधानी के रिम्स की बेशकीमती जमीन पर भी भू-माफिया की नजर है। चहारदीवारी निर्माण कर इन जमीनों को बचाने की जरूरत है। यह दृष्य एक जगह की नहीं है। राज्य के कोने-कोने में भू-माफिया की नजर है। ऐसे तत्वों की पहुंच उपर तक रहती है। भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से जमीन के कागजात बनाकर उसे महंगे दाम में बेच देते हैं। जिसमें सबकी हिस्सेदारी रहती है। पलामू के कोयल तट पर नदी के एक बड़े हिस्से पर चहारदीवारी का निर्माण जारी है। सब कुछ दिन के उजाले में हो रहा है। प्रशासन जानते हुए भी दबंग भू-माफिया से पंगा नहीं लेना चाहती है । इसका नतीजा यह है कि उनके हौसले काफी बढ़ गये हैं। वैसे भी अनियंत्रित ढंग से बसे शहर की स्थिति कुछ अच्छी नहीं हैं। जहां एक ओर यातायात नियमों की अनदेखी होने से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है,वहीं अतिक्रमण ने उसकी रही सही कसर को पूरी कर दी है। इस स्थिति में स्थिति भयावह होती जा रही है। मुख्यमंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में अतिक्रमण की समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जा पा रहा है। कारण निजी समस्याओं की ही पड़ताल हो रही है। ऐसा नहीं होना चाहिए। हरेक नागरिक का कर्त्तव्य बनता है कि वह आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में सार्वजनिक हित की बात भी करे। अपनी समस्या की श्रेणी में सार्वजनिक हित की भी बात हो। यह स्वस्थ्य लोकतंत्र की मांग भी है। समस्या की कोई जात नहीं होती है। यह एक दुर्घटना है। इसकी चपेट में कोई भी आ सकता है। इस बात का भान सभी को होना चाहिए। कोई भी सरकार किसी समस्या का समाधान अपने दायरे में ही रख कर करती है। इसके लिये आवाज तो उठानी ही पड़ेगी।

**उत्तर प्रदेश सरकार ने अतिक्रमण करने वाले भू-माफिया के विरूद्ध कार्यवाही के लिए एंटी भू-माफिया सेल का गठन किया है। ऐसे में झारखंड सरकार भी यूपी की तर्ज पर कड़े कानून बनाये। ऐसा नहीं होने की स्थिति में आने वाले दिनों में स्थितियां और भयावह होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।**

# घर भी बनता जा रहा है प्रदूषण का केन्द्र





डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

*बात* थोड़ी विचित्र अवश्य लग सकती है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। इसकी गंभीरता को इससे समझा जा सकता लेसेंट की रिपोर्ट में 2019 में देश में एक लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म से एक माह के दौरान घरेलू प्रदूषण के कारण हुई है। आधुनिक जीवन शैली और घरों में प्रदूषण के कारक उत्पादों की प्रमुखता इसका कारण है। महिलाओं और बच्चों में डस्ट एलर्जी तो आम होती जा रही है। जरा-सी गंदगी या धूल-मिट्टी से सामना हुआ कि छींक पर छींक, नाक टपकना और यहां तक कि श्वांस लेने में दिक्कत तो आम होती जा रही है। ऐसे में समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डिओ, शेंपू, मच्छर मारने की दवाएं जैसे अनेक उदाहरण होने के साथ ही सोफा, कालीनों में जमी धूल भी बड़ा कारण बनती जा रही है। प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। माइक्रो लेवल पर कोई भी बात की जा सकती है पर हमारे घर व मकान में फैल रहे प्रदूषण और उसके कारण होने वाले जानलेवा दुष्परिणामों की और लेसेंट जर्नल की रिपोर्ट आंख खोलने के लिए काफी है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू प्रदूषण के चलते हमारे देश की ही बात की जाय तो 2019 में 16 लाख 70 हजार लोगों की असमय मौत का कारण वायु प्रदूषण ही रहा है। इनमें 6 लाख 10 हजार लोगों को घरेलू प्रदूषण के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा वहीं इनमें एक लाख 16 हजार तो बच्चे ही हैं। यह तो 2019 के आंकड़े हैं। आज के हालात सुधार के ना होकर इससे अधिक ही चिंतनीय है। ऐसे में घरेलू प्रदूषण के खतरे से बचाव के लिए ठोस प्रयास किया जाना समय की आवश्यकता है। देखा जाय तो हमारे घर में दिन प्रतिदिन काम में आने वाली वस्तुएं ही प्रदूषण का कारण बन रही हैं। हालांकि अब रसोई यानी की खाना पकाने के लिए घर-घर में गैस की पहुंच हो गई है और लकड़ी कोयला के कारण होने वाले प्रदूषण से लगभग निजात मिल चुकी है। पर प्रदूषण के अन्य कारण तैयार हो गये हैं। घरेलू प्रदूषण के दुष्प्रभाव को इस मायने में देखा जा सकता है कि अस्थमा और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण यह घरेलू प्रदूषण बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण एलर्जी होना तो आम बात है। महिलाओं और बच्चों को डस्ट एलर्जी होना या अन्य किसी से एलर्जी होना आम होता जा रहा है। दरअसल, हमारे घर की दैनिक उपभोग की वस्तुएं ही किसी ना किसी कारण से प्रदूषण का कारण भी बन जाती है। इनमें से अधिकांश तो अनजाने में होती है। दरअसल अवेयरनेस के कारण या हमारी जीवन शैली भी इसका एक कारण है। घर में मच्छर मारने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी मच्छाररोधी दवा भी घरेलू प्रदूषण का प्रमुख कारण है तो दूसरी और घरेलू साज-सज्जा सामग्री में फर्नीचर, लकड़ी का सामान, चटाईयां, कालीन आदि की समय पर साफ सफाई नहीं होने से यह प्रदूषण का कारक बन जाते हैं। इसी तरह पूजा में काम ली जाने वाली धूपबत्ती, अगरबत्ती,

**प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है।**

## इन दिनों

धूम्रपान, महिलाओं के कास्मेटिक उत्पाद, केमिकल युक्त शेम्पू आदि, पोछा लगाने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी के साथ घरों में उपयोग किये जाने वाले केमिकल पेंट, रंग-रोगन में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद भी प्रदूषण और एलर्जी के प्रमुख कारक बनते जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजमर्रा के काम में प्रदूषित ईंधन बड़ा कारण है। प्लास्टिक का अधिकतम उपयोग, ओवन ओटीजी, आरओ आदि उपयोगी वस्तुएं भी प्रदूषण का कारण बनती जा रही है। इसके साथ ही फ्रीज में ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिनका फ्रीज में उपयोग नहीं किया जाना भी एक कारण है। देखा जाय तो घरेलू प्रदूषण के कारक हमारे रोजमर्रा के काम आने वाली वस्तुएं ही हैं। सामान्य तौर पर हम इनके दुष्प्रभावों से अधिकांशतः तो अनभिज्ञ रहते हैं। अब अगरबत्ती या धूपबत्ती या मच्छररोधी दवा आदि में उपयोग में होने वाले केमिकल एलर्जी का प्रमुख कारण बन जाते हैं। दरअसल उत्पादों की गुणवत्ता और उनमें उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर काफी कुछ निर्भर करता है। घरेलू प्रदूषण से एलर्जी, सिरदर्द, कान, नाक, गले में दर्द या सूजन, खांसी या सांस लेने में परेशानी होना, बार-बार जुकाम लगना, निमोनिया, त्वचा पर चक्कते होना आदि आम बात है तो प्रदूषण की गंभीरता में अस्थमा, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। देखा जाय तो गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग इसके संभावित प्रभावित होने वाले हैं। बच्चों के दिलों दिमाग पर भी असर देखा जा सकता है। बच्चों के स्वाभाविक विकास में भी यह बाधक बन जाता है। घरेलू प्रदूषण को लेकर भी अब गंभीर होने का समय आ गया है। देखा जाय तो हमारे उपयोग की आज अधिकांश वस्तुएं प्रदूषण का कारक बनती जा रही है। बहुमंजिली इमारतों, खुले में बैठना, धूप सेंकना, मिट्टी में बच्चों को खिलाना आदि दूर की कौड़ी हो गई है। आरओ व ओवन आदि के खिलाफ तो अब जापान जैसे देश आवाज उठाने लगे हैं। होने यह भी लगा है कि सेचुरेशन की स्थिति में नए उत्पाद की मार्केटिंग के चक्कर में अभियान चला कर पुराने उत्पाद के दुष्प्रभावों को उजागर किया जाने लगता है। हालांकि तब तक बहुत देरी हो चुकी होती है। आरओ और ओवन आदि के उपयोग को लेकर आज ऐसा होता जा रहा है। फ्रीज के पानी को लेकर भी बहुत कुछ कहते हुए मटका के पानी पर जोर दिया जाने लगा है। दरअसल हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं उसका परिणाम भी सामने आता जा रहा है। कुछ दशक पुरानी ही बात है जब दीपावली के अवसर पर घरों में रंग रोगन के नाम पर सफेदी होती थी। इसमें कलई होने से यह बरसात के कारण होने वाले कीटाणुओं को खत्म करने का प्राकृतिक उपाय होता था यह सालाना काम होता था। अब केमिकल युक्त पेंट होने लगे हैं। अब समय आ गया है जब सरकारी गैरसरकारी संस्थाओं को घरेलू प्रदूषण को लेकर लोगों को अवेयर किया जाय ताकि घर के प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जानकारी हो और उनसे बचाव के लिए कदम उठाये जा सके। क्योंकि जिन्हें डस्ट आदि घरेलू प्रदूषण के कारणों से श्वास लेने में दिक्कत होने लगती है या फिर इस कारण से अस्थमा की चपेट में आ जाते हैं तो वे किन त्रासद हालात से गुजरते हैं। उससे बचाव किया जाना आवश्यक है।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

*जब* युगल इस प्रकार खेल रहे थे, सूर्य देव (जिन्हें कर्म साक्षी भी कहा जाता है, जो हमारे सभी कार्यों के साक्षी हैं) एक ब्राह्मण के रूप में मानव रूप में आये और ऋषि से कहा कि वह जो कर रहे हैं वह धर्म नहीं है (और विशेष रूप से एक विद्वान) उनके जैसे ऋषि को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना चाहिए)। नग्न अवस्था में ब्राह्मण को देखकर रेणुका लज्जित हो गई ।(ऐसी ही एक कहानी शिव और पार्वती के बारे में भी है और उस मामले में, एक श्राप मिला कि जो कोई भी उस क्षेत्र में प्रवेश करेगा वह एक महिला बन जायेगा!) ऋषि रुकावट पर क्रोधित थे (वह कार्य भी धर्म नहीं है, किसी को भी बाधा नहीं डालनी चाहिए) व्यक्ति नींद में, खाने, सेक्स और अन्य प्राकृतिक कार्यों में) और सूर्य देव को राहु से पीड़ित होने का श्राप दिया (सूर्य ग्रहण की उत्पत्ति इसी श्राप से हुई है)। बदले में सूर्य देव ने ऋषि को एक राजा के हाथों अपमान और मृत्यु का श्राप दिया। उस समय, ऋषि अपने महान तप के कारण मृत्यु से परे थे और रोग से मुक्त थे। विशेषकर अन्य सभी लोगों द्वारा उनका आदर और आदर किया जाता था। क्षत्रिय इस श्राप ने कार्तवीर्यार्जुन के हाथों और फिर बाद में उस राजा के पुत्रों के हाथों जमदग्नि की मृत्यु का बीजारोपण किया। इसके कारण परशु राम ने पृथ्वी पर सभी क्षत्रिय राजाओं का वध कर दिया। हम इसके बारे में बाद में और जानेंगे। ऋषि जमदग्नि ने सूर्य देव को एक और श्राप दिया कि उन्हें पापी माना जाएगा और भगवान ब्रह्मा ने आकर हस्तक्षेप किया और दोनों को शांत किया। उन्होंने ऋषि जमदग्नि के श्राप को संशोधित किया ताकि सूर्य देव की महिमा अप्रभावित रह।

(क्रमशः)

# जीवन प्रकृति के साथ चलने पर ही संभव है



गिरीश्वर मिश्र

*वैश्विक* स्तर पर सबको प्रभावित करने वाली मानवजनित चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन की खास भूमिका है। इसका स्वरूप दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है। इसे लेकर चिंतन भी होता आ रहा है और गाहे-ब-गाहे विभिन्न स्तरों पर चिंता भी जाहिर की जाती रही है। इस क्रम में ताजा विचार-विमर्श यूएई के विख्यात दुबई महानगर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज यानी काप का 28 वां सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस शृंखला की यह एक खास कड़ी होगी जिसमें यह जरूरी होगा की इस व्यापक संदर्भ में उठाने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में फलदायी निर्णय लिए जा सकें। अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है। इन सबसे जीवनदायी गतिविधि में व्यापक असंतुलन परिलक्षित हो रहा है। सतही तौर पर प्रकृति और मनुष्य अलग दिखते हैं। प्रकृति की प्रत्यक्ष होती समृद्धि और सुषमा उसे स्पष्ट रूप से एक संसाधन घोषित करती है और आंशिक रूप से यह सही भी है। पर यह आंशिक सत्य प्रायः पूर्ण मान लिया जाता है और प्रकृति के जल्दी से जल्दी (यथासंभव) अधिकाधिक दोहन का काम शुरू हो जाता है। ऐसा करते हुए मनुष्य की विभिन्न उपलब्धियां उसका भ्रम बनाये रखती हैं। भ्रम तब टूटता है जब प्रगति सरीखी इस दिग्विजय में मनुष्य को ठोकर लगती है। पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य हस्तक्षेप से बाज नहीं आता। उसे नष्ट कर होनी वाली क्षति अपूरणीय क्षति होती है। पिछले वर्षों में यूरोप और अमेरिका के अनेक भू-क्षेत्रों में बाढ़, लू, वनाग्नि, सूखा और प्रचंड तूफान जैसी जलवायु की चरम स्थितियों का बार-बार सामना करना पड़ा है। भारत के हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड और दिल्ली में जिस तरह बाढ़ का प्रकोप अनुभव किया गया वह विस्मित करने वाला था। दक्षिण भारत के कई शहरों में बाढ़ का प्रकोप हुआ था। वस्तुतः भारत समेत विश्व के अधिकांश भौगोलिक क्षेत्रों में लगातार अनुभव हो रही प्राकृतिक विभीषिकाएं देखते हुए जलवायु वैज्ञानिक दुनिया को संभावित खतरों से आगाह करने के लिए अनेक वर्षों से सतर्कता बरतने का आग्रह करते आ रहे हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों के द्वारा जुटाये तथ्यों और तर्कों का नीति-निर्माण और कार्यान्वयन के स्तर पर काफी असर होना चाहिए था। पर हुआ यह कि अनेक देशों के राजनयिकों द्वारा इनके लिए प्रतिबद्धता दर्शाने की रस्म अदायगी बढ़ गई है। इससे जुड़े बैठकों, आयोजनों और विमर्शों के प्रकाशन भी समय-समय पर होते रहे हैं। इस सिलसिले में टिकाऊ (ससटेनेबल) विकास की अवधारणा की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति एक सराहनीय कदम था । ऐसे सोलह टिकाऊ विकास लक्ष्यों ( एसडीजी ) का खूब प्रचार-प्रसार हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकाशित हुई अनेक रपटों, पारस्परिक सहमतियों और वैश्विक उद्घोषणाओं से राजनेताओं की कुछ-कुछ गंभीरता तो जरूर प्रकट हुई है परंतु उसे कार्यस्तर पर लागू करने तक की अब तक की यात्रा निहित स्वार्थ के कारण कंटकाकीर्ण रही है। फलतः प्रकृति के साथ सहजीवन की दिशा में हमारे प्रयास नाकाफी रहे हैं जब कि उसके अंधाधुंध दोहन का प्रयास खूब बढ़ा है। जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रजातियों के विनाश के साथ जैव विविधता आज जिस तरह तेजी से घट रही है उसे किसी भी तरह अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। पेयजल के स्रोत तेजी से समाप्त हो रहे हैं। दरअसल जलवायु और पर्यावरण से जुड़े प्रश्नों को लेकर सरकारी खेमों में आरंभिक उत्साह और मीडिया में जोरदार उपस्थिति के साथ फौरी फायदे अधिक महत्व के हो जाते हैं। उसमें ही बढ़त पाने की जुगत लगाई जाती है। उसके आगे मानवता को होने वाले बड़े और दीर्घकालिक नुकसानों को अकसर भुला दिया जाता है। आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से रसूख वाले तथाकथित विकसित देश जलवायु से जुड़ी प्रतिज्ञाओं और संकल्पों में शामिल होने को छोड़ अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते।

**अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है।**

## प्रकृति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# एड्स को लेकर जागरुकता बढ़ाने के हों गंभीर प्रयास



योगेश कुमार गोयल

*'एड्स'* न केवल भारत में बल्कि समस्त विश्व में लोगों के लिए आज भी एक भयावह शब्द है, जिसे सुनते ही भय के मारे पसीना छूटने लगता है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2022 के अंत तक 3.9 करोड़ से भी ज्यादा लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व एड्स दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 'लैट कम्युनिटी लीड' विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स के इतिहास पर नजर डालें तो 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी साकोर्मा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गये थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे 'गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी' (ग्रिड) नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिये होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति 'एड्स' कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिये 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिये बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है, डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में करीब 42 फीसदी की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं।

**एड्स महामारी के कारण अफ्रीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है।**

## जागरुकता

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# लंबे समय तक बैठे रहने से खराब हो सकता बॉडी पॉश्चर

गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। ऐसे में इससे बचने के लिए आप योग व एक्सरसाइज का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। बेहतर बॉडी पॉश्चर हमारी पर्सनैलिटी को इन्हेन्स करने का काम करता है। इसके साथ ही सह शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी, बैलेंस और स्ट्रेंथ को भी बनाए रखने में सहायक होता है। जब हमारा बॉडी पॉश्चर बेहतर होता है, तो मांसपेशियों में दर्द की समस्या काफी हद तक कम होती है। साथ ही हम पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होते हैं। बॉडी पॉश्चर यदि बेहतर होता है, तो यह मांसपेशियों में होने वाले तनाव को कम करता है। इससे आप इंजरी या अन्य तरह की समस्याओं से खुद को बचा सकते हैं। बता दें कि गलत पोजिशन या फिर पूरा दिन एक जगह पर बैठे रहने से हमारा बॉडी पॉश्चर खराब हो जाता है। इससे कमर दर्द, पीठ दर्द या फिर गर्दन में दर्द होने की समस्याएं शुरू हो जाती है। ऐसे में आप एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकती हैं। एक्सरसाइज और योग को अपने डेली रूटीन में शामिल कर खराब बॉडी पोश्चर को ठीक किया जा सकता है। इनमें से कुछ एक्सरसाइज ऐसी भी होती हैं, जिनको आप घर पर बैठे-बैठे भी कर सकते हैं।

## इन एक्सरसाइज से मिलेगा आराम



### फॉर्वड फोल्ड

इस एक्सरसाइज को करने के लिए पैरों की उंगलियों को छुएं और इस दौरान एड़ियों को थोड़ा अलग रखें। फिर कूल्हे तक अपने हाथों को लाएं और कूल्हों को आगे की ओर मोड़ें। अब हाथों को फर्श पर रखें या फिर उनको ब्लॉक कर रखें। इस दौरान अगर हाथ फर्श पर टच नहीं हो रहे हैं, तो हाथ सिर्फ उतना ही आगे बढ़ाएं जितना आप आसानी से बढ़ा सकते हैं। घुटनों को थोड़ा सा मोड़कर कूल्हों के जोड़ों को नरम करें और रीढ़ को लंबा करें।
इसके बाद ठोड़ी को छाती से छूने का प्रयास करें, वहीं सिर को जमीन पर हैंग होने दें।
इस पोजिशन में एक मिनट रहने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।

### चेस्ट ओपनर

इस एक्सरसाइज को करने के लिए हिप-विड्थ के अलावा अपने पैरों के साथ खड़े हो जाएं। आप चाहें तो इसको चेयर पर बैठकर भी कर सकती हैं। अब छाती के सामने दोनों हाथों को लाते हुए स्ट्रेच करें। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को फैलाएं। इस पोजिशन को 5 ब्रीद तक करते हुए गहरी सांस लें।
इस प्रक्रिया को 10 बार करें और फिर कुछ समय में लिए रिलैक्स भी करें।

### डाउनवर्ड-फेसिंग डॉग

इस एक्सरसाइज के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को दबाएं। वहीं पैर की उंगलियों के नीचे टक करते हुए एड़ी को ऊपर उठाएं।
इस एक्सरसाइज के दौरान कंधे और हाथ को एक सीध में रखना है। वहीं आपके पैर हिप्स की सीध में रहेंगे। अब अपने हाथों को नीचे जमीन की तरफ दबाएं और गर्दन को लंबा खींचने का प्रयास करें। इस स्थिति में 1 मिनट के लिए होल्ड करें।

### पिजन पोज

सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं और एक पैर को घुटने से मोड़ें। अब पैर को ऊपर की तरफ खींचें। फिर दाहिने घुटने को मोड़ते हुए दाहिनी कलाई पीछे रखें, जिससे बाएं पैर से दाहिना पैर आगे निकल जाए। अब बाएं पैर को पीछे ले जाते हुए घुटने को सीधा करें और जांघ को फर्श पर टिकाएं। इस दौरान आपका बायां पैर सीधा पीछे की तरफ फैला हो, इस पोजीशन को 1 मिनट तक होल्ड रहें।

### ग्लूट एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए घुटनों के बल झुकें और कूल्हे-डिस्टेंस के अलावा पैरों को भी अलग रखें। बता दों पैरों को कूल्हों से करीब 1 फुट की दूरी पर रखें। अब हथेलियों को नीचे रखते हुए शरीर के साथ हाथों को भी आराम दें। फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को कूल्हों के पास लाएं। अब 10 सेकेंड के लिए इस स्थिति को होल्ड करें और अपने कूल्हों से दूर ले जाएं। इस एक्सरसाइज को रोजाना कुछ देर के लिए जरूर करना चाहिए।

❖ अनन्या मिश्रा



# सर्दियों में फिट रहने के लिए करें इन जादुई काढ़ों का सेवन

हर भारतीय घरों में बहुत से ऐसे मसाले पाए जाते हैं, जो औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। इन मसालों और किचन में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियों से काढ़ा बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान होता है।
सर्दियों के मौसम में हम सभी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखना होता है। क्योंकि इस मौसम में सर्दी-खांसी और जुकाम की समस्या अक्सर लोगों को परेशान करती है। वहीं सर्दियों में पाचन की समस्या भी हो जाती है। ऐसे में अगर आप भी सर्दियों में फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं। तो कुछ घरेलू उपचार की मदद ले सकते हैं। काढ़ा एक तरह का आयुर्वेदिक उपचार है। बचपन में कभी हम बीमार पड़ते थे, तो दादी-नानी काढ़ा बनाकर देती हैं। हर भारतीय घरों में बहुत से ऐसे मसाले पाए जाते हैं, जो औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। ऐसे में आप भी सर्दी-खांसी और जुकाम और अन्य बीमारियों से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के साबुत मसालों और किचन में इस्तेमाल आने वाली तरह-तरह की सामग्रियों से काढ़ा बनाकर तैयार कर सकते हैं। यह सेहत के लिए काफी अच्छा होता है।
**तुलसी का काढ़ा :** तुलसी का काढ़ा बनाने के लिए सबसे पहले पैन में पानी उबाल लें, फिर इसमें तुलसी के पत्ते, 1 छोटा चम्मच दालचीनी पाउडर, 1 छोटा चम्मच काली मिर्च और 1 छोटा चम्मच कसा हुआ अदरक डालें। अब इस सारे मिश्रण को 10-15 मिनट तक उबालें। इसके बाद इसको छानकर ठंडा होने के लिए रख दें। जब यह ठंडा हो जाए, तो इसका सेवन करें। इस काढ़े को पीने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है और आप सर्दी-जुकाम से भी बच सकते हैं।
**गिलोय काढ़ा :** गिलोय का काढ़ा बनाने के लिए 1 चम्मच गिलोय गुडूची को अच्छे से पीस लें। पीसने के बाद इसको पानी में अच्छे से मिक्स कर उबाल लें और फिर ठंडा होने पर इसका सेवन करें। यह काढ़ा सेहत के लिए फायदेमंद होने के साथ ही फ्लू से लड़ने में आपकी मदद करता है।
**दालचीनी का काढ़ा :** दालचीनी का काढ़ा बनाना भी काफी ज्यादा आसान है। इसको बनाने के लिए एक पैन में 1 कप पानी डालें। फिर इसमें दालचीनी पाउडर मिलाएं। जब यह अच्छे से उबल जाए। तो आप इसमें एक चम्मच शहद डाल लें। इस तरह से दालचीनी का काढ़ा बनकर तैयार हो जाएगा। यह काढ़ा न सिर्फ शरीर की ताकत बढ़ाता है, बल्कि मौसमी बीमारियों से भी बचाता है।
**अजवाइन का काढ़ा :** जैसा कि आप सभी जानते हैं कि अजवाइन में औषधीय गुण पाए जाते हैं। जो हमारे शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाने में मदद करता है। बता दें कि अजवाइन में कई पोषक तत्व जैसे प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, वसा, आयोडीन, मैंगनीज आदि पाया जाता है। कुछ लोग सर्दियों में गर्म पानी के साथ अजवाइन का सेवन करते हैं। वहीं आप चाहें तो अजवाइन का काढ़ा भी बना सकते हैं। काढ़ा बनाने के लिए पैन में पानी और 2 चम्मच अजवाइन डालकर उबाल लें। इस काढ़े को पीने से रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और यह पाचन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।
**तुलसी और काली मिर्च का काढ़ा :** बता दें कि सर्दियों में हमारी इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जिसके कारण लोग सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी समस्या से परेशान होते हैं। ऐसे में मौसमी संक्रमण से बचने के लिए आप रोजाना तुलसी और काली मिर्च का काढ़ा पी सकते हैं। इस काढ़ा को बनाने के लिए एक पैन में पानी गर्म करें और फिर इसमें दालचीनी, काली मिर्च, तुलसी के पत्ते और सूखी अदरक डालकर अच्छे से उबाल लें। जब यह हल्का गुनगुना हो जाए तो इसको पी लें।

# तेरी लीला कोई समझ न पाया



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

बहुत दिनों बाद चाचा जी के छोटे बेटे बबलू का फोन आया। फोन क्या आया मतलब निकल आया। बोला - 'हैलो भैया, कैसे हैं आप? घर-परिवार में सब ठीक-ठाक है न?
'हां बबलू, मैं बगीचे में धूप सेंक रहा हूं और मेरी तबीयत भी ठीक है। बस दिमाग गरम रहता है। डॉक्टर ने कहा कि यह तंग जिंदगी का लोचा है। लेकिन तुम्हारी भाभी को यह सब नाटक लगता है। वह कहती हैं कि मैं कुछ काम नहीं करता, सिर्फ नाटक करता हूं। काम से बचने के चोंचले हैं। अब उसे कौन बताए कि वह काम ज्यादा करती है और मुझसे भी यही अपेक्षा करती है। दिन भर झाड़ू लगाती रहती है। यह देख लगता मानो वह झाड़ू नहीं मुझे वश में रखने के लिए जादू टोना कर रही हो। उसे कौन समझाए कि इस उम्र में मुझ पर डोरे कौन डालेगा। एक तरफ भाभी के घरेलू नुस्खे और दूसरी ओर डॉकटर की हिदायतें। मुझे नहीं पता कि किसकी बात सुनूं, डॉक्टर की या तुम्हारी भाभी की। डॉक्टर आपको दस मिनट के लिए देखता है, लेकिन आपको चौबीस घंटे उसकी मुट्ठी में रहना पड़ता है। इधर ऑफिस की किचकिच और उधर पत्नी बाजार जाकर सब्जी लाने के लिए अपना बैग मेरे सामने फेंक दिया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं किसका इलाज कराऊं। पड़ोस में चोपड़ा साहब रहते हैं। वे मुझे खुद का इलाज करने से पहले पत्नी का इलाज करवाने के लिए कहा। वैसे भी तुम सब्जी खरीदने जाओगे लेकिन तुम्हें पता है कि तुम्हारी लाई हुई सब्जी उन्हें पसंद नहीं आएगी। उन्हें कोई बहाना चाहिए। कहते हैं बचपन में हमारी मां हमें खूब बादाम खिलाती थीं। अब देखो भाई, अम्मा ने जो किया उसका खामियाजा हम भुगत रहे हैं। उनका दिमाग पहेली खेल से भी अधिक जटिल होता है। इसे एक तरफ से मिलाओ तो दूसरी तरफ से खराब हो जाता है। स्थिति ऐसी है कि न तो हम पूरी तरह से कमजोर हो पाते हैं और न ही मजबूत। न जीने में, न मरने में, हमें अनारकली बनाकर रखा गया है। घी दूध से सारी मलाई निकालकर बनाया जाता है। वह तीन बार एक-एक चम्मच घी मांगता है और एक बार आधा चम्मच घी देता है। सारा घी भगवान के दीपक में चला जाता है। थोड़े से घी के मामले में भगवान भी तुम्हारी भाभी के साथ हैं। आज उन्हें डांटने की जरुरत भी करो तो सबसे पहले बुखार चढ़ता है। स्थिति उलट है, उनकी डांट के साथ दिन में तीन बार पैरासिटामोल लेना पड़ता है। अब तुम जानते हो कि यदि भगवान पांडवों के साथ थे, तो सौ भाई और एक बड़ी सेना भी हार गई थी। यहां हम अकेले हैं। रोज गीता पढ़ो लेकिन युद्ध के लिए जरूरी साहस पैदा मत करो। अब हम सोच रहे हैं कि हमें भी घी का दीपक जलाना चाहिए। लेकिन मुझे नहीं पता कि रसोई में घी कहां रखा होता है या फिर मैं उसे ढूंढता रहता हूं लेकिन कभी नहीं मिलता। एक बार मैं घी ढूंढते समय रंगे हाथ पकड़ा गया और तीन दिन तक मुझे जमानत नहीं मिली। अगर वह थाने में होती तो तीन घंटे के अंदर मिल जाती। हाल ही में सरकार ने महिलाओं के पक्ष में एक विधेयक पारित कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाया है। यहां राज्य सरकार रिश्तेदारी बना रही है सो अलग। अब हालात तो देखो भगवान भी उनके और सरकारें भी! यह सब जाने दो बताओ, तुमने कैसे फोन किया?'
'कुछ नहीं भैया। बस आपका हालचाल पूछना था।,
'बबलू, तुम ही तो हो जो मेरा हाल-चाल पूछते हो। बाकी लोग सिर्फ मौज-मस्ती करने के लिए कॉल करते हैं। चूंकि मैं पुरुष हूं, इसलिए उसे अपनी दुर्दशा के बारे में बताने में शर्मिंदगी महसूस होती है। इसी का फायदा उठाया जाता है। अगर मैं बोलूं भी तो क्या फायदा, मुझे कहीं से कोई मदद नहीं मिलेगी। इसके विपरीत, यदि तुम्हारी भाभी को पता चल गया कि मैंने क्या कहा है, तो उनके पास ठोस बांस से बनी अपनी खुद की ईडी है। इनको काबू में रखना भगवान के बस की भी बात नहीं है। अब फोन रखो या कुछ और भी सुनोगे?'
'अब रहने दीजिए भैया। मैं आपको कब से समझाने कि कोशिश कर रहा था कि रुकिए-रुकिए, लेकिन आप हैं कि आपने मुझे ही लपेट लिया। मैं पत्नी के साथ बैठा हूं और फोन स्पीकर पर है।'

## सूडोकु नवताल- 6900

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6899 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## दैनिक पंचांग

01 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.38 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मकर | 09.44 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.30 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 13.03 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.33 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.14 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.12 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.25 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.41 बजे से |
| | | कन्या | 00.53 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | तुला | 03.04 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.19 ब.से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 335 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 15.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 16.41 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 20.03 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.32 बजे तदनन्तर कौलव 04.19 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 43' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871814 **जूलियन दिन** 2460279.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 16 **विशेष** विश्व एड्स दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7962

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | ■ | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | ■ | |
| 24 | | | | ■ | 25 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण-4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

**ऊपर से नीचे**
2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

### शब्द पहेली -7961 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ■ |
| ■ | च | ■ | ह | ■ | ड़ी | ■ | अ | ■ |
| आ | ना | ■ | मा | ल | बा | ■ | दा | म |
| ग | ■ | म | न | ■ | न | ल | ■ | न |
| म | ही | ना | ■ | ■ | ■ | ल | की | र |
| दे | ■ | न | स | ■ | ह | क | ■ | ख |
| ह | त्या | ■ | र | न | र | ■ | का | ना |
| ■ | ग | ■ | ह | ■ | द | ■ | फि | ■ |
| ■ | ■ | ब | द | ना | म | क | र | ना |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** लेन-देन में स्पष्टता बनाए रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृष राशि :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्क राशि :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। अपने काम पर नजर रखिए।

**कन्या राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**तुला राशि :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**धनु राशि :** नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें।

**मकर राशि :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ राशि :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन राशि :** आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## ‘किसिंगर ने भारत के लिए पैदा की समस्या, इंदिरा व हक्सर ने किया समाधान’

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को हेनरी किसिंगर को याद किया, जिनका 29 नवंबर को 100 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि वह बेहद परिणामी और बेहद विवादास्पद थे और 1971 में उन्होंने और अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन ने भारत के लिए सिरदर्द पैदा किया, जिसे पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पीएन हक्सर ने दूर किया। किसिंगर को याद करते हुए, कांग्रेस महासचिव रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हेनरी किसिंगर का निधन हो गया है। वह बेहद विवादास्पद थे। लंबे और घटनापूर्ण जीवन में उनकी प्रशंसा और निंदा दोनों की गई।



लेकिन उनकी बौद्धिक प्रतिभा और अद्भुत करिश्मे के बारे में कोई संदेह नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, पिछले तीन दशकों से, उन्होंने खुद को भारत के एक महान मित्र और समर्थक के रूप में स्थापित किया और वास्तव में वह थे भी। लेकिन यह हमेशा ऐसा नहीं था और विशेष रूप से 1971 में, राष्ट्रपति निक्सन और उन्होंने भारत के लिए बड़ा सिरदर्द पैदा किया और सोचा कि उन्होंने हमें घेर लिया है। उन्होंने कहा, हालांकि, इंदिरा गांधी और पीएनहक्सर उनके मुकाबले कहीं ज्यादा साबित हुए।

मैंने अपनी किताब 'इंटरट्वाइंड लाइव्सः पीएन हक्सर एंड इंदिरा गांधी' में किसिंजर-हक्सर और निक्सन-इंदिरा गांधी मुठभेड़ों का अभिलेखीय विस्तार से वर्णन किया है। उन्होंने आगे कहा कि गैरी बैस ने अपनी पुस्तक 'द ब्लड टेलीग्रामः निक्सन, किसिंजर एंड ए फॉरगॉटन जेनोसाइड' में 1971 की बांग्लादेश के निर्माण की घटनाओं में उनकी भूमिका के लिए किसिंगर को गंभीर रूप से दोषी ठहराया है।

कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी 1973 में विवादास्पद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और राजनयिक महाशक्ति किसिंगर, जिनकी दो राष्ट्रपतियों के अधीन सेवा ने अमेरिकी विदेश नीति पर एक अमिट छाप छोड़ी, के बुधवार को निधन के एक दिन बाद आई है। किसिंगर की स्थायी विरासतों में से एक द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक गतिशीलता को नया आकार देने में उनकी भूमिका थी। इस साल जुलाई में, किसिंगर ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने के लिए अचानक बीजिंग का दौरा किया। 1970 के दशक में, किसिंगर रिपब्लिकन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के अधीन राज्य सचिव थे और उन्होंने कई वैश्विक घटनाओं पर काम किया।

## भारत विरोधी चरमपंथियों को कनाडा ने लगातार जगह दी : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों और हिंसा को जगह दी है और यही मुद्दे के मूल में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की हालिया टिप्पणियों पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, जहां तक कनाडा का सवाल है, उसने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों और हिंसा को जगह दी है। यही मुद्दे के मूल में है। बागची ने कहा कि भारत के राजनयिक प्रतिनिधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसलिए, हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार राजनयिक संबंधों पर वियना



कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को पूरा करेगी।

विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, हमने अपने आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप देखा है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है। उनकी टिप्पणी अमेरिका द्वारा एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क स्थित सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश का आरोप लगाने और उस पर कनाडाई प्रधानमंत्री के इस बयान के कुछ घंटे बाद आई कि नई दिल्ली को आरोप को गंभीरता से लेने और जांच में सहयोग करने की जरूरत है।

ट्रूडो, जो सितंबर से दावा कर रहे थे कि उनके नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे, ने सीबीसी न्यूज को बताया कि वे गंभीर आरोपों पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

ट्रूडो ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, अमेरिका से आ रही खबरें इस बात को और रेखांकित करती हैं कि हम शुरू से ही किस बारे में बात कर रहे हैं, यानी...भारत को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भारत सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने की जरूरत है ताकि हम इसकी तह तक पहुंच सकें। यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे कोई हल्के में ले सकता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनकी जिम्मेदारी कनाडाई लोगों को सुरक्षित रखना है, और हम यही करना जारी रखेंगे।

अमेरिकी अभियोजकों ने बुधवार को एक भारतीय सरकारी कर्मचारी की ओर से कथित तौर पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने के लिए भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ सुपारी लेकर हत्या के आरोप की घोषणा की।

दस्तावेज में न तो सरकारी कर्मचारी और न ही खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून का नाम था। पन्नून की पहचान केवल अमेरिकी नागरिक के रूप में की गई है। अभियोग में आरोप लगाया गया कि भारत सरकार के कर्मचारी ने भारत में नामित आतंकवादी पन्नून की हत्या करने के लिए मई 2023 में या उसके आसपास गुप्ता को सुपारी दी थी। गुप्ता, बदले में, एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आया जिसे वह आपराधिक सहयोगी मानता था लेकिन वास्तव में वह अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन एजेंसी का एक गोपनीय स्रोत था।

भारत ने अमेरिकी सरकार द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है।

## साढ़े नौ साल में नई सोच-ऊर्जा से बदला देश : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी। मेरठ**



केंद्रीय रेल, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज देश में एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेन, रैपिड रेल, 5जी की सुविधा, मोबाइल फोन बनाने की फैक्ट्रियां खुल रही हैं। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। पिछले साढ़े नौ वर्ष में नई सोच और ऊर्जा से देश बदला है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को मेरठ के जिमखाना मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने कहा कि जो चीजें पहले दुनिया के विकसित देशों में दिखाई देती थी, वे अब भारत में भी दिखाई दे रही है। पहले ये सब भारत में सोची नहीं जाती थी, लेकिन यह सब उस सोच के साथ संभव हुआ है, जिसने सोचा कि भारत को विकसित बनाना है। आजादी के बाद के 70 साल की यात्रा में देश ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। कई प्रकार की चुनौतियों को संभाला है। पिछले साढ़े नौ साल में जो ऊर्जा और नई सोच नजर आई है, उसी ने यह मंजिल दिखाई है। वह चाहे तकनीक हो, गरीबों की सेवा हो, किसानों के लिए नई सुविधा हो या फिर युवाओं के लिए नए अवसर हों, सबमें एक नई सोच आई है। इसके पीछे जो अनुभव रहा है, वह सबके साथ साझा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास की नई सोच के साथ कार्य किया है। इसका पूरे देश में धरातल पर असर दिखाई दे रहा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद राजेंद्र अग्रवाल, सांसद कांता कर्दम, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विमल शर्मा, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, कमलदत्त शर्मा, अरुण वशिष्ठ, विवेक रस्तोगी, संजय त्रिपाठी, चरण सिंह लिसाड़ी, हर्ष गोयल, नवीन अरोड़ा, सुनील अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## 10 साल पुराना आधार को अनिवार्य है अपडेट कराना



### अगले 14 दिन तक फ्री में अपडेट होगा आधार कार्ड, उसके बाद देने होंगे पैसे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने कहा है कि जिनका आधार 10 साल पुराना है उन्हें अनिवार्य रूप से आधार को अपडेट कराना होगा। इसकी आखिरी तारीख 14 दिसंबर तय की गई है। 14 दिसंबर तक आप फ्री में अपने आधार कार्ड को अपडेट करा सकते हैं। यदि आप 14 दिसंबर तक अपडेट नहीं कराते हैं तो बाद में आपको अपडेट के लिए पैसे भी देने पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि घर बैठे आप फ्री में अपने आधार कार्ड को कैसे अपडेट कर सकते हैं।

आधार अपडेट के लिए आपको दो जरूरी डॉक्यूमेंट की जरूरत होगी। पहला पहचान पत्र और दूसरा एड्रेस प्रूफ। आमतौर पर आधार अपडेट के लिए आधार सेंटर पर 50 रुपये का शुल्क लगता है 14 दिसंबर तक यह सेवा फ्री है। पहचान पत्र के तौर पर आप वोटर कार्ड दे सकते हैं।

मोबाइल या लैपटॉप से यूआईडीएआई की वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद अपडेट आधार के विकल्प पर क्लिक करें। अब आधार नंबर डालकर ओटीपी के जरिए, लॉगिन करें। इसके बाद डॉक्यूमेंट अपडेट पर क्लिक करें और वेरीफाई करें। अब नीचे ड्रॉप लिस्ट से पहचान पत्र और एड्रेस प्रूफ की स्कैन की हुई कॉपी को अपलोड करें। अब सबमिट पर क्लिक करें। इसके बाद आपको एक रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा और फॉर्म सबमिट हो जाएगा।

## आयकर विभाग ने छत्रपति संभाजीनगर में एक साथ 11 जगहों पर की छापेमारी

**मुंबई।** आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को सुबह से छत्रपति संभाजीनगर में नामचीन 11 बिल्डरों के आवास और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी की है। इस ऑपरेशन में आईटी के 200 अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। आईटी अफसर शहर के बड़े बिल्डरों की वित्तीय अनियमितता और करचोरी की छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह तकरीबन छह बजे से ही आईटी विभाग के अधिकारी कई टीम बनाकर शहर के बिल्डरों के यहां छापेमारी कर रहे हैं। आईटी विभाग ने इस छापेमारी को बेहद गोपनीय रखा है और पुलिस की बड़े पैमाने पर सुरक्षा रखी गई है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आगामी दो तीन दिनों तक जारी रहेगी।

## जोशीमठ में 1658.17 करोड़ की रिकवरी एंड रिकंस्ट्रक्शन योजना को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति ने जोशीमठ के लिए 1658.17 करोड़ रुपये की रिकवरी एंड रिकंस्ट्रक्शन योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) की रिकवरी एंड रिकांस्ट्रक्शन विंडो से 1079.96 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाएगी। राज्य सरकार राहत के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) से 126.41 करोड़ रुपये और राज्य के बजट से 451.80 करोड़ रुपये प्रदान करेगी, जिसमें पुनर्वास के लिए 91.82 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है। उत्तराखंड का जोशीमठ भूस्खलन और जमीन धंसने से प्रभावित हुआ है और केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सभी आवश्यक तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और एनडीएमए के मार्गदर्शन में सभी तकनीकी एजेंसियों ने त्वरित कार्रवाई कर जोशीमठ के लिए रिकवरी योजना तैयार करने में राज्य सरकार की मदद की है।

## एक नजर

### पीएम कॉप सम्मेलन के शुरुआती सत्र को संबोधित करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज शाम दुबई रवाना होंगे और कल शाम वहां से स्वदेश वापसी करेंगे। इस दौरान वह शिखर सम्मेलन के शुरुआती सत्र को संबोधित करेंगे और तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिनमें से दो का भारत सह आयोजनकर्ता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए, जलवायु वित्त सभी वैश्विक प्रयासों का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत को उम्मीद है कि कॉप 28 में जलवायु वित्त पर एक स्पष्ट रोडमैप पर सहमति बनेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री तीन उच्च स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।

### पंजाब के पूर्व मंत्री धर्मसोत के ठिकानों पर ईडी की रेड

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत एक बार फिर से जांच एजेंसियों के निशाने पर आ गए हैं। गुरुवार को ईडी की टीमों ने अर्धसैनिक बलों के साथ धर्मसोत के अमलोह स्थित आवास पर छापा मारा और करीब छह घंटे तक जांच की। यह छापेमारी धर्मसोत के वन मंत्री पद पर रहते हुए प्रकाश में आए घोटालों के संबंध में की जा रही है। आज सुबह से ही धर्मसोत के आवास के अलावा उनके करीबी और जंगलात विभाग के एक ठेकेदार हरमोहिंदर सिंह, खन्ना स्थित एक करीबी और कुछ अधिकारियों के घरों पर भी छापेमारी की गई।

### पुलवामा के में सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के अरिहाल गांव में गुरुवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। दोनों ओर से गोलीबारी फिलहाल जारी है। कश्मीर जोन पुलिस के अनुसार जिला पुलवामा के अरिहाल गांव में मुठभेड़ शुरू हुई है। पुलिस और अन्य सुरक्षा बल काम पर हैं। उन्होंने कहा कि अभियान जारी है।

**रणनीति** | रक्षा मंत्री ने 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का किया उद्घाटन

## लगातार पेशेवर अंदाज में काम करें तटरक्षक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) से देश की तटीय सुरक्षा और समुद्री क्षमताओं को मजबूत बनाने की दिशा में पूरे समर्पण और पेशेवर अंदाज के साथ लगातार काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने नई दिल्ली में 40वें तटरक्षक कमांडरों के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए खोज, बचाव और प्रदूषण प्रतिक्रिया के क्षेत्र में अग्रणी रहकर समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल की प्रशंसा की।



राजनाथ सिंह ने कहा कि आईसीजी ने अपनी स्थापना के बाद से सभी परिस्थितियों में नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में उनकी महत्वपूर्ण सेवा की है। उन्होंने प्रतिबंधित पदार्थों और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने की जरूरत पर भी जोर दिया। सम्मेलन के दौरान आईसीजी के महानिदेशक राकेश पाल ने रक्षा मंत्री को मौजूदा विकास परियोजनाओं, परिचालन तत्परता और भविष्य की विस्तार योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करना और देश के तटीय निगरानी तंत्र को मजबूत बनाना है। इस सम्मेलन में रक्षा मंत्रालय और आईसीजी के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के एजेंडे में महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें समुद्री सुरक्षा और संरक्षा को बढ़ाना जैसे खोज और बचाव अभियान, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, प्रतिबंधित और नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ अभियान, समुद्र में मछुआरों, नाविकों की सुरक्षा, तटीय सुरक्षा उपायों को अधिकतम बनाना अंतर-एजेंसी समन्वय को मजबूत बनाना तथा समुद्री क्षेत्र के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना शामिल है।

यह सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी अधिकारी भविष्य के लिए रोडमैप सामने रखते हैं और विभिन्न नीति और रणनीतिक मुद्दों के बारे में चर्चा करते हैं। इसका उद्देश्य सेवा के लिए एक भविष्यवादी विजन तैयार करना और चुनौतियों को दूर करने के तौर-तरीकों के बारे में विचार-विमर्श करना है।

## चंद्रबाबू नायडू की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 12 तक की स्थगित



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने फाइबरनेट मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने वाले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई बृहस्पतिवार को 12 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मामले को यह कहते हुए स्थगित कर दिया कि 371 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाला मामले में प्राथमिकी को रद्द करने के संबंध में नायडू द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर फैसला जल्द ही आने की संभावना है।

## FILMY हलचल

### फैंस को करना होगा इंतजार, टाइगर वर्सेस पठान की शूटिंग का डेट आगे बढ़ाया गया



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टाइगर वर्सेस पठान' अगले साल फ्लोर पर जाने वाली थी। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। 'टाइगर 3' के बाद अब मेकर्स ने स्पाई यूनिवर्स की सबसे बड़ी फिल्म की तारीख को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आदित्य चोपड़ा ने टाइगर वर्सेस पठान की शूटिंग की डेट आगे बढ़ा दी है। अब फिल्म के लिए फैंस को करना होगा और इंतजार।

### राखी सावंत को मुंबई सेशन कोर्ट से मिली राहत, टली गिरफ्तारी



**मनोरंजन** जगत की 'ड्रामा क्वीन' कही जाने वाली एक्ट्रेस राखी सावंत एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहने वाली राखी सावंत अब एक बार फिर अपने पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी की वजह से खबरों में हैं। उनके पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी के मामले में राखी को मुंबई के सेशन कोर्ट से राहत मिल गई है। राखी सावंत और उनके पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी के बीच पिछले कुछ दिनों से अनबन चल रही है। कुछ दिन पहले एक्ट्रेस राखी सावंत का नाम एक प्राइवेट वीडियो लीक मामले में सामने आया था। राखी सावंत पर आदिल खान दुर्रानी ने उनके निजी वीडियो लीक करने का आरोप लगाया था। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को हुई सुनवाई में मुंबई सेशन कोर्ट ने एक्ट्रेस को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दे दी। इससे पहले राखी सावंत ने आदिल खान पर घरेलू हिंसा का भी आरोप लगाया था। राखी की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस ने आदिल को गिरफ्तार कर लिया था। जेल से बाहर आने के बाद आदिल ने राखी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और कहा कि उन्होंने उसके निजी वीडियो लीक किए हैं।

### रणदीप हुडा ने गर्लफ्रेंड लिन से रचाई शादी



**बॉलीवुड** अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी गर्लफ्रेंड लिन लैशराम से शादी रचा ली है। मणिपुर में पारंपरिक विवाह समारोह हुआ। दोनों की शादी में करीबी रिश्तेदार और परिवार के लोग शामिल हुए थे। पिछले हफ्ते, रणदीप ने इंस्टाग्राम पर एक शादी का कार्ड शेयर करके अपनी शादी की तारीख की घोषणा की थी। रणदीप और लिन का विवाह समारोह मणिपुर के इम्फाल में आयोजित किया गया। उनकी शादी के कई वीडियो इस समय हर जगह वायरल हो रहे हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि यह विवाह समारोह मणिपुर की पारंपरिक विवाह प्रणाली के अनुसार किया जा रहा है। रणदीप और लिन ने पारंपरिक मणिपुरी शादी की पोशाक पहनी थी। उनकी शादी में सिर्फ करीबी रिश्तेदार और परिवार के लोग ही शामिल हुए। रणदीप ने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सात फेरे ले लिए हैं। रणदीप और लिन की उम्र में लगभग 10 साल का अंतर है। एक्टर अब 47 साल के हैं और उनकी मौजूदा गर्लफ्रेंड 37 साल की हैं। रणदीप की तरह लिन भी मनोरंजन उद्योग में सक्रिय हैं। लिन को मणिपुर की एक लोकप्रिय मॉडल और अभिनेत्री के रूप में जाना जाता है। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म "ओम शांति ओम" से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। लिन ने "जाने जान", "रंगून", "मटरू की बिजली का मंडोला", "हैट्रिक" जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

## एक नजर

### एसपी ने किया ट्रैफिक थाना का निरीक्षण दिये कई निर्देश

**रांची।** ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव से गुरुवार को यातायात थाना गोंदा का निरीक्षण किया ट्रैफिक एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद यातायात थाना का यह उनका पहला निरीक्षण था निरीक्षण के क्रम में यातायात थाना के लिए भवन का प्रस्ताव, जांच के लिए थाना लाए गए वाहनों की जब्ती सूची, मालखाना पंजी का संधारण सरकारी, संपत्ति के रखरखाव के संबंध में निर्देश दिये गये थाना में कार्यरत पुलिसकर्मी के व्यवस्थापन, कर्मियों की संख्या, पोस्ट और ट्रैफिक बूथ का समय-समय पर आकलन, एवं ट्रैफिक बूथ पर पानी,बिजली और शौचालय की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये गये।

### नहीं रहे समाजसेवी धर्मचंद जैन रारा



**रांची।** सुप्रसिद्ध समाज सेवी धर्मचंद् जैन रारा का गुरुवार को निधन हो गया। रारा ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष, महामंत्री एवम प्रांतीय अधिवेशन के स्वगताध्यक्ष के पद को भी सुशोभित किया था। उनके निधन से झारखंड का संपूर्ण मारवाड़ी समाज मर्महात है। स्व आहत है। रारा को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, अरुण बुधिया, मनोज बजाज, शिवशंकर साबू, राहुल मारू, प्रदीप राजगडिया, सुभाष पटवारी, सौरव सरावगी ने श्रधांजलि दी है। वह सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हर एक व्यक्ति के लिए का आदर्श रहे हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन समाज की सेवा में लगा दिया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन 4 को : जेपी पांडेय



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी सह आंगनवाड़ी सेविका सहायिका संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की वादा खिलाफी के खिलाफ 4 दिसंबर को रांची में प्रदर्शन करने का निर्णय संघ द्वारा लिया गया है। झारखंड के समस्त जिलों और प्रखंडों और पंचायतों के आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यरत सेविका/सहायिका इस आंदोलन में भारी संख्या में मोरहाबादी मैदान रांची में पहुंचेंगे। आरोप है कि सरकार के साथ जो सुविधा प्रदान करने का समझौता हुआ था अभी तक सभी को लागू नहीं किया गया है।

### राज्य के विकास में बैंकों की है अहम भूमिका : सुब्रत कुमार

**रांची ।** बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सुब्रत कुमार झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में उनकी अध्यक्षता और महाप्रबंधक राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड मनोज कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को रांची में टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड, रांची आंचलिक कार्यालय और अंचल की प्रमुख शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक ने कहा कि किसी भी प्रदेश व समाज के विकास में बैंक मजबूत स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। झारखंड राज्य में विकास की असीम संभावनाएं हैं। राज्य का अग्रणी बैंक होने के नाते हमारा दायित्व बनता है कि राज्य के किसान, श्रमिक, उद्यमी, महिलाओं तथा हर वर्ग के लोगों को वित्त पोषित कर राज्य के चौमुखी विकास में तथा तरक्की में बहुमूल्य योगदान करें।

---

पति शेख बेलाल व पत्नी अफसाना खातून पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

# सोफिया का सिर धड़ से अलग करने वाले पति-पत्नी को उम्र कैद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने गुरुवार को महिला की जघन्य हत्याकांड में दोषी करार अभियुक्त शेख बेलाल एवं उसकी पत्नी अफसाना खातून उर्फ साबो खातून को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है । अदालत ने दोनों को हत्या के आरोप में 25 नवंबर को दोषी ठहराया था। सजा के बिंदु के सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कड़ी से कड़ी सजा के तहत फांसी की मांग की गयी। जिसपर बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कम से कम उम्र कैद देने की वकालत अदालत से की। वही, दोनों की बहस सुनने के बाद आदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई। दोनों अभियुक्त ने तीन जनवरी 2021 को साजिश रचकर चान्हो निवासी महिला सोफिया परवीन की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सिर कटी निर्वस्त्र शव को ओरमांझी के जंगल में फेंक दिया गया था। घटना को लेकर ओरमांझी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह हत्या अवैध संबंध को लेकर पहली पत्नी साबो खातून को तलाक देने के दबाव में की गयी थी। इसके बाद अभियुक्तों ने धारदार दाउली से गला रेतकर उसका सिर धड़ से अलग कर दिया था। सिर कटी होने की वजह से युवती के शव की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस ने सिर खोजने वाले को 5 लाख रुपये इनाम देने की भी घोषणा की थी। शव बरामदगी के 10वें दिन 12 जनवरी को पुलिस ने युवती का सिर रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के चंदवे बस्ती में एक खेत से बरामद किया। उसकी पहचान रांची के चान्हो थाना अंतर्गत चटवल की सोफिया खातून के रूप में हुई। माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया, तब जाकर इसकी पुष्टि हुई थी कि सिर और धड़ सोफिया का ही था। इसके बाद 14 जनवरी को भाग रहा शेख बेलाल को सिकिदिरी में ऑटो में धर दबोचा था। दोनों 15 जनवरी 2021 से लगातार जेल में ही है। मले में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 19 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

### कटी सिर को खोजने का इनाम रखा गया था पांच लाख रुपए

सिर कटी लाश मिलने के बाद सिर खोजने वाले को पांच लाख रुपए इनाम देने की घोषणा पुलिस प्रशासन की ओर से की गई थी। घटना स्थल पर स्निफर डॉग को भी ले जाया गया था। जंगल में सिर ढूंढने के लिए 400 पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। पुलिस मुख्यालय की ओर से 15 दिन का समय मिला था। लेकिन पुलिस ने 12 दिनों के भीतर ही पूरे मामले का उदभेदन करते हुए अभियुक्तों को भी धर दबोच लिया था। चान्हो के चटवल निवासी ने मृतका को अपनी बेटी बतलाया। इसके बाद माता-पिता से डीएनए मैच कराया गया। तब जाकर इसकी पुष्टी हुई थी। युवती की लाश मिलने के बाद लोग आक्रोशित हो गए थे। इसी मामले में रांची के किशोरगंज चौक पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मुख?यमंत्री हेमंत सोरेन का काफिला रोकने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ पुलिस की झड़प हुई। इसमें पुलिस को भी चोटें आई थी। गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई थी।

- तीन जनवरी 2021 को हत्या की साजिश रची गई थी
- अपने पति को छोड़ कातिल के साथ रह रही थी सोफिया
- महिला का सिर चंदवे बस्ती स्थित खेत में दफना गया था

### अवैध संबंध को वैध कराने के दबाव में की गई थी हत्या

मृतक सोफिया अपने पति को छोड़कर शेख बेलाल के साथ अवैध रूप से रह रही थी। दोनों में अवैध संबंध था। सोफिया बेलाल की पत्नी बनना चाहती थी। इसके लिए पहली पत्नी को तलाक देने का लगातार दबाव बनाने लगी। बेलाल के घर में मृतका एवं उसकी पत्नी के बीच बराबर टकराव होता रहता था। शेख बेलाल सोफिया को रास्ते से हटाने के लिए उसे जंगल ले गया और गला दबाकर हत्या कर दी।

किशोरगंज चौक पर हुआ था बवाल : इस वारदात को लेकर रांची में जनाक्रोश फूट पड़ा था। गुस्साई भीड़ ने रांची के किशोरगंज चौक के पास सड़क जाम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिले पर हमला बोल दिया था। इसके बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया था। वारदात में अदालत में चले मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष ने 19 गवाहों के बयान दर्ज कराये थे, जिसके आधार पर आरोपियों को बीते 25 नवंबर को दोषी करार दिया गया था। इस मामले में गुरुवार को सजा सुनाई गई। इस वारदात में बेहतर अनुसंधान के लिए ओरमांझी थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और सिल्ली के तत्कालीन डीएसपी चंद्रशेखर आजाद को केंद्रीय गृह मंत्री बेस्ट अनुसंधानक का अवॉर्ड मिला था।

---

### भारी विरोध के कारण टला एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास



**चान्हो/ मांडर।** मांडर के मंदरो पंचायत अंतर्गत बखार गांव में प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम से ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण विधायक शिल्पी तिर्की और पूर्व विधायक बंधु तिर्की और सांसद सुदर्शन भगत को वापस लौटना पड़ा। उक्त स्थल पर निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया भारी विरोध। दस दिसंबर को ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें निर्माण को लेकर लिया जाएगा निर्णय।

### सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का : विधायक

**चान्हो।** सोंस पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है। उन्होंने ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार के समय ग्रामीण प्रखंड ब्लॉक का चक्कर लगा-लगा कर थक जाते थे, लेकिन वर्तमान की हमारी सरकार ने निश्चय किया, कि अब सरकार गांव एवं कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का समाधान किया जाएगा। शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए जिनका विधायक ने निरीक्षण किया और कार्यक्रम में अल्पसंख्यक बच्चों एवं जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को भी चेक देकर सम्मानित किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पंचायत कोडिनेटर, प्रखण्ड कोडिनेटर आवास, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी सहित चान्हो प्रखण्ड के सभी सरकारी कर्मी थे तथा राजनीतिक दल के चान्हो पश्चिमी जिला परिषद आदिल अजीम प्रखण्ड युवा अध्यक्ष इरशाद खान, चटवल मुखिया शिव उरांव, रघुनाथ पुर मुखिया महादेव उरांव, फरीद अंसारी, पूर्व मुखिया, मुखिया निधिया उरांव, मो .मोहम्मद अरशद, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डोरंडा कॉलेज की शिक्षिका को मिला इंसाफ

**रांची।** विश्वविद्यालय में गुरुवार को बैठक के बाद आरोपी शिक्षक को डोरंडा कॉलेज से हटा दिया गया। निर्णय आने के बाद कॉलेज के सभी लोग प्रसन्न हैं। मालूम हो कि शिक्षक पर एक महिला शिक्षक के अपमान का आरोप था। एनएसयूआई के नेता अब्दुल राबनावाज लगातार इस मुद्दे को लेकर कॉलेज इंसाफ दिलाने में लगे हुए थे। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर किसी महिला के साथ, विद्यार्थियों के साथ या किसी भी कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार करेगा तो उसे सजा मिलेगी।

---

## मुस्लिम मजलिस-ए-उलमा का संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन 3 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड द्वारा आयोजित संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से चल रही है। सम्मेलन में राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं जन प्रतिनिधियों का एक बड़ा समूह भाग ले रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन झारखंड सरकार के माननीय मंत्री सत्यानंद भुक्ता करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सुबोध कांत सहाय पूर्व मंत्री, फुरकान अंसारी पूर्व सांसद, भुवनेश्वर मेहता पूर्व सांसद, कामेश्वर बैठा पूर्व सांसद, वक्ता के रूप में मंजूर अहमद अंसारी पूर्व अध्यक्ष हज समिति झारखंड, डॉ. इरफान अंसारी विधायक झारखंड अध्यक्ष हज समिति झारखंड, अख्तरुल इस्लाम उर्फ शाहीन विधायक बिहार, डॉ. असगर मिस्बाही, गौतम चौधरी वरिष्ठ पत्रकार रांची, सैयद सोहेल सईद, हसीब अख्तर अध्यक्ष जमीयत उल-इराकीन रांची, शाहीन मरियम रांची के अलावा विभिन्न विचारधाराओं और धर्मों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## झारखंड में शराब बिक्री करनेवाली प्लेसमेंट एजेंसी जीडीएक्स हुई ब्लैकलिस्टेड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ने झारखंड में शराब बिक्री करनेवाली प्लेसमेंट एजेंसी जीडीएक्स को ब्लैकलिस्टेड कर दिया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा बैंक गारंटी के रूप में जमा किये गये आठ करोड़ रुपये भी जब्त कर लिये गये हैं। जानकारी के मुताबिक, यह एजेंसी अगले तीन वर्षों तक काम नहीं कर पायेगी। इस एजेंसी को झारखंड के पलामू, लातेहार, गढ़वा, रामगढ़ और बोकारो में खुदरा शराब बिक्री के लिए काम दिया गया था। अब इन सभी जिलों में शराब बिक्री का जिम्मा नयी प्लेसमेंट एजेंसी को दिया जायेगा। इस एजेंसी पर आरोप है कि शराब बिक्री करने के बाद पैसा जमा नहीं किया था। इस मामले का खुलासा गढ़वा में पदस्थापित उत्पाद अवर निरीक्षक ने किया था। वित्तीय अनियमितता का मामला आने के बाद जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसके बाद विभाग ने इस एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड कर दिया।

## हरमू नदी के उद्गम स्थल पर स्थित सभी मकानों का नक्शा कोर्ट में प्रस्तुत करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की हाई कोर्ट के जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने आरआरडीए और रांची नगर निगम को निर्देश देते हुए कहा कि वे हरमू नदी के उद्गम स्थल डीएवी हेहल के समीप स्थित सभी मकानों का स्वीकृत नक्शा से संबंधित रिकार्ड प्रस्तुत करें। मामले में अगली सुनवाई छह दिसम्बर को होगी। कोर्ट ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन शाहदेव को जान से मारने की धमकी मिलने और उनके द्वारा एफआईआर दर्ज करने के एक सप्ताह का समय बीतने के बाद भी अब तक उन्हें सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया कराया गया। कोर्ट ने अधिवक्ता एवं उनके परिवार को जल्द अंगरक्षक मुहैया करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया। साथ ही एफआईआर दर्ज होने के बाद की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। सुनवाई के दौरान मामले में स्थल जांच के लिए कोर्ट द्वारा नियुक्त किए गए एडवोकेट कमिश्नर की ओर से स्थल जांच का सीलबंद रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। इससे पहले हाई कोर्ट की प्रथम पाली में सुनवाई के दौरान एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट की अध्यक्ष रितु कुमार ने कोर्ट के संज्ञान में यह बात लाया कि हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण करने की शिकायत करने वाले एसोसिएशन के अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव पर अज्ञात लोगों ने पिस्टल तानकर जान से मारने की धमकी दी है ।

## पृष्ठ एक के शेष

**गरीबों के लिए काम कर रही....**

सृजन के लिए लोन, गाड़ी, प्रशिक्षण, पठन-पाठन, परिसंपत्तियों का वितरण आदि कई व्यवस्थाएं की गई हैं। सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी लोगों को सम्मान मिला है। दिव्यंगता पेंशन, विधवा पेंशन, परित्यागी महिला को पेंशन, वृद्ध व्यक्तियों को पेंशन, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को पेंशन आदि देकर लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में किसान पाठशाला खोली गई है, जिसमें किसानों को फसलों के वृहद उत्पादन हेतु एवं वैज्ञानिकी कृषि के गुरु सिखाए जाएंगे, जिससे कृषक ज्यादा से ज्यादा फसलों का उत्पादन कर अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकेंगे। उन्होंने उग्रवाद/आतंकवाद लगभग खत्म कर दिए जाने की बात कही। उन्होंने गढ़वा जिले के बूढ़ा पहाड़ का उदाहरण देते हुए बताया कि पहले लोग वहां जाने से कतराते थे, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री ने स्वयं जाकर वहां लोगों को विभिन्न सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया है। अब लोग निडर होकर उस क्षेत्र में आ जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने ग्राम गाड़ी योजना की भी चर्चा की एवं 100 यूनिट तक बिजली फ्री कर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कोई भी क्षेत्र विद्युतीकरण से वंचित नहीं रहेगा।

**महज संयोग नहीं दो माह में तीसरी बार...**

तब झामुमो ने प्रमंडल के गढ़वा व लातेहार सीट पर जीत के साथ प्रमंडल में दमदार उपस्थिति दर्ज कराने के साथ ही प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने में कामयाबी पाई है। इससे आम कार्यकर्ताओं के साथ झामुमो का शीर्ष नेतृत्व भी सुखद भविष्य देख रहा है। सीएम खुद आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। अक्टूबर महीने में दो बार पलामू आकर सीएम किसानों व युवाओं को सौगात देने के बाद इस बार कार्यकर्ताओं से जहां सीधे मुखातिब हो रहे हैं। वहीं आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शरीक होकर आम जनता का दुख-दर्द भी बांटेंगे।

**हजारीबाग हुए रवाना, बीएसएफ के स्थापना दिवस...**

के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल और जिला पुलिस के जवान तैनात थे। गृह मंत्री के आगमन के दौरान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के लिए फिलहाल विजिटिंग पास को कुछ देर के लिए बंद कर दिया गया था।

**यह है पूरा कार्यक्रम :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वे हजारीबाग के लिए रवाना हुए। वे गुरुवार को मेरू स्थित बीएसएफ के कैंप में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शुक्रवार को बीएसएफ का स्थापना दिवस है। यहां वे राइजिंग डे परेड में शिरकत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर हजारीबाग तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अभी तक की जानकारी के अनुसार स्थापना दिवस कार्यक्रम के बाद वे बीएसएफ के अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। एक दिसंबर को बीएसएफ का 59वां स्थापना दिवस है। हजारीबाग के मेरू बीएसएफ कैंप में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में सभी फ्रंटियर की टुकड़ियां शामिल होंगी। जिसमें महिला टुकड़ियां भी होंगी। इसके अलावा मोटरसाइकिल टीम भी हैरतअंगेज प्रदर्शन करेगी। इसी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री हजारीबाग से रांची पहुंचेंगे। इसके बाद 2.45 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

**मेरी हालत पर भी तरस...**

जीवन स्तर में सुधार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हाल तो यह है कि कई साहूकार आदिम जनजातियों की जमीन पर कब्जा कर मकान बनाकर रह रहे हैं। बताया जाता है कि साहूकारों ने सूद पर पैसा देकर ब्याज के बदले उनकी जमीन हड़प ली है। बहरहाल बीमार काया के कारण चलने फिरने में असमर्थ भोला परहिया को सहायता की अंतिम उम्मीद सीएम हेमंत सोरेन से लगी है।

**चुनावी रेवड़ी की जीत और हार...**

बताया गया था कि आंध्र प्रदेश फ्रीबीज योजनाओं के ऐलान में सबसे आगे है। वहीं, पिछले तीन वर्षों में झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में सब्सिडी में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। आर्थिक मामलों के जानकार कहते हैं कि सरकारें ऐसी योजनाओं के प्रति सजग हो जाएं। नहीं तो स्थिति शायद ऐसी बनेगी कि जहां वे ना तो अपने वित्तीय संसाधनों को नुकसान पहुंचाने वाले कल्याणकारी उपायों को वापस ले पाएंगी और ना ही योजनाएं उनके मतदाता आधार को बढ़ा पाएंगी। संरक्षण की राजनीति में शामिल होने के बजाय सरकारों के लिए बेहतर यह होगा कि वे वोट और जनकल्याण का फर्क अलग करें। सरकारें, गरीबों को वो चीजें दें जिसके वे वास्तविक हकदार हैं। सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस के सह-संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने कहा है कि कुछ भी मुफ्त नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार की ओर से दी जाने वाली सेवाओं और सब्सिडी का लाभ उठाने वाले लोगों को समाज की भलाई के लिए योगदान देना चाहिए। भारत जैसे गरीब देश को समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए उदार पूंजीवाद ही एकमात्र समाधान है। सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी थी कि चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा किए गए वादों पर नियंत्रण नहीं रखा जा सकता। इस मामले में चुनाव आयोग को भी संसद से पास कानून का इंतजार है पर लाख टके का सवाल यह है कि वारंटी गारंटी देते दल ऐसा करेंगे क्या?

**नारी युवा, गरीब और किसान मेरे लिए...**

लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं।

**एसएचजी को मिलेंगे 15, 000 ड्रोन :** पीएम महिला किसान ड्रोन केंद्रों के शुभारंभ के बारे में प्रधानमंत्री ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान ड्रोन दीदी की घोषणा को याद किया और बताया कि आने वाले तीन वर्षों में ड्रोन पायलटों के प्रशिक्षण के साथ-साथ 15,000 महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**देवघर में दस हजारवां जन औषधि केंद्र :** झारखंड के देवघर स्थित एम्स में 10,000वें जन औषधि केंद्र को भी समर्पित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अच्छी दवाई और सस्ती दवाई ये बहुत बड़ी सेवा है। जितने लोग उन्हें सुन रहे हैं, उनसे उनका आग्रह है कि जनऔषधि केंद्र के बारे में लोगों को बताइए। दवाइयों पर जो खर्च पहले 12-13 हजार का होता था, वह जनऔषधि केंद्र की वजह से सिर्फ 2-3 हजार हो रहा है यानी 10 हजार रुपये लोगों की जेब में बच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने के कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। उन्होंने इस बात पर भी खुशी जताई कि पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। कहा, मोदी की गारंटी का मतलब पूर्ति की गारंटी है।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा**

Phone- 06541-223994, E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

आसन्न लोक सभा आम चुनाव–2024 में उपयोग होने वाले अल्पाहार व भोजन/विडियोग्राफी/फोटोग्राफी के लिए दर निर्धारण एवं सेवा प्राप्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म हेतु निविदा डालने की अंतिम तिथि–16.12.2023 को 12:00 बजे अपराह्न निर्धारित है। निविदा उसी दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा द्वारा गठित क्रय समिति के समक्ष अपराह्न 01:00 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता को स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को यथोपेक्षित सामग्रियों के नमूने के साथ रहना अनिवार्य होगा।

सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते चतरा जिला के विभागीय वेबसाईट www.chatra.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, चतरा

PR 312317 Election (23-24)_D

**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा**

**(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–45, वर्ष 2023–24)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता,जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : **07.12.2023** से **09.12.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: **11.12.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **11.12.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : DMFT

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Pratappur | Jogiyara | Kukuraman | Construction of Class Room at UMS Kukuraman | 2364600 | 5000 | 48000 | 06 माह |

निविदा की शर्ते –

1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा

PR312312 (District)23-24*D

**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा**

**(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–46/2023–24)**

चतरा जिला अन्तर्गत प्रखण्ड सिमरिया, टण्डवा एवं लावालौंग में कुल 374 नग सोलर लाईट का अधिष्ठापन कार्य किया जाना है। जिसका विशिष्ट निम्नवत् है–

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Solar street lights with 75 Wp solar Panel, 12 W LED Luminaire and 12.8 V – 30 Ah Li Battery as per MNRE Specification. | 7255600 | 145500 | 10000 | 03 माह |

इच्छुक स्थानीय प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्ता अथवा MSEs/Other Enterprises (who registered in Jharkhand Goods and Services tax) से सोलर लाईट अधिष्ठापन हेतु दो लिफाफा पद्धति के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित किया जाता है–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : **07.12.2023** से **08.12.2023** तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
2. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : **09.12.2023** को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : **09.12.2023** को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
6. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
7. निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० : 9835777636 (Assistant Engineer)

परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा। अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा

PR 312311 District(23-24)#D

## एक नजर

### 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को स्पेन के वालेंसिया में 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले 5 देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की है। भारत 5 देशों के टूर्नामेंट में मेजबान स्पेन, जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम के खिलाफ खेलेगा, जो 2023-24 एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों से पहले तैयारी के रूप में काम करेगा। 24 सदस्यीय टीम में अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण है, जिसका नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। इस दौरे के लिए सुमित और अमित रोहिदास को हरमन के डिप्टी के रूप में नामित किया गया है। टीम चयन पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम युवाओं और अनुभव के अच्छे मिश्रण के साथ एक संतुलित टीम के साथ जा रहे हैं। यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और दुनिया की शीर्ष टीमों का सामना करने के दबाव का अनुभव करने का एक शानदार अवसर भी प्रदान करेगा।

### महिला जूनियर हॉकी विश्व में भारत ने पहले मैच में कनाडा को 12-0 से हराया

**सैंटियागो।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली के सैंटियागो में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी जूनियर विश्व कप के अपने पहले मैच में बुधवार रात कनाडा को 12-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। भारत के लिए मुमताज खान (26', 41', 54', 60') ने चार, अन्नू (4', 6', 39') और दीपिका सोरेंग (34', 50', 54') ने 3-3 व दीपी मोनिका टोप्पो (21'), नीलम (45') ने 1-1 गोल किया। भारत ने मैच की शुरूआत आक्रामक रुख के साथ की, कनाडा पर लगातार दबाव डाला और तेजी से बढ़त हासिल की क्योंकि अन्नू (4', 6') ने पेनल्टी कॉर्नर के माध्यम से दो शुरूआती गोल किए। दो गोल की बढ़त लेने के बावजूद, भारत ने अपनी आक्रामक शैली जारी रखी और कनाडा पर दबाव बनाए रखा, पहले क्वार्टर में भारतीय टीम 2-0 से आगे रही। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी अपना दबदबा कायम रखा।

### पंजाब और बेंगलुरू के बीच मुकाबला अनुभव और युवा जोश का

**बेंगलुरू।** पंजाब एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीजन की अपनी शुरूआती जीत की तलाश में है और वो आज रात श्री कांतीरावा स्टेडियम में खेले जाने वाले आईएसएल सीजन 10 के मैचवीक8 मुकाबले में मेजबान बेंगलुरू एफसी का सामना करेगी। आईएसएल की सबसे नई टीम ने लीग में अब तक एक दिलचस्प यात्रा का अनुभव किया है। उन्होंने अपनी क्षमताएं दिखाना शुरू कर दिया है, जिसमें जमशेदपुर एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ ड्रा शामिल है, जो कि घर से दूर एफसी गोवा के खिलाफ 1-0 की करीबी हार के ठीक बाद में आए। हालांकि उन उत्साहवर्धक यात्राओं ने आगे के लिए सकारात्मक परिणामों की उम्मीद जगा दी थी, लेकिन तब से उनका प्रदर्शन यकीनन स्थिर हो गया है।

## आईपीएल नीलामी 2024

# खिलाड़ियों के पास पंजीकरण कराने का आज आखिरी मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खिलाड़ियों के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए पंजीकरण कराने का आज अंतिम दिन है। खिलाड़ियों को अपने संबंधित बोर्ड के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के साथ अपना नाम जमा करना आवश्यक है। नीलामी 19 दिसंबर को होनी है। विश्व कप में पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, ट्रैविस हेड, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, इब्राहिम जादरान, रहमत शाह जैसे उल्लेखनीय विश्व कप प्रदर्शन करने वालों सहित इस बार नीलामी के लिए 700 से अधिक खिलाड़ियों के पंजीकरण कराने की उम्मीद है। विशेष रूप से, पिछली नीलामी में खरीदे जाने के बाद खुद को अनुपलब्ध रखने के अपने इतिहास के बावजूद, फ्रेंचाइजी द्वारा स्टार्क का उत्साहपूर्वक पीछा किए जाने की उम्मीद है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के करीबी सूत्रों ने खुलासा किया है कि कम से कम पांच फ्रेंचाइजियों ने बाएं हाथ के गेंदबाज से संपर्क किया है और मार्की सूची में



उनके प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। पंजीकरण के बाद, फ्रेंचाइजी को सूची में कटौती करने का काम सौंपा जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को नीलामी में करीब 70 खिलाड़ियों के बिकने का अनुमान है। बीसीसीआई ने निर्दिष्ट किया है कि नीलामी में कुल 262.95 करोड़ रुपये तक का लेनदेन हो सकता है, जिसमें 10 टीमों में 77 स्लॉट उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, टीमें अधिकतम 30 विदेशी खिलाड़ियों को प्राप्त कर सकती हैं। बेन स्टोक्स पहले ही नाम वापस ले चुके हैं, फ्रेंचाइजी सूत्रों ने संकेत दिया है कि वे हाल ही में मुंबई इंडियंस द्वारा जारी किए गए जोफ्रा आर्चर की उपलब्धता के बारे में पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। ऐसी भी अटकलें हैं कि जोश हेजलवुड लीग के लिए उपलब्ध हो सकते हैं, जिन्हें हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने रिलीज किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के समापन के बाद मार्च के तीसरे सप्ताह से मई के तीसरे सप्ताह तक आईपीएल होने की संभावना है। यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ियों और बोर्डों के पास 3 जून से शुरू होने वाले ट्वेंटी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पर्याप्त समय है।

### नाथन लियोन सीजन 2024 के लिए लंकाशायर क्रिकेट में शामिल हुए

**ओल्ड ट्रैफर्ड।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर नाथन लियोन ने लंकाशायर क्रिकेट के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। वो अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होंगे। लंकाशायर क्रिकेट ने नाथन लियोन के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए गुरुवार को एक बयान जारी किया। जिसमें कहा गया, ₹लंकाशायर क्रिकेट को 2024 सीजन के लिए अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय ऑफ-स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन के विदेशी अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अगली गर्मियों की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बाद वो 2024 में सभी प्रतियोगिताओं के लिए उपलब्ध होगा।

## श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर को मिलेगी जगह!

# बदल गई है कंगारू टीम: दोनों टीम के बीच होगा जबरदस्त मुकाबला




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। भारत को तीसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से हराया था। भारत वापसी करना चाहेगा और सीरीज पर कब्जा करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम के लिए खुशखबरी है कि श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हो रही है। वह बतौर उपकप्तान रायपुर टी-20 मैच में टीम से जुडेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया शुक्रवार, 1 दिसंबर को पांच मैचों की सीरीज का चौथा टी-20 मैच खेला जाएगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दोनों टीमें आमने-सामने होगीं। रायपुर में अभी तक एक भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला गया है। 1 दिसंबर को पहली बार यहां टी-20 मैच खेला जाएगा। पांच मैचों की टी-20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। भारत को तीसरे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट से हराया था। भारत वापसी करना चाहेगा और सीरीज पर कब्जा करने की कोशिश करेगा। भारतीय टीम के लिए खुशखबरी है कि श्रेयस अय्यर की टीम में वापसी हो रही है। वह बतौर उपकप्तान रायपुर टी-20 मैच में टीम से जुडेंगे। दीपक चाहर को मिल सकती है प्लेइंग इलेवन में जगह तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम की गेंदबाजी की कलई खुल गई थी।

**भारतीय टीम**

यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, दीपक चाहर

**ऑस्ट्रेलिया टीम**

ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, बेन मैकडरमॉट, जोश फिलिप, टिम डेविड, आरोन हार्डी, मैथ्यू वेड, नाथन एलिस, तनवीर संघा, केन रिचर्डसन/बेन द्वारशुइस, जेसन बेहरेनडॉफ

**बदल गई है ऑस्ट्रेलियाई टीम :** ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो टीम में काफी बदलाव हो सकता है, क्योंकि टीम के सीनियर खिलाड़ी स्टीव स्मिथ, एडम जंपा, ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी वापस स्वदेश लौट चुके हैं। इनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट के साथ-साथ तेज गेंदबाज बेन द्वारशुइस और स्पिनर क्रिस ग्रीन को टीम में शामिल किया गया है।



### साउथी 2,000 टेस्ट रन और 300 विकेट लेने वाले तीसरे कीवी क्रिकेटर

**एजेंसी। सिलहट**

न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान और तेज गेंदबाज टिम साउथी ने बुधवार को 2,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए और महान ऑलराउंडर रिचर्ड हेडली और डैनियल विटोरी के साथ एक विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए। वह कीवी दिग्गज हेडली और विटोरी के साथ अपने देश के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिनके नाम 2,000 से अधिक टेस्ट रन और 300 से अधिक विकेट हैं। सिलहट में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के दौरान साउथी इस मुकाम पर पहुंचे। कीवी टीम की पहली पारी में उन्होंने 62 गेंदों पर 35 रन बनाए. उनकी पारी में तीन चौके शामिल थे। साउथी ने 95 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 135 पारियों में छह अर्धशतकों के साथ 16.21 की औसत से 2,011 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 है। वहीं,हेडली ने 86 टेस्ट मैचों में कीवी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 431 विकेट लिए और 27.16 की औसत से 3,124 रन भी बनाए,



जिसमें दो शतक और 15 अर्द्धशतक शामिल हैं। विटोरी ने 113 टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, 362 विकेट लिए और 30.00 के औसत से 4,531 रन बनाए, जिसमें छह शतक और 23 अर्द्धशतक शामिल थे। मैच की बात करें तो, कीवी टीम ने अपनी पहली पारी 317 रन के स्कोर पर समाप्त की और सात रनों की मामूली बढ़त हासिल की, बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 310 रन बनाए थे। केन विलियमसन (205 गेंदों में 104) ने अपना 29वां टेस्ट शतक जमाया और डेरिल मिशेल (41), ग्लेन फिलिप्स (42) और साउथी (35) ने उनका अच्छा समर्थन किया।

## यूपी वारियर्स ने महिला क्रिकेट में बदलाव के लिए मिलाया एआरटीके साथ हाथ

**एजेंसी। मुंबई**

इस साल की शुरूआत में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सीजन की असाधारण सफलता के बाद कैपरी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वारियर्स टीम, एक अनोखी डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से महिला क्रिकेट की कहानी को दर्शकों के सामने लाने के लिए तैयार है। यह डॉक्यूमेंट्री टीम को करीब से तथा वास्तविक तरीके से सबके सामने लाएगी। साथ ही यह उत्तर प्रदेश की इस टीम से जुड़े जादुई क्षणों, सीजन की जीत, कठिन चुनौतियों, सफलताओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं से जुड़े खेलों की



वास्तविकताएं सबके सामने रखेगी। एक ऐसे युग में जहां महिलाओं की खेलों में हिस्सेदारी बढ़ रही है, यूपी वारियर्स फ्रैंचाइजी न केवल क्रिकेट में बल्कि खेल के पूरे परिदृश्य में लैंगिक बाधाओं को तोड़ने की प्रथा का नेतृत्व करना चाहती है। एआरटी एंड एम और विक्ट्री स्पोर्ट्स मीडिया द्वारा सह-निर्मित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज एक सांस्कृतिक मील का पत्थर साबित होगी, जो सामाजिक और आर्थिक बदलाव की दिशा में प्रयास करने की यात्रा में सभी क्षेत्रों में खिलाड़ियों और महिलाओं को प्रेरित करेगी।

### गुरूकुल की हॉकी टीम पंजाब के लिए रवाना

**हरिद्वार।** गुरूकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग की हॉकी टीम के उत्तर क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजाब रवाना हो गई है। गुरुवार को क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. अजय मलिक ने हॉकी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खिलाड़ी को हार-जीत के स्थान पर अपने बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शिवकुमार चौहान ने अनुशासन को खेल की पहली जरूरत बताते हुये कहा कि खेल में कुशलता के साथ बना रहना, केवल कठिन परिश्रम तथा विपरीत परिस्थिति से ही संभव है। यही एक बेहतर खिलाड़ी की योग्यता है।

## पाकिस्तान शृंखला के लिए अस्थायी रूप से बदला जाएगा ओटागो ओवल का नाम

**एजेंसी। कोच्चि**

डुनेडिन। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए डुनेडिन के ओटागो ओवल विश्वविद्यालय का नाम अगले सप्ताह अस्थायी रूप से बदल दिया जाएगा। इस विश्वविद्यालय का नाम पूर्व छात्रा सुजी बेट्स के नाम पर 'सुजी बेट्स ओवल' हो जाएगा। न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ 3 दिसंबर से तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगी। 'सुजी बेट्स ओवल' अनुभवी ऑलराउंडर के सम्मान में टी20 सीरीज के दूसरे मैच की मेजबानी



करेगा, जो न्यूजीलैंड के लिए हाल के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली दुनिया की तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। इस अवसर पर सुजी का परिवार, दोस्त, टीम के साथी और कोच डुनेडिन में मौजूद रहेंगे। 36 वर्षीय सुजी को पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड महिला टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, ह्लअंतरराष्ट्रीय घरेलू समर की शुरूआत हमेशा एक रोमांचक समय होता है और मुझे पता है कि हमारे खिलाड़ी वास्तव में हमारे प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए प्रेरित होते हैं। हम दूसरे मैच में 'सुजी बेट्स ओवल' में खेलेंगे और यह वास्तव में एक विशेष अवसर होगा और सुजी के करियर की एक शानदार स्वीकृति होगी।

## ओडिशा की मेजबानी में नौ जनवरी से शुरू होगा कलिंगा सुपर कप

**नई दिल्ली।** कलिंगा सुपर फुटबॉल कप, 9 जनवरी 2024 से ओडिशा में आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। मैच ओडिशा में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित करने की योजना है। इंडियन सुपर लीग और आई-लीग दोनों टीमों को वार्षिक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट के प्रारूप में चार-चार टीमों के चार समूह होंगे, जो आपस में सिंगल-लेग मैच खेलेंगे। ग्रुप विजेता सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे, जिसके बाद 28 जनवरी, 2024 को फाइनल खेला जाएगा। आई-लीग टीमें कलिंगा सुपर कप के ग्रुप चरण में पहुंचने के लिए क्वालीफायर खेलेगी जहां ग्रुप चरण में उनके लिए चार स्थान आरक्षित किए गए हैं।

### एथलीट आयोग चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**पेरिस।** अगले साल 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में आईओसी एथलीट आयोग (एसी) के लिए 32 एथलीट चुनाव लड़ेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। 15 खेलों के 18 महिला और 14 पुरुष एथलीटों के पूल में से चार पदों पर चुनाव होना है। आईओसी ने कहा कि पेरिस 2024 में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी एथलीट ओलंपिक खेलों के दौरान ओलंपिक गांवों में एथलीट365 हाउस में मतदान करने के पात्र हैं।

## शान मसूद की श्रेणी को डी से बी में किया गया अपग्रेड

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने केंद्रीय अनुबंध सूची में टेस्ट कप्तान शान मसूद की श्रेणी को डी से बी में अपग्रेड करने का फैसला किया है। पीसीबी ने गुरुवार को उक्त जानकारी दी। पीसीबी के एक बयान में कहा गया, यह निर्णय बोर्ड की नीति के अनुरूप किया गया है कि यदि ए या बी श्रेणी से नीचे के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया जाता है, तो



उनके अनुबंध को उनकी कप्तानी के कार्यकाल के लिए श्रेणी बी में अपग्रेड कर दिया जाएगा। 34 वर्षीय शान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र के समापन तक 15 नवंबर 2023 को टेस्ट कप्तान नामित किया गया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 30 टेस्ट मैचों में 1,597 रन बनाए हैं और 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की श्रृंखला में कप्तान के रूप में अपने पहले कार्यभार में पाकिस्तान का नेतृत्व करेंगे। मसूद ने बाबर आजम की जगह पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी संभाली है। पाकिस्तानी टीम इस प्रकार है-: शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम-उल-हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नोमान अली , सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील और शाहीन शाह अफरीदी।

## पेरिस ओलंपिक

## आईओए और नाडा कोर ग्रुप के एथलीटों से करेगी बात

# डोपिंग रोधी नियमों की मिलेगी जानकारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) आने वाले महीनों में अपने मुख्य एथलीटों के समूह के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (एनएडीए) के साथ समन्वय में एक विशेष सेमिनार आयोजित करेगा, जिससे उन्हें डोपिंग रोधी नियमों के बारे में शिक्षित किया जा सके ताकि अगले साल होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले किसी भी उल्लंघन से बचा जा सके। आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा, ₹हम खेलों के दौरान उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ओलंपिक खेलों के लिए जाने वाले एथलीटों को डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं।₹ गुरुवार को एक विज्ञप्ति में 52 वर्षीय खिलाड़ी के हवाले से कहा गया, ₹आईओए ने खेलों की अखंडता को बनाए रखने के लिए सख्त डोपिंग रोधी उपाय किए हैं।



यह पूछे जाने पर कि आईओए खेलों की तैयारी के लिए एथलीटों को कैसे समर्थन देता है, उन्होंने कहा, ह्लखेलों के दौरान अच्छी प्रशिक्षण सुविधाएं और प्रतियोगिता से पहले के समय के साथ-साथ मुख्य खेलों के दौरान एक सुचारू परिवहन प्रणाली होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ₹आईओए यह भी सुनिश्चित करेगा कि खिलाड़ियों के पास चोटों से बचने और स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त खेल विज्ञान बैकअप हो। आईओए अध्यक्ष को उम्मीद है कि सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के पास ओलंपिक खेलों के लिए उचित रोड मैप होगा। ह्लओलंपिक खेलों के लिए तैयारी के महीनों के दौरान तैयारी के सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाना सुनिश्चित करने के लिए उचित योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, सभी एनएसएफ ने अगले साल के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर सह प्रतियोगिता योजना के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया होगा। इससे पहले इस साल अक्टूबर में मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक (आईओसी) सत्र के दौरान, उषा ने आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के साथ भविष्य में भारत में ओलंपिक की मेजबानी की संभावना पर भी चर्चा की थी। उन्होंने कहा, ₹जैसा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी, 2030 में युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की बोली से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर यह एक अच्छी और स्वस्थ चर्चा थी। उषा ने इसे एक सकारात्मक कदम बताया कि कई निजी कंपनियां और राज्य सरकारें खेलों में निवेश कर रही हैं, जिससे देश में खेल विकास को बढ़ावा मिलेगा। ह्लखेलों में अधिक निवेश से पूरे भारत में अच्छा बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित होंगी।

### भारत दौरे पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे: ओली पोप

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा है कि उनकी टीम भारत में अगले साल के बहुप्रतीक्षित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अपनी बैजबॉल रणनीति के तहत ही खेलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है। पोप इंग्लैंड की उस टीम के सदस्य थे जो 2021 में भारत आई थी। चेन्नई में शुरूआती टेस्ट जीतने के बाद रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के दमदार प्रदर्शन के आगे मेहमान टीम सीरीज 3-1 से हार गई।टेलीग्राफ ने पोप के हवाले से कहा, दाएँ हाथ के खिलाड़ी के रूप में दोनों किनारों पर खतरा है। अश्विन शायद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं, वहीं रवींद्र जड़ेजा और अक्षर तेजी से गेंद को बल्ले से दूर घुमा रहे थे। भारत की पिच पर इन गेंदबाजों का सामना करना और उन पर दबाव डालना कठिन है।

## आठ भारतीय मुक्केबाज सेफा में जूनियर बॉक्सिंग में पदक पक्के

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया के येरेवन में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के छठे दिन क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद आठ जूनियर मुक्केबाजों ने पदक पक्के कर लिए। मीका स्पोर्ट्स एरेना में चल रहे टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, सात प्रतिस्पर्धी जूनियर लड़कियों में से छह मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। एशियाई जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप की दो स्वर्ण पदक विजेता परी (50 किग्रा) और निधि (66 किग्रा) ने क्रमशः रोमानिया की मुलर मिकाएला और चीनी ताइपे की काओ चुन ऐ के खिलाफ 5-0 की समान जीत के साथ अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीता। पायल (48 किग्रा) ने आयरलैंड की डोहर्टी लॉरेन पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की, जबकि अमीषा (54 किग्रा) ने सर्वसम्मत निर्णय से जीत के लिए दक्षिण कोरिया की किम



जिया को मात दी। एशियाई जूनियर रजत पदक विजेता नेहा लुन्थी (46 किग्रा) का बेलारूस की हिजौस्काया एनहेलिना ने परीक्षण किया, लेकिन नेहा 4-1 के विभाजित निर्णय से जीत कर उभरीं। दूसरी ओर, प्राची (54 किग्रा) को कजाकिस्तान की सेइटखांकीज़िक पनार के खिलाफ कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पहले राउंड में उन्हें संघर्ष करना पड़ा और अपने प्रतिद्वंद्वी को परखने में उन्हें काफी समय लगा, लेकिन अंतिम दो राउंड में जोरदार वापसी करते हुए 3-2 से विभाजित फैसला सुरक्षित कर लिया। जॉयश्री देवी (60 किग्रा) हारने वाली अकेली भारतीय महिला रहीं, उन्हें रूस की लियोनोवा किरा के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।